माघ शुक्ल पक्ष, पंचमी
विक्रम संवत 2080

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

बुधवार, 14 फरवरी 2024
वर्ष 3, अंक 362, पृष्ठ 16
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 6 रुपये

# अमृत विचार

हल्द्वानी | एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com



पहली बार हुई चपटे आकार के एक्सोप्लैनेट ग्रह की खोज 16
लाहौर 1947 में सनी देओल संग काम करेंगी प्रीति 15




## एक नजर

### तेजस्वी ने माफी मांगी मानहानि का मुकदमा रद

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने राजद नेता तेजस्वी यादव के खिलाफ उनकी विवादास्पद टिप्पणी को लेकर अहमदाबाद की एक अदालत में दायर मानहानि का मुकदमा उनके माफी मांगने के साथ ही रद कर दिया। न्यायमूर्ति अभय एस ओका और न्यायमूर्ति उज्जल भुइयां की पीठ ने मामले में राजद नेता के माफीनामे को स्वीकार करने के बाद उन्हें राहत प्रदान की। तेजस्वी ने पिछले साल मार्च में एक बयान में कहा था कि केवल गुजराती ही ठग हो सकते हैं।

### प. बंगाल में वायुसेना का हॉक विमान दुर्घटनाग्रस्त

**कोलकाता।** भारतीय वायुसेना का हॉक ट्रेनर विमान पश्चिम बंगाल के कलाईकुंडा एयरबेस पर एक नियमित प्रशिक्षण उड़ान के दौरान दुर्घटनाग्रस्त हो गया। विमान में सवार दोनों पायलट सुरक्षित बाहर निकलने में कामयाब रहे। फिलहाल इस दुर्घटना में जानमाल के नुकसान के नुकसान की कोई सूचना नहीं है।

# दिल्ली जाने पर अड़े किसान, शंभू बॉर्डर पर बवाल

## सुरक्षाकर्मियों ने ड्रोन से दागे आंसू गैस के गोले डीएसपी समेत कई पुलिसकर्मी-किसान घायल

**चंडीगढ़, एजेंसी**

हरियाणा पुलिस ने न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) पर कानून बनाने की मांग कर रहे किसानों के दिल्ली कूच करने के बीच अंबाला के पास शंभू बॉर्डर पर पुलिस ने आंसू गैस के गोले छोड़े। यहां किसान बैरिकेडिंग तोड़ने की कोशिश कर रहे थे। इस दौरान अंबाला कैंट के डीएसपी समेत कई पुलिसकर्मी-किसान घायल हो गए। सूत्रों ने बताया कि कुछ किसानों को हिरासत में भी लिया गया है।

अधिकारियों ने बताया कि किसानों के 'दिल्ली चलो' मार्च में शामिल युवाओं के एक समूह ने अंबाला में शंभू सीमा पर लगाए अवरोधक तोड़ने की कोशिश की, जिसके बाद हरियाणा पुलिस ने आंसू गैस के गोले छोड़े। जब कुछ युवाओं ने लोहे के अवरोधक तोड़े और इसे घग्घर नदी पुल से फेंकने की कोशिश की तो पुलिस को आंसू गैस के कई गोले छोड़ने पड़े। उन्होंने बाद में आंसू गैस का गोला गिराने के लिए एक ड्रोन का भी इस्तेमाल किया। किसानों ने फसलों के लिए एमएसपी की कानूनी गारंटी देने समेत अन्य मांगों को लेकर दो केंद्रीय नेताओं के साथ बैठक बेनतीजा रहने के बाद दिल्ली की ओर कूच करने का फैसला किया है।

कई किसानों ने अपने ट्रैक्टर-ट्रॉली के साथ फतेहगढ़ साहिब से सुबह करीब 10 बजे मार्च शुरू किया और वे शंभू सीमा के जरिए दिल्ली की ओर बढ़ रहे हैं। फतेहगढ़ साहिब और शंभू सीमा के बीच दूरी करीब 35-40 किलोमीटर है। किसानों के ट्रैक्टर ट्रॉली काफिले को शंभू सीमा की ओर बढ़ते हुए देखा गया। ट्रॉली में बुजुर्ग, युवा और महिलाओं को बैठे हुए देखा गया। हरियाणा की ओर तैनात सुरक्षाकर्मियों ने पंजाब की ओर से सीमा पर आ रहे युवाओं के एक समूह को शंभू सीमा के समीप अवरोधकों से दूर रहने को भी कहा। हरियाणा में प्राधिकारियों ने कंक्रीट के अवरोधक, लोहे की कीलों और कंटीली तारों का इस्तेमाल कर अंबाला, जींद, फतेहाबाद, कुरुक्षेत्र और सिरसा में कई स्थानों पर पंजाब के साथ राज्य की सीमाओं की किलेबंदी कर दी है।



पंजाब-हरियाणा शंभू बॉर्डर पर पुलिस द्वारा आंसू गैस के गोले दागे जाने के बाद तितर-बितर किसान। ● एजेंसी

## पंजाब और हरियाणा बॉर्डर पर पुलिस ने रबर की गोलियां चलाईं, खनौरी बॉर्डर पर लाठियां भांजी



शंभू बॉर्डर के पास लगाए गए कंक्रीट बैरिकेड को हटाने की कोशिश करते किसान।

### किसानों की हर समस्या के समाधान के लिए सरकार तैयार



**नई दिल्ली।** किसानों के दिल्ली कूच के बीच केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री अर्जुन मुंडा ने कहा कि सरकार किसानों की हर समस्या पर बात करने को तैयार है। मुंडा ने कहा कि कृषि और किसानों की समस्याओं का समाधान सरकार की प्राथमिकता है और इसके लिए लगातार प्रयास चल रहे हैं। उन्होंने कहा कि किसानों के साथ बातचीत चल रही है और सरकार हर मुद्दे पर बात करने के लिए तैयार है। उन्होंने कहा कि जनता को परेशानी में नहीं डालना चाहिए और किसान संगठनों को इसे समझना चाहिए। मुंडा ने कहा कि सरकार बातचीत के लिए तैयार है।



**सरकार बनी तो हम एमएसपी पर कानून बनाएंगे :** कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने मंगलवार को कहा कि केंद्र में इंडिया गठबंधन की सरकार बनते ही विभिन्न फसलों के लिए एमएसपी की गारंटी वाला कानून बनाया जाएगा। उन्होंने कहा कि न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) की देश भर के किसानों की लंबे समय से लंबित मांग है और सत्ता में आने पर सबसे पहले किसानों की इस मांग को पूरा किया जाएगा।

### हाईकोर्ट का हरियाणा, पंजाब और केंद्र को नोटिस

**चंडीगढ़।** पंजाब और हरियाणा हाईकोर्ट ने किसानों के 'दिल्ली चलो' मार्च से संबंधित दायर दो अलग-अलग याचिकाओं पर केंद्र के अलावा हरियाणा और पंजाब राज्यों को नोटिस जारी किए। याचिकाकर्ताओं में से एक ने अदालत से किसानों के विरोध-प्रदर्शन के खिलाफ हरियाणा और पंजाब तथा केंद्र सरकार की सभी 'अवरोधक' कार्रवाइयों पर रोक लगाने का अनुरोध किया है, जबकि दूसरे याचिकाकर्ता ने यह सुनिश्चित करने के लिए निर्देश देने का अनुरोध किया है कि प्रदर्शनकारियों द्वारा कोई राजमार्ग अवरुद्ध न किया जाए, क्योंकि इससे आम जनता का दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। कोर्ट ने सुनवाई की अगली तारीख 15 फरवरी तय की है।

## करोड़ों रुपये की ठगी करने वाला महाराष्ट्र से गिरफ्तार

**ब्यूरो, देहरादून**

- उत्तराखंड व उत्तर प्रदेश सहित कई राज्यों में दर्ज हैं 159 मुकदमे
- म्युचुअल फंड में निवेश का झांसा देकर करते थे ऑनलाइन ठगी

**अमृत विचार :** उत्तराखंड पुलिस की स्पेशल टास्क फोर्स (एसटीएफ) ने एक बड़े हवाला ऑपरेटर को महाबलेश्वर (महाराष्ट्र) से गिरफ्तार किया है। देश के कई राज्यों की पुलिस को इस आरोपी की तलाश थी। गिरफ्तार आरोपी के गिरोह पर देशभर में 159 मुकदमे दर्ज हैं।

यह इस मामले की तीसरी गिरफ्तारी है। इसके पहले एसटीएफ ने केरल और कर्नाटक से दो लोगों को गिरफ्तार किया था। आरोपियों के नाम एक और राष्ट्रीय घोटाले में शामिल है, जिसमें लगभग 21 करोड़ की संदिग्ध राशि का लेन-देन हुआ। एक व्यक्ति ने मुकदमा दर्ज करा कर बताया था कि एक अज्ञात व्यक्ति ने अपना नाम लिसा बताते हुए उसे एक वेबसाइट पर म्युचुअल फंड में धनराशि लगाकर लाभ कमाने का लालच दिया। इसके बाद उसने पीड़ित से 1 करोड रुपये की ऑनलाइन ठगी कर ली। छानबीन के बाद आरोपी यूसुफ मिर्जा खान, निवासी मुंबई को महाराष्ट्र के महाबलेश्वर से गिरफ्तार किया।

## स्वामी प्रसाद ने सपा के राष्ट्रीय महासचिव पद से दिया इस्तीफा



**लखनऊ।** स्वामी प्रसाद मौर्य ने समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव पद से इस्तीफा दे दिया। उन्होंने सपा प्रमुख अखिलेश यादव को संबोधित एक पत्र में न केवल इस्तीफा देने के कारणों की चर्चा की है, बल्कि यह भी स्पष्ट किया है कि उन्होंने केवल पद से इस्तीफा दिया है, पार्टी से नहीं। वह पार्टी को सशक्त बनाने के लिए तत्पर रहेंगे। स्वामी प्रसाद मौर्य ने सपा प्रमुख को लिखे पत्र में जहां स्वयं को विधान परिषद भेजने और राष्ट्रीय महासचिव का पद देने के लिए अखिलेश का आभार जताया, वहीं गंभीर आरोप भी लगाए हैं। सोशल मीडिया पर सामने आए इस पत्र में उन्होंने अपने हिंदू धर्म एवं कर्मकांड को लेकर की गई विवादित टिप्पणियों के कारण भी बताते हुए अपने बयानों को जायज ठहराया है। माना जा रहा है कि स्वामी प्रसाद को अपने राज्यसभा भेजे जाने की उम्मीद थी, न पूरी होने पर इस्तीफा दिया है।

## मोदी पहुंचे यूएई, रुपे कार्ड की शुरुआत की

**आबू धाबी, एजेंसी**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी मंगलवार को यूएई (संयुक्त अरब अमीरात) के दौरे पर पहुंचे। यहां हवाईअड्डे पर यूएई के राष्ट्रपति शेख मोहम्मद बिन जायद अल नाहयान से उनका गर्मजोशी से स्वागत किया। इसके बाद दोनों नेताओं मुलाकात की। इस दौरान दौरान दोनों नेताओं ने यूपीआई रुपे कार्ड सेवा की शुरुआत की। दोनों देशों के बीच कई अहम समझौते भी हुए।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने यूएई और भारत के मजबूत होते संबंधों की चर्चा की। उन्होंने वहां बने मंदिर में मिले सहयोग के लिए आभार व्यक्त करते हुए इसे दोनों देशों के अनोखे संबंधों की शक्ति बताया। प्रधानमंत्री मोदी ने इस मुलाकात का वीडियो अपने एक्स अकाउंट पर भी शेयर किया है।



- राष्ट्रपति मोहम्मद बिन जायद ने की अगवानी, एक-दूसरे को गले लगाकर अभिनंदन किया

प्रधानमंत्री मोदी ने यूएई के राष्ट्रपति शेख मोहम्मद बिन जायद से कहा, "आपका भारत के प्रति जो लगाव है और यूएई के उज्जवल भविष्य के लिए जो विजन है, उसका एक उदाहरण मैं देख रहा हूं- यहां बीएपीएस (बोचासनवासी अक्षर पुरुषोत्तम स्वामीनारायण संस्था) का मंदिर बनना। आपके सहयोग के बिना यह संभव नहीं था। मेरी पहली मुलाकात में मैंने आपसे आग्रह किया की कि जरा आप देख लीजिए और आपने बता दिया कि जगह पर आप उंगली रख दीजिए, आपको जगह मिल जाएगी।"

### प्रगति में साझेदार हैं भारत और यूएई: प्रधानमंत्री मोदी

**अबू धाबी।** भारत और यूएई को 'प्रगति में साझेदार' बताते हुए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मंगलवार को कहा कि दोनों देशों के बीच रिश्ते दुनिया के लिए आदर्श हैं और वे 21वीं सदी के तीसरे दशक में नया इतिहास रच रहे हैं। मोदी ने कहा, 'हमारी साझेदारी सभी क्षेत्रों में मजबूत हो रही है और नई ऊंचाइयों पर पहुंच रही है।' प्रधानमंत्री ने अबू धाबी के जायद स्पोर्ट्स स्टेडियम में 'मोदी मोदी' के नारों के बीच 'अहलन मोदी' कार्यक्रम में शामिल हुए भारतवंशी लोगों का अभिवादन 'नमस्कार' कहकर किया।

## रामलला को मिले छह अंगरक्षक

**अयोध्या, अमृत विचार।** राम मंदिर में विराजमान बाल्य स्वरूप रामलला की सुरक्षा के लिए अब विशेष व्यवस्था भी पूर्ण हो गई है। दर्शन के लिए उमड़ रही श्रद्धालुओं की भारी भीड़ को देखते हुए रामलला की सुरक्षा में छह अंगरक्षक तैनात कर दिए गए हैं। हर वक्त दो अंग रक्षक आठ-आठ घंटे रामलला की सुरक्षा के लिए तैनात रहेंगे। बताया जाता है कि ये अंगरक्षक गर्भगृह और रामलला के श्रृंगार के आभूषण और वस्त्र की निगरानी भी करेंगे। बता दें कि बीते दिनों राम मंदिर स्थाई सुरक्षा समिति की बैठक में श्रद्धालुओं की संख्या को देखते हुए अंगरक्षक नियुक्त किए जाने पर सहमति बनी थी। इसके बाद अब जिला प्रशासन की ओर से रामलला की सुरक्षा को लेकर छह अंगरक्षक प्रदान किए गए हैं।

## दिल्ली में 6 लोस सीटों पर लड़ेगी आप, कांग्रेस को 1 सीट का ऑफर



**नई दिल्ली।** आम आदमी पार्टी (आप) ने मंगलवार को कहा कि दिल्ली में कांग्रेस की लोकसभा और विधानसभा में कोई सीट नहीं है, इसलिए यहां उसकी एक भी सीट नहीं बनती है। फिर भी हम दिल्ली की सात में से एक सीट कांग्रेस को देना चाहते हैं। आप के राष्ट्रीय संयोजक एवं दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की अध्यक्षता में मंगलवार को पीएसी की बैठक में इंडिया गठबंधन के घटक दलों के साथ सीट साझा करने को लेकर मंथन हुआ। 'आप' के राष्ट्रीय महासचिव डॉ. संदीप पाठक ने कहा कि अगर पूरे आंकड़े को देखें तो दिल्ली में कांग्रेस की एक भी लोकसभा सीट नहीं बनती है, लेकिन गठबंधन धर्म और कांग्रेस का सम्मान करते हुए हम दिल्ली में उसे एक सीट ऑफर कर रहे हैं। हमारा यह प्रस्ताव है कि दिल्ली में कांग्रेस एक और 'आप' छह लोकसभा सीट पर चुनाव लड़े।

## कोटा में एक और कोचिंग छात्र ने की आत्महत्या

**कोटा, एजेंसी**

- जेईई परिणाम आने के बाद उठाया कदम बीते 20 दिनों में चौथी घटना

राजस्थान के कोचिंग सिटी कहे जाने वाले कोटा में संयुक्त प्रवेश प्रवेश परीक्षा (जेईई) का परिणाम आने के साथ ही एक और कोचिंग छात्र ने फांसी का फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। बीते 20 दिनों में किसी कोचिंग छात्र के आत्महत्या करने की चौथी घटना है।

जानकारी के अनुसार कोटा में रहकर एक निजी कोचिंग संस्थान से जेईई के लिए कोचिंग कर रहे छत्तीसगढ़ के एक कोचिंग छात्र शुभ कुमार चौधरी ने सोमवार रात किसी समय फांसी का फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली, जिसका पता मंगलवार सुबह लगा। वह पिछले दो साल से कोटा में रहकर जेईई की प्रवेश परीक्षा के लिए महावीर नगर प्रथम के एक हॉस्टल में रहकर निजी शिक्षण संस्थान से कोचिंग कर रहा था। वह कोचिंग करने के अलावा 12वीं का छात्र भी था।

सोमवार रात ही जेईई मेंस की परीक्षा का परिणाम आया था। शुभ कुमार चौधरी के आत्महत्या करने का पता उस समय चला, जब परिणाम आने की जानकारी मिलने के बाद उसके माता-पिता ने उसे मंगलवार की सुबह फोन किया, लेकिन बार-बार फोन करने के बावजूद उसने फोन नहीं उठाया तो उन्होंने उस हॉस्टल के वार्डन को फोन किया, जिसमें वह रह रहा था। हॉस्टल का वार्डन ने शुभ कुमार चौधरी के कमरे में पहुंचा और उसने धक्का देकर दरवाजा खोला तो छात्र फांसी के फंदे से लटका हुआ मिला।

## सोनिया गांधी राजस्थान से होंगी राज्यसभा के लिए उम्मीदवार



**नई दिल्ली/जयपुर।** कांग्रेस संसदीय दल की प्रमुख सोनिया गांधी राज्यसभा चुनाव में राजस्थान से पार्टी की उम्मीदवार होंगी और वह बुधवार को नामांकन पत्र दाखिल करेंगी। पार्टी सूत्रों ने ने बताया कि सोनिया गांधी बुधवार को जयपुर में नामांकन पत्र दाखिल करेंगी। इस मौके पर कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे, पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी और पार्टी के अन्य वरिष्ठ नेता मौजूद रह सकते हैं। कांग्रेस राज्यसभा चुनाव के लिए बहुत जल्द अपने उम्मीदवारों की सूची जारी करेगी। नामांकन पत्र दाखिल करने की आखिरी तिथि 15 फरवरी है। सोनिया गांधी वर्ष 1999 से लगातार लोकसभा सदस्य हैं। यह पहली बार होगा कि वह संसद के उच्च सदन में जाएंगी। कांग्रेस कर्नाटक, तेलंगाना, राजस्थान, मध्य प्रदेश और हिमाचल से राज्यसभा की सीट जीतने की स्थिति में है। राजस्थान कांग्रेस ने पार्टी नेतृत्व से राज्य से सोनिया गांधी को नामित करने का आग्रह किया था।

### निर्वाचन आयुक्तों की नियुक्ति का मामला

## नए कानून पर रोक से कोर्ट का इनकार

**नई दिल्ली, एजेंसी**



सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को मुख्य निर्वाचन आयुक्त (सीईसी) और चुनाव आयुक्तों (ईसी) की नियुक्ति से संबंधित नए कानून के अमल पर रोक लगाने से इनकार कर दिया। नए कानून में मुख्य निर्वाचन आयुक्त और निर्वाचन आयुक्तों की नियुक्ति ऐसी समिति द्वारा किये जाने का प्रावधान है, जिसमें प्रधान न्यायाधीश शामिल नहीं होंगे।

न्यायमूर्ति संजीव खन्ना और न्यायमूर्ति दीपांकर दत्ता की पीठ ने एक गैर-सरकारी संगठन 'एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स' (एडीआर) की ओर से दायर याचिका पर केंद्र को नोटिस जारी किया और इस याचिका को इसी विषय पर लंबित अन्य याचिकाओं के साथ अप्रैल में सुनवाई के लिए सूचीबद्ध किया। याचिका में मुख्य निर्वाचन आयुक्त और अन्य चुनाव आयुक्त (नियुक्ति, सेवा की शर्तें और कार्यालय की अवधि) अधिनियम, 2023 की संवैधानिक वैधता को चुनौती दी गई है। एनजीओ की ओर से पेश वकील प्रशांत भूषण ने कहा कि यह कानून शीर्ष अदालत की संविधान पीठ के उस फैसले के विपरीत है, जिसने निर्देश दिया था कि सीजेआई उस समिति का हिस्सा होंगे, जो सीईसी और ईसी की नियुक्ति करेगा। जब भूषण ने कानून के क्रियान्वयन पर अंतरिम रोक लगाने पर जोर दिया, तो पीठ ने कहा, 'माफ करें, हम आपको इस मामले में अंतरिम राहत नहीं दे सकते।'

## मलिक की तलाश तेज, बिहार तक खोजबीन

**कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी**

- हरियाणा से चुनाव लड़ चुका है, इसलिए वहां खास नजर



**अमृत विचार :** बनभूलपुरा दंगे का मास्टर माइंड बताया जा रहा अब्दुल मलिक अभी तक पुलिस के हत्थे नहीं चढ़ सका है। पिछले चार दिनों से पुलिस उसे राज्य से लेकर दिल्ली और हरियाणा तक तलाश रही है। मलिक को लेकर पुलिस खास नजर हरियाणा पर है। उसकी वजह यह है कि मलिक हरियाणा के फरीदाबाद से लोस चुनाव लड़ चुका है और उसके वहां के कई राजनेताओं से गहरे ताल्लुकात भी हैं। इस बीच पुलिस ने मलिक की तालाशी का दायरा बढ़ा दिया है और बिहार में भी उसे ढूढ़ रही है।

पुलिस की परेशानी यह है कि मलिक मोबाइल पर भी किसी के संपर्क में नहीं है। इस कारण उसकी लोकेशन पकड़ में नहीं आ पा रही है। उसकी आखिरी लोकेशन दिल्ली में ही ट्रेस की गई थी। बताया जा रहा है कि उसने वहां एक वकील से इस प्रॉपर्टी को लेकर केस दायर करने के लिए संपर्क किया था। पुलिस ने दंगे से जुड़े 19 नामजद और 6 हजार अज्ञात दंगाइयों के खिलाफ 6 टीमें बनाईं हैं। एसएसपी प्रह्लाद नारायण मीणा ने इनमें से एक टीम को मलिक की तलाश में ही लगाया हुआ है। पुलिस सूत्रों का कहना कि हरियाणा, दिल्ली, पश्चिमी यूपी के साथ बिहार में भी उसकी तलाश की जा रही है। दिल्ली के मुस्लिम बहुल इलाकों ही नहीं, बल्कि बिहार के किशनगंज, भागलपुर, सीवान, गोपालगंज आदि जिलों में उसके संपर्क तलाशे जा रहे हैं।



हमारी टीम अब्दुल मलिक की तलाश कर रही है। सीडीआर के जरिये भी यह देखा जा रहा है कि वह किन-किन लोगों के संपर्क में था। इसे मामले से जुड़े किसी भी आरोपी को बख्शा नहीं जाएगा। जल्द ही उसकी गिरफ्तारी कर ली जाएगी। **- प्रह्लाद नारायण मीणा**, एसएसपी नैनीताल

# कुमाऊं को 2217 करोड़ रुपये की सड़कों की सौगात

## केंद्रीय मंत्री गडकरी ने 7 राष्ट्रीय राजमार्ग परियोजनाओं का शिलान्यास किया, कहा- विश्व स्तरीय होंगी राज्य की सड़कें

**संवाददाता, टनकपुर**

**अमृत विचारः** केंद्रीय सड़क व परिवहन मंत्री नितिन गडकरी ने कुमाऊं मंडल को 2217 करोड़ रुपये की सड़कों की सौगात दी। उन्होंने मंगलवार को यहां इन योजनाओं का शिलान्यास किया और इस अवसर पर गांधी मैदान में आयोजित जनसभा में कहा कि राज्य में सड़क निर्माण के लिए धन की कमी आड़े नहीं आने दी जाएगी। उन्होंने यह भी कहा कि केंद्रीय सड़क निधि से उत्तराखंड को 300 करोड़ रुपये की अतिरिक्त धनराशि दी जाएगी।



टनकपुर में दीप प्रज्ज्वलित कर विभिन्न सड़क परियोजनाओं का शिलान्यास करते केंद्रीय सड़क परिवहन मंत्री नितिन गडकरी व मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी।

उन्होंने दावा किया कि उत्तराखंड की सड़कें 2024 समाप्ति तक विश्व स्तरीय सड़कों में गिनी जाएंगी। वन भूमि में निर्माण की स्वीकृति के कारण रुकी पड़ी सड़कों के लिए स्वीकृति प्राप्त होते ही 10 हजार करोड़ की धनराशि स्वीकृत कराई जाएगी। गडकरी ने कहा कि इस वर्ष धनराशि को बढ़ाकर 2 लाख करोड़ किया जाएगा। इस अवसर पर मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी और रक्षा एवं पर्यटन राज्य मंत्री अजय भट्ट भी मौजूद रहे।

### इन कार्यों का किया शिलान्यास

- काठगोदाम से नैनीताल मार्ग का 2 लेन पेव्ड शोल्डर सहित चौड़ीकरण का कार्य, लंबाई 33 किलोमीटर, लागत 710 करोड़। कंगारछीना से अल्मोड़ा मार्ग का 2 लेन चौड़ीकरण का कार्य, लंबाई 35 किलोमीटर लागत 451 करोड़। कांडा से बागेश्वर मार्ग का 2 लेन चौड़ीकरण कार्य, लंबाई 20 किलोमीटर, लागत 203 करोड़।
- काशीपुर से रामनगर मार्ग का 4 लेन चौड़ीकरण कार्य, 9, लंबाई 18 किलोमीटर, लागत 495 करोड़।
- उडयारी बैंड से कांडा मार्ग 2 लेन का चौड़ीकरण का कार्य, लंबाई 30 किलोमीटर, लागत 349 करोड़।
- बागेश्वर से सरयू नदी एवं गोमती नदी पर दो पुलों का सुदृणीकरण का कार्य, लागत 5 करोड़।
- राष्ट्रीय राजमार्ग- 109 पर क्षतिग्रस्त दीवारों का निर्माण कार्य, लागत 4 करोड़।

अब 15 किलोमीटर के दायरे में होगा सिर्फ एक सरकारी स्कूल, 27 स्कूलों का होगा विलय

# ...तो रामनगर में बचेंगे केवल सात स्कूल

**नई शिक्षा नीति के तहत प्रदेश में होंगे 559 उत्कृष्ट विद्यालय**

संवाददाता, रामनगर

**अमृत विचार :** नई शिक्षा नीति के तहत अब हर 15 किलोमीटर के दायरे पर एक ही सरकारी स्कूल होगा।

इस लिहाज से शासन ने रामनगर के 27 राजकीय इंटर कॉलेज में से सात विद्यालयों को उत्कृष्ट विद्यालयों के लिए चयनित किया गया है। यानी बाकी राजकीय हाईस्कूल व इंटर कॉलेज इन सात स्कूलों में विलय होंगे। नई शिक्षा नीति के तहत रामनगर में जो विद्यालय उत्कृष्ट विद्यालय घोषित किए गए हैं उनमें राजकीय इंटर कॉलेज रामनगर, बालिका इंटर कॉलेज रामनगर, जीआईसी करनपुर, राइंका ढिकुली व पाटकोट, मालधन चौड़, देवीपुरा शामिल हैं। बताते चलें कि उत्तराखंड देश का पहला राज्य है जहां नई शिक्षा नीति लागू की गई है। अब उत्तराखंड सरकार नए नियमों के तहत पाठ्यक्रम में बदलाव करने में लगी है। सूत्र बताते है कि नई शिक्षा नीति के तहत रामनगर में वर्तमान में चल रहे 27 हाईस्कूल और इंटर मीडियट कॉलेजों में से कुल सात ही स्कूल बचेंगे। इसी तरह प्रदेश में भी कुल 559 ही विद्यालय रहेंगे।

उधर राजकीय शिक्षक संघ के पूर्व मंडलीय मंत्री नवेंदु मठपाल का मानना है कि सरकार को इस योजना को लागू करने के बजाय वर्तमान में चल रहे सभी सरकारी स्कूलों के सुदृढीकरण पर ध्यान देना चाहिए। उन्होंने कहा कि नई शिक्षा नीति के तहत बच्चे स्कूल बस से जाएंगे, लेकिन सड़कों की हालत दुरुस्त नहीं है।

उधर, बीईओ श्याम सिंह बिष्ट कहते है कि फिलहाल तय उत्कृष्ट विद्यालयों को अभी विकसित किया जा रहा है। अभी अन्य विद्यालयों को बंद करने की योजना नहीं है। बाकी शासन के आदेश के अनुसार प्रक्रिया की जाएगी।

## पुरुष कबड्डी टीम के लिए चयन आज

**कालाढूंगी।** जिला स्तरीय कबड्डी टीम के लिए चयन बुधवार को मिनी स्टेडियम हल्द्वानी में होगा।

प्रशिक्षक मनमोहन सिंह बसेड़ा ने बताया कि हरिद्वार में पुरुष वर्ग की 20 से 22 फरवरी तक आयोजित होने वाली राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के लिए नैनीताल टीम का चयन कल हल्द्वानी में मिनी स्टेडियम में प्रातः 11:00 बजे से खिलाड़ियों का ट्रायल शुरू होगा। खिलाड़ियों को अपना आधार कार्ड और स्थायी निवास प्रमाण पत्र अनिवार्य रूप से लाना जरूरी है।

# आत्मनिर्भर बनेंगी किशोरियां

संवाददाता भीमताल



मोटर ड्राइविंग प्रशिक्षण के दौरान मौजूद लोग। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** बाल विकास परियोजना भीमताल के तत्वावधान में बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ के तहत मोटर ड्राइविंग प्रशिक्षण शुरू हो गया है। किशोरियों को आत्मनिर्भर व सशक्त बनाने के उद्देश्य से दिए जा रहे प्रशिक्षण का शुभारंभ क्षेत्र पंचायत सदस्य प्रेम बल्लभ बृजवासी ने किया।

प्रशिक्षण में अमृतपुर सलड़ी, डेहरा, रानीबाग के 25 प्रशिक्षणार्थी प्रशिक्षण ले रहे हैं। कार्यक्रम में बाल विकास परियोजना अधिकारी डॉ. रेनू मत्तोलिया, ग्राम प्रधान अमृतपुर डीके शर्मा, ग्राम प्रधान जंतवाल गांव विपिन जंतवाल, ग्राम प्रधान रानीबाग कलावती देवी, क्षेत्रीय सुपरवाइजर बबली हुसैन, कमला रैक्वाल उपस्थित रहीं।

# अतिक्रमण मुक्त भूमि पर बनेंगे हॉस्टल व आवास

नैनीताल के बीडी पांडे अस्पताल ने 9.10 करोड़ का प्रस्ताव निदेशालय भेजा, सितंबर में हटाया गया था कब्जा

संवाददाता, नैनीताल



इसी भूमि पर हॉस्टल व आवास बनाने की योजना है। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** बीडी पांडे अस्पताल की भूमि से अतिक्रमण हटाने के बाद अब अस्पताल प्रबंधन सुविधा विस्तार की योजना में जुट गया है। अतिक्रमण मुक्त कराई भूमि पर आवास, ट्रांजिट हॉस्टल व औषधि भंडार बनाया जाएगा। इसके लिए 9.10 करोड़ का प्रस्ताव बनाकर स्वास्थ्य निदेशालय भेजा गया है। प्रस्ताव परवान चढ़ा तो चिकित्सकों व अस्पताल कर्मियों को बेहतर आवासों की व्यवस्था मिल पाएगी।

बीडी पांडे अस्पताल में सुविधाओं की कमी के चलते मरीजों को परेशानी उठानी पड़ती है। हाई कोर्ट ने एक पीआईएल पर सुनवाई करते हुए अस्पताल की भूमि पर अतिक्रमण हटाने के निर्देश दिए थे। इसके बाद जिला प्रशासन की ओर से सितंबर में 2.76 एकड़ भूमि से 36 से अधिक अतिक्रमण ध्वस्त कर जमीन को खाली करा दिया गया। अतिक्रमण हटाने के बाद अब अस्पताल प्रबंधन ने खाली भूमि में सुविधा विस्तार की योजना तैयार की है। पीएमएस डॉ. टीके टम्टा ने बताया कि खाली कराई भूमि पर सुविधा विस्तार को 9.10 करोड़ का प्रस्ताव निदेशालय भेजा गया है।

### चिकित्सकों को मिलेगा बेहतर आवास

बीडी पांडे अस्पताल के पीएमएस डॉ. टीके टम्टा ने बताया कि खाली भूमि में चिकित्सकों व अधिकारियों के लिए चार आवास, अस्पताल कर्मियों के लिए ट्रांजिट हॉस्टल व कार पार्किंग बनाने की योजना है। औषधि भंडारण की पर्याप्त व्यवस्थाएं जुटाई जाएंगी। अतिक्रमण मुक्त भूमि पर फिर अतिक्रमण न हो, इसके लिए चाहरदीवारी कराई जाएगी।

### टाउन प्लानर से मांगी है रिपोर्ट

अतिक्रमण मुक्त कराई भूमि में सुविधा युक्त विस्तार का प्रोजेक्ट बनाने के साथ ही अस्पताल प्रबंधन की ओर से जिला विकास प्राधिकरण से क्षेत्र का भूगर्भीय सर्वे कर टाउन प्लानर की रिपोर्ट भी मांगी गई है। प्राधिकरण सचिव पंकज उपाध्याय ने बताया कि विशेषज्ञों से पत्राचार किया गया है। जल्द ही टाउन प्लानर की रिपोर्ट अस्पताल को सौंप दी जाएगी।

## लकड़ी ताल में बनेगी हाइड्रोलिक कार पार्किंग

**पर्यटकों और स्थानीय लोगों को मिलेगा फायदा**

संवाददाता, नैनीताल

**अमृत विचार :** पर्यटन सीजन के दौरान लगने वाले जाम से पर्यटकों और स्थानीय लोगों को निजात दिलाने के लिए लकड़ी ताल क्षेत्र में 220 वाहनों की क्षमता वाले हाइड्रोलिक कार पार्किंग का निर्माण जल्द ही शुरू होगा। कार पार्किंग निर्माण को लेकर शुक्रवार को सचिव जिला विकास प्राधिकरण पंकज उपाध्याय समेत तमाम अधिकारियों के साथ निरीक्षण किया।

हाइड्रोलिक कार पार्किंग निर्माण के बाद नैनीताल आने वाले पर्यटकों समेत स्थानीय लोगों को जाम के झाम से नहीं जूझना पड़ेगा। जानकारी देते हुए जिला विकास प्राधिकरण सचिव पंकज उपाध्याय ने बताया कि जिला विकास प्राधिकरण ने एनएचएआई की कार्यदायी संस्था एनएचआई-डीसीएल को कार पार्किंग निर्माण के लिए डीपीआर बनाने के निर्देश दिए थे।

जिसे कार्यदायी संस्था ने बनाकर प्राधिकरण को दिया है। प्राधिकरण ने डीपीआर को मंजूरी के लिए शासन के पास भेजा है। डीपीआर को मंजूरी मिलते ही नैनीताल में हाइड्रोलिक कार पार्किंग का निर्माण शुरू कर दिया जाएगा। बताते चलें कि नैनीताल में पर्यटन सीजन के दौरान जाम की स्थिति बनती है, जिससे स्थानीय लोगों के साथ ही पर्यटकों को भी काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है।

## शिक्षकों ने समस्याओं पर चिंतन किया

**भीमताल :** प्रदेशीय जूनियर हाईस्कूल शिक्षक संघ जनपद नैनीताल की कार्यकारिणी की बैठक वरिष्ठ उपाध्यक्ष दया किशन की अध्यक्षता में हुई। बैठक में कोटाबाग संयोजक मंडल के गठन के साथ-साथ सभी विकासखंडों का निर्वाचन 15 मार्च तक करवाने का निर्णय लिया गया।

बैठक में मुख्य शिक्षा अधिकारी नैनीताल से जनपद में चयन व प्रोन्नत वेतनमान अद्यतन स्वीकृत न होने पर शिक्षकों ने रोष व्यक्त किया।

अविलंब चयन, प्रोन्नत वेतनमान स्वीकृत करने तथा वरिष्ठता सूची में त्रुटियां होने पर खेद व्यक्त करते हुए संशोधित सूची जारी करने की मांग की गई। इस दौरान विकासखंड रामनगर के अध्यक्ष अशोक कुमार, मंत्री धर्म सिंह, विकासखंड धारी के अध्यक्ष विपिन चंद्र, पूर्व प्रांतीय उपाध्यक्ष आनंद नेगी, पूर्व प्रांतीय महामंत्री मंजू पांडे, मीरा आर्या, अमिता भाकुनी, मोहन सिंह बिष्ट, जिला कोषाध्यक्ष मनोज भंडारी, जिला संयुक्त मंत्री जगमोहन बिष्ट आदि उपस्थित थे।

## तीन खिलाड़ियों को मिला ताइक्वांडो में गोल्ड

संवाददाता, नैनीताल

**अमृत विचार :** बागेश्वर में आयोजित खेलो इंडिया विमेंस ताइक्वांडो लीग राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के दौरान नैनीताल की खिलाड़ियों का शानदार प्रदर्शन रहा। प्रतियोगिता में चयनित खिलाड़ी, आगामी राष्ट्रीय प्रतियोगिता में भाग लेंगे जो 21-23 फरवरी को लखनऊ में आयोजित की जाएगी।

प्रतियोगिता के कैडेट वर्ग में 51 किग्रा भार वर्ग में विशाखा राजपूत ने कांस्य पदक, 55 किग्रा भार वर्ग में कृतिका कफल्टिया ने कांस्य पदक, जूनियर वर्ग में 42 किग्रा भार वर्ग में नियति बेलवान ने रजत पदक, 49 किग्रा भार वर्ग में दीया आर्या ने रजत पदक, 52 किग्रा भार वर्ग में गूंजा बिष्ट ने रजत पदक, 63 किग्रा भार वर्ग में खुशी भट्ट ने स्वर्ण पदक तथा सीनियर वर्ग में 46 किग्रा भार वर्ग में गीतांजलि चंद ने कांस्य पदक, 49 किग्रा भार वर्ग में शिवानी आर्या ने रजत वर्ग, 53 किग्रा भार वर्ग में बीना बसेरा ने रजत पदक, 57 किग्रा भार वर्ग में ममता पलड़िया ने स्वर्ण पदक, 67 किग्रा भार वर्ग में भूमिका जंतवाल ने स्वर्ण पदक तथा पूमसे प्रतियोगिता में किरन ने स्वर्ण पदक प्राप्त किया। प्रतियोगिता महासचिव चन्द्र विजय सिंह बिष्ट, रेफरी ज्योति दुर्गापाल, कोच सोनिया पांडे, शुभम डसीला, विश्वकेतु वैद्य मौजूद रहे।



पदकों के साथ विजेता खिलाड़ी। ● अमृत विचार

## सार-संक्षेप

### रक्तदान शिविर कल

**भीमताल :** मल्लीताल रामलीला मैदान में 15 फरवरी को प्रातः 11 बजे से रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया है। भीमेश्वर महादेव सेवा समिति के तत्वावधान में आयोजित शिविर को सफल बनाने के लिए समिति के अध्यक्ष शरद पांडे, समिति फाउंडर सुनीता पांडे ने सभी सदस्यों ने जनता से इस शिविर में बढ़-चढ़ कर हिस्सा लेने की अपील की है।

### कालाढूंगी के पारस ने पास की यूसैट की परीक्षा



**कालाढूंगी :** कोटाबाग के ग्राम विदरामपुर चकलुवा निवासी पारस मेहता ने उत्तराखंड राज्य पात्रता यू-सैट की परीक्षा उत्तीर्ण कर क्षेत्र का नाम रोशन किया है। पारस ने मैनेजमेंट में 228 अंक प्राप्त किए हैं। इससे पहले 2024 में देहरादून में एमबीए टॉप करने पर राज्यपाल गुरमीत सिंह ने गोल्ड मेडल देकर सम्मानित किया था। ब्लॉक प्रमुख रवि कन्याल ने पारस को बधाई दी है।

### कुमाऊंवाणी सूपी में मनाया गया विश्व रेडियो दिवस



कुमाऊंवाणी में विश्व रेडियो दिवस पर मौजूद लोग। ● अमृत विचार

**भीमताल :** कुमाऊंवाणी सूपी में विश्व रेडियो दिवस मनाया गया। रेडियो मैनेजर मोहन कार्की ने बताया इस बार मतदाताओं की जानकारी बढ़ाने के उद्देश्य से लाइव कार्यक्रम प्रसारित किया गया। इस अवसर पर खंड शिक्षा अधिकारी रामगढ़ गीतिका जोशी, मोहन सिंह कार्की, नारायण सिंह, जितेंद्र सिंह रैकवाल, कविता बिष्ट, प्रवीण शर्मा आदि मौजूद थे।

### ढेला के दो बच्चों का इंस्पायर अवार्ड के लिए चयन





**रामनगर :** राजकीय इंटर कॉलेज ढेला के दो बच्चों राजफुलारा व आदित्य बोरा का इंस्पायर अवार्ड के लिए चयन हुआ है। इन बच्चों में राज फुलारा ने घर में गैस खुली रहने पर सेंसर की आवाज देने और आदित्य बोरा ने सोलर फेंसिंग में सेंसर सिस्टम पर अपनी प्रोजेक्ट परिकल्पना जमा की थी। अब इन बच्चों को परिकल्पना पर प्रोजेक्ट जमा करने के साथ दस हजार रुपये मिलेंगे। बच्चों की इस उपलब्धि पर खंड शिक्षा अधिकारी श्याम सिंह बिष्ट, जिला समन्वयक डॉ. हिमांशु पांडे, प्रधानाचार्य राम यादव, उषा पंवार, नवेंदु मठपाल, मनोज जोशी, सीपी खाती, बालकृष्ण चंद, सुभाष गोला ने खुशी जाहिर की है।

### तल्लीताल में सीवर लाइन चोक, झील हो रही प्रदूषित



**भीमताल :** नगर पंचायत क्षेत्र के अंतर्गत तल्लीताल क्षेत्र में लंबे समय से सीवर लाइन चोक है। स्थानीय जनता ने अवगत कराया कि इस संदर्भ में कई बार विभाग को सूचना देने के बाद भी इसको जल संस्थान द्वारा नहीं खोला जा रहा है। जबकि सीवर का गंदा पानी लगातार झील में गिर रहा है। स्थानीय सामाजिक कार्यकर्ता पूरन बृजवासी ने स्थानीय लोगों की मांग पर एक बार फिर से जल संस्थान के अधिकारियों से सीवर लाइन को खोलने की मांग की है।

## दिल्ली में आरोही संस्था को मिला सम्मान



सम्मान ग्रहण करते अधिशासी निदेशक डॉ. पंकज तिवारी। ● अमृत विचार

संवाददाता भीमताल

**अमृत विचार :** रामगढ़ क्षेत्र के सतोली स्थित आरोही संस्था को महिला सशक्तिकरण एवं सीमान्त समुदाय को धरातल पर बेहतर सेवाएं प्रदान करने के लिए सम्मानित किया गया है।

पीएडी फैमली वेलफेयर फाउंडेशन दिल्ली ने महिला सशक्तिकरण एवं सीमान्त समुदाय को धरातल पर बेहतर सेवाएं प्रदान करने के लिए आरोही संस्था को राष्ट्रीय अस्तित्व सम्मान से सम्मानित किया। 9वें राष्ट्रीय अस्तित्व सम्मान समारोह में आरोही संस्था के अध्यक्ष डॉ. (कर्नल) सीएस पंत, वीएसएम अधिशासी निदेशक डॉ. पंकज तिवारी, स्वाति पंत, निधि व्यास, चन्द्रकला बिष्ट, चित्रा मेहरा ने उपस्थित होकर सम्मान प्रतीक चिह्न प्राप्त किया।

## सुख-समृद्धि, आनंद देती है शिव महापुराण कथा



श्रद्धालुओं को कथा सुनाते व्यासाचार्य। ● अमृत विचार

संवाददाता, हल्दूचौड़

**अमृत विचार :** शिव महापुराण की कथा मानव जाति को सुख, समृद्धि, आनंद देने वाली है।

क्योंकि भगवान शिव कल्याण और सुख के मूल स्रोत हैं। यह बात यहां हनुमान मंदिर दुम्काबंगर में चल रही श्रीमद् शिव महापुराण कथा में व्यास वेदाचार्य सतीश चंद्र लोहनी ने प्रवचन के दौरान कही। उन्होंने कहा कि शिव महापुराण कथा सुनने मात्र से ही वंश में वृद्धि होती है। महापुराण कल्प वृक्ष के समान है, जो इसे जिस कामना के साथ सुनता, वह कामना पूरी होती है। इस मौके पर मंदिर कमेटी के संरक्षक उमेश कबडवाल, हेमवती नंदन दुर्गापाल, दया बमेटा, मुकेश दुम्का, त्रिलोचन कपिल, बालादत्त दुम्का, मनोज कोठरी, पानदेव कबड़वाल, खीमानंद तिवारी, कमलेश बमेटा, गुड्डु बमेटा, नवीन बमेटा, पूरन तिवारी, चंद्र बल्लभ खोलिया आदि मौजूद रहे।



# थाना फूंकने वाले तीन और दंगाई असलहों समेत गिरफ्तार

## कुल 7 दंगाई गिरफ्तार, 2 तमंचे, 6 कारतूस और दो खोखे बरामद, अब तक 37 दंगाइयों को पुलिस ने भेजा जेल, 41 लाइसेंसी असलहे जमा किए

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** ताबड़तोड़ दबिशों के बीच पुलिस ने बनभूलपुरा थाना फूंकने वाले तीन और दंगाइयों समेत कुल 7 लोगों को गिरफ्तार कर लिया है। दंगाइयों के पास से पुलिस को अवैध असलहे और कारतूस बरामद किए गए हैं। इस मामले में पुलिस अब तक 37 लोगों को जेल भेज चुकी है। इसके साथ जिनके लाइसेंस निरस्त किए गए थे, उनमें से 41 लाइसेंसी असलहे पुलिस जमा कर चुकी है।

कोतवाली सभागार में मामले का खुलासा करते हुए एसएसपी प्रह्लाद नारायण मीणा ने बताया कि 8 फरवरी को बनभूलपुरा में अतिक्रमण हटाने के दौरान दंगाइयों ने पुलिस, प्रशासन, नगर निगम और मीडिया कर्मियों पर पथराव, आगजनी व गोलीबारी की थी। इस मामले में तीन मुकदमे दर्ज किए गए थे। पुलिस टीमों ने घटनास्थलों के पास के सीसीटीवी और अन्य साक्ष्यों के आधार पर घटनास्थलों के आसपास घरों में दबिश दी।

इस दौरान बनभूलपुरा थाना फूंकने की घटना में शामिल लाइन नंबर 8 बनभूलपुरा निवासी 29 वर्षीय शोएब पुत्र बब्बू खां, वार्ड 24 बनभूलपुरा निवासी 28 वर्षीय भोला उर्फ सोहेल पुत्र मो. ताहिर के अलावा वार्ड 15 जवाहरनगर बनभूलपुरा निवासी 21 वर्षीय समीर पाशा पुत्र शमीम पाशा को 12 बोर के एक तमंचे, 3 कारतूस और 2 खोखे के साथ गिरफ्तार किया। जबकि मुखानी थाने की ओर से दर्ज मुकदमों में ताज मस्जिद बनभूलपुरा निवासी जुनैद उर्फ इब्राहिम पुत्र मो. असगर उर्फ सूफी को 315 बोर के एक तमंचे और 3 कारतूस के साथ पकड़ा।

तीसरे मुकदमे में पुलिस ने मलिक का बगीचा बनभूलपुरा निवासी 19 वर्षीय साहिल अंसारी पुत्र मतलूब अंसारी और 26 वर्षीय इंद्रानगर ठोकर बनभूलपुरा निवासी शहनवाज उर्फ शानू पुत्र सरफराज, अब्बू तस्लीम पुत्र मोहम्मद इब्राहिम निवासी लाइन नंबर10 को गिरफ्तार किया है। एसएसपी ने बताया तीनों मुकदमों में अब 37 दंगाइयों से अवैध हथियार व कारतूस बरामद किए जा चुके हैं। बनभूलपुरा में शस्त्र लाइसेंस निरस्त किए जाने के अब तक 41 शस्त्र जमा कराए हैं।



पुलिस ने निलंबित किए लाइसेंस के शस्त्रों को जमा किया। ● अमृत विचार




मलिक का बगीचा में अस्थायी देखरेख पुलिस चौकी के शुभारंभ पर डॉ. डीआईजी योगेंद्र रावत, एसएसपी पीएन मीणा, एसपी हरबंस सिंह व अन्य। ● अमृत विचार

## नहर में डूबकर चार वर्षीय बच्ची की मौत

**हल्द्वानी:** घर के आंगन में खेल रही बच्ची खेलते-खेलते आनंदपुर की नहर में गिर गई। बच्ची तीन किलोमीटर दूर नहर में मिली, लेकिन तब तक उसकी मौत हो चुकी थी। एसटीएच में चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया।

गन्ना सेंटर चौकी इंचार्ज त्रिभुवन और ग्रामीण रवि पडियार ने बताया कि बहेड़ी निवासी सुरेश मौर्य देवलचौड़ बंदोबस्ती में परिवार के साथ किराए में रहते हैं। वे यहां किसी के खेत में मजदूरी करते हैं। कहा कि सोमवार करीब दो बजे उनकी बेटी दिव्यांशी (चार वर्ष) घर के आंगन में खेल रही थी। सामने आनंदपुर को जाने वाली नहर में पानी बह रहा था। दिव्यांशी खेलते-खेलते नहर में गिर गई। जब डेढ़ घंटे तक वह नहीं मिली तो ग्रामीणों ने नहर का पानी रूकवाया। उसकी खोजबीन की तो वह तीन किलोमीटर दूर आनंदपुर में मिली।

### एक नजर

## उक्रांद ने 14 साल पहले दी थी कब्जे की जानकारी

**हल्द्वानी :** उत्तराखंड क्रांति दल के केंद्रीय महामंत्री सुशील उनियाल ने बयान जारी कर कहा कि 14 साल पूर्व संगठन ने जिला प्रशासन को ज्ञापन देकर इंदिरा नगर में भूमाफियाओं के सरकारी जमीन को खुर्द-बुर्द करने की जानकारी दी थी। प्रशासन ने उस समय कोई गंभीरता नहीं दिखाई। जिसका खामियाजा आमजन को भुगतना पड़ रहा है। उन्होंने बताया कि इस बाबत पहला ज्ञापन 28 जनवरी और दूसरा 1 मई 2010 को दिया था। इसके लिए भाजपा व कांग्रेस दोनों जिम्मेदार है।

# अब मलिक का बगीचा बना पुलिस का बगीचा, बनी चौकी

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** मलिक का बगीचा की जिस नजूल भूमि पर अब्दुल मलिक ने अवैध तरीके से मदरसा और धार्मिक स्थल बना दिया था, उसे पुलिस ने भारी हिंसा के बावजूद ढहा दिया। अब इस जमीन पर पुलिस ने बनभूलपुरा थाना की देख-रेख चौकी खोल दी है। इस देख-रेख चौकी को अब 'पुलिस का बगीचा' नाम से पुकारा जा रहा है।

बड़ी बात यह है कि डीआईजी योगेंद्र रावत, एससपी प्रह्लाद नारायण मीणा और एसपी सिटी हरबंस सिंह की मौजूदगी के बावजूद उन दो महिला दरोगा से चौकी का फीता कटवाया, जो हिंसा में घायल हुईं थी। एसएसपी ने बताया, मुख्यमंत्री ने नया पुलिस थाना खोलने की थी घोषणा थी। घोषणा के 24 घंटे के भीतर देख-रेख चौकी खोल दी गई है। चौकी में एक एसआई और 4 कांसटेबल की तैनाती भी कर दी गई है। सुरक्षा के लिहाज से मौके पर पीएसी व पैरामिलेट्री बल भी तैनात कर दिया गया है। इसके अलावा उक्त स्थल पर थाने के निर्माण के लिए प्रस्ताव शासन में भेजा जा रहा है। भविष्य में सभी राजकीय कार्य उक्त चौकी से ही किए जाएंगे।

### कार्रवाई

- दंगे में घायल दो महिला दरोगाओं से कटवाया गया फीता
- एसएसपी बोले, थाना निर्माण के लिए भेजा जा रहा प्रस्ताव

# बाहर लटके थे ताले, अंदर रह रहे थे लोग, हिरासत में

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** पैरामिलिट्री की निगेहबानी में पुलिस का सर्च अभियान बनभूलपुरा में चौथे दिन भी जारी है। लोगों ने घरों के बाहर ताले लगाकर खुद को अंदर कैद कर लिया। ऐसे लोगों को छतों तक सीढ़ियां लगाकर पकड़ा।

पुलिस ने दंगे के दिन ही अधिकांश घरों को चिह्नित कर लिया था। इसके बाद मंगलवार को सर्च अभियान चला। पुलिस को कुछ घरों में ताले लटके दिख रहे थे। माना जा रहा था कि वे भाग चुके हैं। मंगलवार को पुलिस ने इन घरों पर सीढ़ियां लगा दीं। पुलिस जब छतों के रास्ते घर के अंदर पहुंची तो वहां परिवार के परिवार मौजूद थे। पुलिस ने ऐसे करीब 40 लोगों को हिरासत में लिया है। उनका फोटो और वीडियो से मिलान किया जा रहा है। कुछ घरों में जहां, पुलिस छतों के रास्ते दाखिल नहीं हो सकी, वहां का ताला तोड़ कर अंदर घुसी और इन घरों में भी संदिग्ध मिले। फिलहाल इन सभी से पुलिस अस्थाई जेल में पूछताछ कर रही है।



गांधी नगर में घायल कर्मी का हाल जानते विधायक सुमित हृदयेश। ● अमृत विचार

# विधायक ने जाना दंगे में घायल कर्मियों का हाल

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** विधायक सुमित हृदयेश ने बीती 8 फरवरी को बनभूलपुरा दंगे में घायल हुए नगर निगम कर्मचारियों का हालचाल जाना। उन्होंने सभी घायलों के स्वास्थ्य लाभ की कामना की।

विधायक सुमित ने कहा कि आजादी से लेकर 7 फरवरी तक हल्द्वानी में कभी भी ऐसी घटना नहीं हुई है। यहां हमेशा अमन चैन और एकता का माहौल है। कांग्रेस अहिंसा में विश्वास रखने वाला राजनैतिक दल है। इस प्रकरण में जो भी दोषी हैं उनके खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जानी चाहिए। साथ ही इस प्रकरण की हाईकोर्ट के सिटिंग जज की निगरानी में निष्पक्ष जांच होनी चाहिए। इस दौरान राहत मसीह, राधा आर्या, विक्रम रंधावा, हेमंत साहू मौजूद रहे।

## छात्रों को परीक्षा देने में छूट की मांग

**हल्द्वानी :** बनभूलपुरा में हिंसक घटना के बाद पिछले कई दिनों से कर्फ्यू लगा है, जिससे यहां के छात्र न स्कूल जा पा रहे न ही परीक्षा दे पा रहे हैं। कुमाऊं विश्वविद्यालय नैनीताल ने आगामी 15 फरवरी से बीए एलएलबी व एलएलबी की परीक्षा की तिथि घोषित कर दी है।

छात्रों को परीक्षा देने में कोई परेशानी न हो, इसके लिए कुमाऊं विवि के वीसी प्रो. डीएस रावत का कहना है कि प्रशासन को पत्र भेजा गया है, छात्र अपना आई-कार्ड या प्रवेश-पत्र आदि दिखाकर परीक्षा देने जा सकेंगे। उन्होंने बताया कि परीक्षा तिथियों में कोई विलंब न हो, इस संबंध में डीएम को पत्र भेजा है। इधर, वासुदेव कॉलेज ऑफ लॉ के परीक्षा नियंत्रक डॉ. चन्द्रशेखर जोशी ने भी कुमाऊं विवि के परीक्षा नियंत्रक को बनभूलपुरा के कानून के विद्यार्थियों के लिए एडवाइजरी जारी करने की मांग की है।

# असलहों की होगी फॉरेंसिक जांच, जख्मों से होगा मिलान

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार:** बनभूलपुरा थाना क्षेत्र के अब तक 41 लाइसेंसी शस्त्र जमा कराए जा चुके हैं। इन सभी शस्त्रों की फॉरेंसिक जांच कराई जाएगी। यह देखा जाएगा कि जिन लोगों की गोली लगने से मौत हुई है, कहीं ये गोली इन्हीं असलहों से तो नहीं चलाई गई थी। यदि ऐसा हुआ तो संबंधित लाइसेंसी शस्त्रधारक को भी गिरफ्तार किया जाएगा और उसके खिलाफ हत्या समेत अन्य धाराओं में मुकदमा दर्ज किया जाएगा।

एसएसपी ने स्पष्ट कर दिया है कि दंगे में शामिल लोगों को इसकी भारी कीमत चुकानी होगी और इसकी शुरुआत दंगाइयों के मकानों से होगी। उन्होंने यह भी साफ कर दिया है कि बख्शा उन्हें भी नहीं जाएगा, जो इन दंगाइयों के मददगार हैं। वो पुलिस के रडार पर पहले हैं, जो दंगे के बाद घर छोड़ कर फरार हो गए हैं। बता दें कि दंगे में शामिल 19 लोगों के नाम पुलिस के पास हैं और 17 लोगों को चिह्नित कर गिरफ्तार किया जा चुका है, लेकिन इस मामले में 6 हजार के करीब अज्ञात दंगाई हैं। कोतवाली सभागार में एसएसपी प्रह्लाद नारायण मीणा ने कहा, हर दंगाई को इस दंगे की भारी कीमत चुकानी होगी। कानूनी तरीके से इन पर कार्रवाई होगी। अधिकांश दंगाइयों के घरों को चिह्निकरण कर लिया गया है और अब इनके दस्तावेज खंगालने शुरू कर दिए गए हैं। उन घरों को भी जांचा जा रहा है, जिन पर ताले लगे हैं। वसूली के लिए इनकी संपत्तियां भी कुर्क की जाएंगी।



कोतवाली स्थित बहुउद्देशीय भवन में पत्रकारों से वार्ता करते एसएसपी प्रहलाद नारायण मीणा। ● अमृत विचार

### जंगल में गुजार रहे थे रात, सोते हुए पकड़े गए

**हल्द्वानी :** घटना की रात ही तमाम दंगाई बनभूलपुरा छोड़कर फरार हो गए थे। भागने का यह सिलसिला तीन दिनों तक जारी रहा। सख्ती होने के बाद कई लोग जंगलों में छिप गए। बताया जा रहा है कि मंगलवार सुबह पुलिस ने गौला पुल पार जंगल में सर्च अभियान चलाया तो तीन लोगों को यहां से सोते पकड़ा गया। ये सभी अपने घरों से कंबल लेकर निकले थे और पुलिस सख्ती की वजह से शहर छोड़कर फरार नहीं हो पाए।

### कोर्ट से मिले पुलिस को गिरफ्तारी के आर्डर

**हल्द्वानी :** एसएसपी ने बताया कि नामजद लोगों में से 6 आरोपियों की गिरफ्तारी की जा चुकी है। अभी मास्टर माइंड अब्दुल मलिक समेत बाकी बचे 13 लोगों की गिरफ्तारी होनी बाकी है। इन सभी की गिरफ्तारी के लिए न्यायालय से ऑर्डर मिल चुका है। टीमों को इन सभी की जल्द से जल्द गिरफ्तारी के निर्देश दे दिए हैं। इसके अलावा अज्ञातों की शिनाख्त परेड तेजी से कराई जा रही है। वीडियो, फोटो व सीसीटीवी से इनकी पहचान की जा रही है।

# बनभूलपुरावासियों के मानवाधिकारों की सुरक्षा को बनाई विशेष समिति

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** डीएम वंदना सिंह ने बताया कि बीती 8 फरवरी को बनभूलपुरा में दंगा होने से कर्फ्यू प्रभावी है। कर्फ्यूग्रस्त क्षेत्र में आवश्यक वस्तुओं व आवश्यक सेवाओं की आपूर्ति की जा रही है। इस दौरान पुलिस फोर्स की ओर से कोई भी ऐसा व्यवहार तो नहीं किया जा रहा है जोकि मानवीय हितों को प्रभावित कर रहा हो। इसके लिए आठ सदस्यीय समिति का गठन किया गया है। उन्होंने कहा कि यह समिति प्रतिदिन कर्फ्यूग्रस्त का निरीक्षण करेंगे और सुनिश्चित करेंगे कि यहां आवश्यक वस्तुओं व सेवाओं की आपूर्ति हो रही हो। साथ ही किसी भी नागरिक के साथ दुर्व्यवहार नहीं हो रहा है। बाद में यह समिति डीएम को भी रिपोर्ट सौंपेगी।

### आठ सदस्यीय कमेटी में ये हैं शामिल

अपर जिलाधिकारी प्रशासन, एसएसपी की ओर से नामित पुलिस अधीक्षक, नगर आयुक्त, जिला शासकीय अधिवक्ता (फौजदारी), अपर मुख्य चिकित्साधिकारी, जिला समाज कल्याण अधिकारी, जिला पूर्ति अधिकारी, जिला कार्यक्रम अधिकारी




बनभूलपुरा स्थित ताज चौराहे पर लगाई गई फोर्स में तैनात एसएसबी और पुलिस के जवान। ● अमृत विचार

# बैकफुट पर व्यापार मंडल दंगाइयों पर कार्रवाई की मांग

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** बाजार में मुस्लिम व्यापारियों की दुकानों को खोलने की मांग करने वाला व्यापार मंडल बैकफुट पर आ गया है। मंगलवार को संगठन के पदाधिकारियों ने माफी मांगते हुए दंगा पीड़ित प्रशासन और पत्रकारों के प्रति सहानुभूति जताई है।

प्रांतीय उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल उत्तराखंड के प्रदेश अध्यक्ष ने बीते सोमवार को सिटी मजिस्ट्रेट को ज्ञापन देकर मुस्लिम समुदाय के व्यापारियों की दुकानों को प्रमाणिकता के साथ खोलने की मांग की थी। इसकी भनक जब अन्य सामाजिक संगठनों को लगी तो विरोध शुरू हो गया। मामले में मंगलवार को संगठन ने प्रेस विज्ञप्ति जारी करते हुए कहा कि मांग के पीछे किसी को ठेस पहुंचाने का मकसद नहीं था। सिर्फ सालग के समय जिन लोगों ने कपड़े, ज्वैलरी व अन्य सामान बुक कराया था उन्हें राहत देने के लिए था। लेकिन इसे गलत रूप से प्रचारित किया गया जो गलत है। व्यापार मंडल उपद्रवियों के बचाव में नहीं है। संगठन दंगा पीड़ितों के प्रति सहानुभूति रखता है। किसी भी दंगाई को बख्शा नहीं जाना चाहिए।

### ज्ञापन

- बाजार में मुस्लिम व्यापारियों की दुकानों को खोलने की थी मांग
- अब सिटी मजिस्ट्रेट से घायलों की मदद के लिए की मांग

### घायलों को उचित मुआवजा देने की मांग

**हल्द्वानी, अमृत विचार :** प्रांतीय उद्योग व्यापार मंडल ने बनभूलपुरा में हुई हिंसा में घायल पुलिस कर्मियों, निगम कर्मचारियों व पत्रकारों को उचित मुआवजा देने की मांग की है। महानगर अध्यक्ष योगेश शर्मा, महामंत्री मनोज जायसवाल ने सिटी मजिस्ट्रेट के माध्यम से मुख्यमंत्री को ज्ञापन भेजकर कहा कि गंभीर घायलों को पांच लाख व अन्य घायलों को 2-2 लाख रुपये का मुआवजा दिया जाएगा। उन्होंने हिंसा के दोषियों के खिलाफ भी कठोर कार्रवाई की मांग की। ज्ञापन देने वालों में प्रचार मंत्री संदीप सक्सेना, निवर्तमान पार्षद राजेंद्र अग्रवाल मुन्ना, मंत्री पवन सागर, हरीश रावत, विजयगुप्ता भी शामिल रहे।

# दंगाइयों ने बेटे के सामने ही पिता को मारी गोली

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** बनभूलपुरा दंगे में छठी मौत हो गई। बेटे के सामने ही दंगाइयों ने उसके पिता के सिर में गोली मार दी। वह पिछले चार दिन से सुशीला तिवारी राजकीय चिकित्सालय में भर्ती था। सोमवार को उसकी मौत हो गई। मंगलवार को प्रशानिक अधिकारियों की मौजूदगी में पोस्टमार्टम कर शव परिजनों के सुपुर्द किया गया।

गफूर बस्ती वार्ड 24 किदवईनगर बनभूलपुरा निवासी मो. इसरार (53) पुत्र इकबाल अहमद छोटा हाथी चालक था। वह यहां पत्नी नसीमा, बच्चे गुलसफा, हिना, सुहैल, अमन, अलीशा और इल्मा के साथ रहते थे। छोटे बेटे अमन ने बताया कि जब इलाके में दंगा भड़का तो उन्होंने पिता को फोन कर घर आने के लिए कहा। पिता रेलवे लाइन पार छोटा हाथी खड़ा किया और फोन कर अपने पहुंचने की जानकारी दी। जिस पर अमन घर से उन्हें लेने निकल पड़ा। घर से कुछ ही दूर उसे पिता आते दिखाई दिए। वह पिता के नजदीक ही पहुंचा था कि एक गोली चली और इसरार के सिर में लग गई। लहूलुहान इसरार वहीं गिर गया। गोली सिर के पीछे लगी थी। आनन-फानन में उन्हें पहले बेस और फिर एक निजी अस्पताल ले जाया गया। जहां से उन्हें एसटीएच रेफर कर दिया गया। मंगलवार को उनकी मौत हो गई। अमन का कहना है कि उसके सामने पिता को गोली लगी, लेकिन किसने चलाई उसने नहीं देखा। माना जा रहा है कि दंगाइयों की गोली से इसरार की मौत हुई। फिलहाल, पुलिस मामले की जांच कर रही है। नायब तहसीलदार युगल किशोर पांडे ने पोस्टमार्टम हाउस पहुंच कर शव का पंचनामा भरा। जिसके बाद शव का पोस्टमार्टम कराया गया।



मृतक इसरार के बेटे अमन से पूछताछ करते नायब तहसीलदार युगल किशोर पांडे।

### अपराध

- बनभूलपुरा दंगे में हुई छठी मौत, एसटीएच में था भर्ती
- 8 फरवरी की रात घर के पास मारी थी दंगाइयों ने गोली

## बनभूलपुरा में आवश्यक वस्तुएं बांटी गईं

**हल्द्वानी :** सिटी मजिस्ट्रेट ऋचा सिंह व जोनल मजिस्ट्रेट एपी वाजपेयी ने बताया कि कर्फ्यूग्रस्त बनभूलपुरा में आवश्यक सेवाओं की पूर्ति की जा रही है।

मंगलवार को पांच किलो आटे के 250 बैग, 500 मिली की 300 बोतल, 300 क्रेट अंडा, ब्रेड 400 पैकेट, मसाला 40 किलो, सब्जी-फल 2 पिकअप, 612 रसोई गैस सिलेंडर, 5600 लीटर दूध, 200 किलो दही वितरित किया गया। उन्होंने बताया कि बनभूलपुरा स्वास्थ्य केंद्र में 84 मरीजों ओपीडी हुई।

### रोडवेज परिसर के भीतर 150 मीटर लंबी सड़क सालों से खस्ताहाल, पीडब्ल्यूडी व नगर निगम में से कोई भी इसे अपनाने को नहीं तैयार

# एक 'लावारिस' सड़क, जिसे विभाग अपनी बताने से कर रहे इनकार

संवाददाता, हल्द्वानी


हल्द्वानी बस स्टेशन की खस्ताहाल सड़क। ● अमृत विचार

**अमृत विचार:** शहर में एक ऐसी सड़क है, जिसे विभाग अपना बताने से इनकार कर रहे हैं, इसलिए लोग इसे 'लावारिस' सड़क तक कहने लगे हैं।

नैनीताल रोड पर रोडवेज स्टेशन को जाने वाली 150-200 मीटर लंबी सड़क पर रोडवेज की सैकड़ों बसें व हजारों यात्री रोजाना आते-जाते हैं, लेकिन सड़क जगह-जगह से टूट गई है, जिससे ड्राइवरों को गाड़ी चलाने व यात्रियों को चलने में असुविधा हो रही है। रोडवेज अधिकारियों के मुताबिक, सड़क पर जगह-जगह गड्ढे पड़ने से कई बार दुर्घटनाएं हो चुकी हैं।

इधर, सड़क को नगर निगम व पीडब्लूडी अपना बताने से इनकार कर रहे हैं। सड़क की मरम्मत के लिए जब रोडवेज प्रशासन ने पीडब्लूडी व नगर निगम को पत्र लिखा तो दोनों विभागों ने महीनों तक पत्र का जवाब तक नहीं दिया। इसके बाद रोडवेज प्रशासन ने फोन से संपर्क किया तो दोनों विभागों ने इसे अपनी सड़क मानने से ही इनकार कर दिया।

> सड़क की हालत खराब व प्रतिदिन दुर्घटनाओं का सबब बनी हुई है। सड़क की मरम्मत के लिए नगर निगम व पीडब्लूडी को पत्र लिखे लेकिन जवाब नहीं मिला।– **सुरेंद्र सिंह बिष्ट**, एआरएम, हल्द्वानी डिपो

रोडवेज के अधिकारियों ने बताया कि 6-7 साल पहले नगर निगम ने इस सड़क पर डामरीकरण किया लेकिन अब वह इसे अपनी नहीं मान रहा, जबकि पीडब्लूडी के अधिकारियों का कहना है कि शहर की मुख्य मार्ग की सड़कें ही उसके अधीन आती हैं।

इधर, विभागों के बीच उलझी सड़क बदहाल पड़ी हुई है व आए दिन दुर्घटनाओं को दावत दे रही है। यदि सड़क बोल सकती तो बरबस ही उसके मुंह से यही निकलता कि गाड़ियों व लोगों का बोझ उठाते-उठाते उसकी पीठ छिल गई है, अब तो मेरी पीठ की मरम्मत करा दो।

## सार-संक्षेप


पशुओं की जांच के लिए लगाए गए शिविर में मौजूद अधिकारी। ● अमृत विचार

### बनभूलपुरा में वृहद पशु चिकित्सा शिविर लगा

**हल्द्वानी :** जिला प्रशासन, मुख्य पशु चिकित्साधिकारी के दिशा निर्देशन नैनीताल व वरिष्ठ पशु चिकित्साधिकारी हल्द्वानी के नेतृत्व में कर्फ्यू ग्रस्त क्षेत्र बनभूलपुरा में वृहद पशु चिकित्सा शिविर आयोजित किया गया, जिसमें 30 छोटे व 14 बड़े पशुओं की चिकित्सा व 17 फीड ब्लॉक का वितरण किया गया। इसमें 1962 की टीम, सचल भीमताल का सहयोग मिला। शिविर में डॉ. आरके पाठक, डॉ. विवेक, डॉ. भावना, फार्मासिस्ट सरिता तड़ागी व पशु प्रसार अधिकारी सत्येन्द्र चुफाल आदि रहे।


शिवालिक स्कूल में कार्यक्रम का शुभारंभ करते शिक्षक। ● अमृत विचार

### शिवालिक के कक्षा 12 के छात्र-छात्राओं को दी विदाई

**हल्द्वानी :** शिवालिक इंटरनेशनल स्कूल में मंगलवार को कक्षा 12 के छात्र-छात्राओं का विदाई समारोह आयोजित हुआ। जिसमें कक्षा 11 के छात्र-छात्राओं ने सीनियर छात्रों के लिए विभिन्न रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किए। स्कूल के प्रबंध निदेशक अनिल जोशी ने अकादमिक गतिविधियों में शानदार प्रदर्शन के लिए 12वीं के छात्रों को सम्मानित किया। संगीत शिक्षक पंकज पांडे ने कभी अलविदा ना कहना गीत गाकर सभी को भाव विभोर किया। छात्र चिन्मय पांडे ने स्कूली जीवन पर हास्य रस से सराबोर कविता सुनाकर दिल जीत लिया। स्कूल के अध्यक्ष रमेश शर्मा ने सभी छात्रों को बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। कार्यक्रम में प्रधानाचार्य पीएस अधिकारी, निदेशक सुनील जोशी, नीलम शर्मा, अकादमी समन्वयक उमेश पंत, नमिता जोशी आदि मौजूद रहे।



पत्रकार वार्ता करते युवक कांग्रेस के कार्यकर्ता। ● अमृत विचार

### अग्निवीर योजना देश के युवाओं के साथ छल

**रामनगर :** युवक कांग्रेस के जिलाध्यक्ष सुमित लोहनी ने पत्रकार वार्ता के दौरान कहा कि केंद्र सरकार द्वारा अग्निवीर योजना ने देश के युवाओं का भविष्य अंधकार में धकेल दिया है। उन्होंने कहा कि 1.5 लाख युवाओं को सेना में भर्ती के लिए पहले से चयनित किया गया था मगर केंद्र सरकार ने आज तक उन्हें ज्वाइनिंग लेटर नहीं दिया। कहा कि राहुल गांधी ने उन युवाओं से मुलाकात की जो अपनी भर्ती का इंतजार कर रहे हैं। केन्द्र सरकार द्वारा लाखों युवाओं और हमारी सेना के साथ हुए अन्याय के खिलाफ 31 जनवरी को बिहार की धरती से जय जवान अन्याय के विरुद्ध, न्याय का युद्ध आन्दोलन की शुरुआत की है। इस दौरान सुमित लोहनी जिला अध्यक्ष, अमित कुमार विधानसभा अध्यक्ष, चेतन पंत छात्र संघ सचिव, सलमान सलमानी, आसिफ सिद्दिकी, विजय दानी आदि मौजूद रहे।


भीमताल में भाजपा कार्यकर्ताओं से मिलते रक्षा एवं पर्यटन राज्य मंत्री अजय भट्ट।

### मंत्री ने विकास संबंधी समस्याओं को सुना

**भीमताल :** रक्षा एवं पर्यटन राज्य मंत्री अजय भट्ट ने देर शाम भीमताल के ईजा कैफ़े एंड रेस्टोरेंट में कार्यकर्ताओं से मुलाकात की व जनसमस्याओं को सुना। इस दौरान पूर्व मंडल अध्यक्ष मनोज भट्ट ने भीमताल में 103 एकड़ में फैले औद्योगिक घाटी में सड़कों की दशा को सुधारने और वहां पर नये उद्योग स्थापित करने की मांग को प्रमुखता से रखा। अवगत कराया कि औद्योगिक घाटी में रखरखाव के अभाव में क्षेत्र की सड़कें क्षतिग्रस्त हैं वहीं स्थान स्थान पर डामर उखड़ गया है। इस दौरान राहुल जोशी, राजू न्याल, अर्जुन, भुवन भट्ट, गौतम मटियाली, आशु पाठक, रवि कुमार आदि मौजूद थे।

### जेई का मुख्य विकास अधिकारी ने वेतन रोका

**भीमताल :** मुख्य विकास अधिकारी अशोक कुमार पांडे ने धारी ब्लॉक का औचक निरीक्षण किया। वहां जलसंस्थान में अनुपस्थित मिलने पर जेई का एक दिन का वेतन रोकने के निर्देश दिए। आरईएस के द्वारा नवनर्मित भवन का निरीक्षण किया। भवन को ब्लाक को हस्तांतरण न करने पर नाराजगी व्यक्त की। इस दौरान जल जीवन मिशन योजना के तहत पानी की पाइप लाइन को मानकों के तहत नहीं करने पर और योजनाओं पर देरी होने पर नाराजगी व्यक्त की।

# पहल : दूरस्थ क्षेत्रों में मरीजों के लिए मिलेंगी 262 नई डोली पालकियां

### हरिद्वार में बनेगा मातृ-शिशु की देखभाल के लिए 200 बेड का स्वास्थ्य विंग

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** पहाड़ के दूरस्थ क्षेत्रों के मरीजों को गांव से सड़क तक लाने के लिए 262 नई डोली पालकियां मिलेंगी। इसके लिए उत्तराखंड स्वास्थ्य विभाग ने भारत सरकार को प्रस्ताव भेज दिया है। उम्मीद है कि जल्द ही प्रस्ताव को मंजूरी मिल जाएगी।

स्वास्थ्य सचिव डॉ. आर राजेश कुमार ने बताया कि राज्य सरकार गर्भवती महिलाओं और मातृ-शिशु के लिए स्वास्थ्य सेवाओं में सुधार के हरसंभव प्रयास कर रही है। इसी प्रयास में राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन (एनएचएम) के सहयोग से सभी जनपदों को अगले कुछ वर्षों में 262 नई डोली पालकियां प्रदान की जाएंगी। उन्होंने बताया कि गर्भवती महिलाओं के लिए स्वास्थ्य विभाग शगुन योजना को बढ़ावा दे रहा है। इसके तहत गर्भवती महिलाओं को सरकारी अस्पतालों में प्रसव के बाद 48 घंटे तक रहने के बाद 2000 रुपये दिये जाने के प्रावधान किए गए हैं। स्वास्थ्य सचिव ने बताया कि हरिद्वार में मातृ-शिशु की देखभाल के लिए 200 बेड का स्वास्थ्य विंग बनाया जा रहा है। सबकुछ ठीक रहा तो जल्द ही इसका निर्माण शुरू हो जाएगा।

**बदली जायेंगी पुरानी एम्बुलेंस :** स्वास्थ्य सचिव ने मातृ-शिशु चिकित्सा सेवाओं को और अधिक बेहतर बनाने की दिशा में कई अहम कदम उठाए हैं। उन्होंने बताया कि प्रदेश के सभी जनपदों में पुरानी और खराब एंबुलेंसों को प्राथमिकता के आधार पर बदला जाएगा। जिसका लाभ मरीजों मिलेगा।



> डोली पालकी दूरस्थ गांव से प्रसूता को सड़क तक लाने के लिए है। एनएचएम के तहत भारत सरकार को प्रस्ताव भेज दिया गया है। प्रस्ताव मंजू होते ही हर जिले की ग्रामसभा को फंड दिया जाएगा, जो आवश्यकता अनुसार पालकी बनाएंगी।– **डॉ. आर राजेश कुमार**, स्वास्थ्य सचिव उत्तराखंड

#### आशा व आंगनवाड़ी कार्यकत्रियों के लिए होंगे एक मानक



उच्च जोखिम वाली गर्भवती महिलाओं पर नजर रखने के लिए आशा और आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं के लिए एक मानक संचालन प्रक्रिया तैयार की जा रही है। मातृ-शिशु स्वास्थ्य सेवाओं की प्रगति की निगरानी पर ध्यान देने के साथ वन स्टॉप सेंटर के उपयोग करने के निर्देश दिये हैं। उम्मीद है कि ये पहल उत्तराखंड में मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य देखभाल के समग्र विकास में महत्वपूर्णयोगदानदेगी।

#### गर्भवती महिलाओं के स्वास्थ्य की होगी मॉनिटरिंग

स्वास्थ्य विभाग गर्भवती महिलाओं को आयरन, फोलिक एसिड और कैल्शियम की गोलियां उपलब्ध करा रहा है। प्रत्येक मातृ और नवजात मृत्यु की समीक्षा और रिपोर्टिंग पर ध्यान केंद्रित करते हुए व्यापक उपाय चल रहे हैं। साथ ही एनएचएम के तहत गर्भवती महिलाओं की जांच के लिए हीमोग्लोबिन मीटर और स्ट्रिप्स के आदेश जारी किए गए हैं।

# विधायक भगत ने पूर्व अधिकारियों को दिलाई भाजपा की सदस्यता

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी


लोगों को भाजपा में शामिल करते विधायक बंशीधर भगत। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** विधायक बंशीधर भगत ने मंगलवार को प्रियदर्शनी विहार के गौरवशाली बूथ संख्या-72 में सेवानिवृत्त अधिकारियों व पूर्व सैनिकों को भाजपा की सदस्यता दिलाई। उन्होंने कहा कि राष्ट्रहित को सर्वोपरि रखने वाली भाजपा के प्रति आमजन का पूर्ण विश्वास है।

प्रधानमंत्री मोदी पर जनता की निष्ठा लगातार बढ़ रही है। अयोध्या में जन्मभूमि पर बने रामलला के भव्य मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा के बाद राम राज्य की परिकल्पना साकार भी होगी। उन्होंने कहा कि विभिन्न सरकारी विभागों में सेवाएं देने के बाद अधिकारी राष्ट्र निर्माण में अपनी आहुति देने के लिए भाजप में शामिल हुए है।

उन्होंने सभी को फूल माला पहनाकर स्वागत किया। इस दौरान भूपाल सिंह गैड़ा, सुरेश गौड़, नन्दा बल्लभ जोशी, त्रिलोक सिंह कन्याल, केसी त्रिपाठी, गिरीश चंद्र जोशी, मोहन सिंह मेहरा, आनन्द सिंह नगरकोटी, अम्बादत्त, ईश्वर लटवाल, जीत सिंह फर्त्याल मौजूद रहे।

### राज्य स्तरीय सम्मेलन 18 को

**रामनगर:** जंगली जानवरों से फसलों व इंसानों की सुरक्षा की मांग को लेकर संयुक्त संघर्ष समिति द्वारा आगामी 18 फरवरी को राज्य स्तरीय जन सम्मेलन आयोजित करने की घोषणा की है। इस सम्मेलन में क्षेत्रीय जनता व जनप्रतिनिधियों के साथ उत्तराखंड के विभिन्न सामाजिक, राजनीतिक व किसान संगठनों के प्रतिनिधि भी भागीदारी करेंगे। बैठक में संयुक्त संघर्ष समिति के संयोजक ललित उप्रेती ने कहा कि उत्तराखंड में जंगली जानवरों व बंदरों का आतंक चरम पर है। जनता पर जंगली जानवरों के हमले लगातार बढ़ रहे हैं परंतु केंद्र और राज्य सरकार जनता की सुरक्षा के सवाल पर न तो बात करने के लिए तैयार है और न ही कोई कार्रवाई ही कर रही है।

### बकाया जमा करने का दिया अंतिम नोटिस

**नैनीताल:** नगर पालिका ऊर्जा निगम का बिजली बिल भुगतान नहीं कर पा रहा है। नगर पालिका को कुल तीन करोड़ 90 लाख 61 हजार 93 रुपये का भुगतान करना है।

ऊर्जा निगम के सहायक अभियंता आरएस बिष्ट का कहना है कि अन्य नगर पालिकाओं ने सारा विद्युत बिल भुगतान कर दिया है, लेकिन नैनीताल नगर पालिका भुगतान नहीं कर रहा। अगर नगर पालिका ने भुगतान नहीं किया तो उसका कनेक्शन काट दिया जाएगा।

### सुधार परीक्षा का परिणाम घोषित करने की मांग

**रामनगर:** एनएसयूआई कार्यकर्ताओं ने सचिव छात्रसंघ चेतन पंत के नेतृत्व में डिग्री कॉलेज के प्राचार्य एमसी पांडे के माध्यम से कुलपति को स्नातक वार्षिक सुधार परीक्षाओं का परिणाम घोषित करने के लिए ज्ञापन भेजा है। छात्र नेताओं का कहना है कि स्नातक वार्षिक सुधार परीक्षाएं 28 नवंबर को पूर्ण हो गई थीं परंतु अभी तक स्नातक वार्षिक सुधार परीक्षाओं का परिणाम घोषित नहीं किया गया है। इस दौरान विजय दानी, तरुण जोशी, तनुज टम्टा, आशु अधिकारी, कृष्ण मौजूद रहे।

**रोमांचक** अब नगर वन में बढ़ेगी सुविधा, 150 से 200 रुपये होगा किराया

# अब पर्यटक उठाएंगे एडवेंचर्स बाइकिंग का आनंद

संवाददाता, रामनगर



रामनगर में स्थित नगर वन। ● अमृत विचार

**अमृत विचार:** रामनगर वन प्रभाग अपने सिटी फॉरेस्ट की कामयाबी के बाद जल्द ही पर्यटकों को आकर्षित करने के लिए नगर वन में एडवेंचर्स गतिविधियां बढ़ने जा रहा है। इसमें पर्यटक अब नगर वन में भी जंगल सफारी का बाइकिंग के जरिए लुत्फ उठा सकते हैं।

बता दें कि कॉर्बेट पार्क से सटे रामनगर वन प्रभाग के अंतर्गत पड़ने वाले अपर कोसी वन ब्लॉक कोसी बैराज के समीप 17 हेक्टेयर भूमि पर जंगल सा एहसास देते सेल्फी प्वाइंट और चिल्ड्रन पार्क, जंगल के अंदर पैदल ट्रैक के साथ ही कई वाटिकाओं का यहां पहुंचकर पर्यटक दीदार करते हैं।

इसके साथ ही बाल वाटिका, तितली वाटिका, गुलाब वाटिका, नव ग्रह वाटिका, नक्षत्र वाटिका, पंचवटी वाटिका, जन स्वास्थ्य वाटिका, मियावाकि वाटिका, रुद्राक्ष वाटिका, त्रिफला वाटिका बनाई गई हैं। इन वाटिकाओं में टहलने से जहां शानदार खुशबू से मन प्रफुल्लित हो जाता है, वहीं इनके औषधीय गुणों से पर्यटकों को स्वास्थ्य लाभ भी होता है। इसी के साथ पर्यटक अब एडवेंचर्स के रूप में इस 17 हेक्टेयर में बाइकिंग का लुत्फ उठा सकेंगे। रामनगर वनप्रभाग के डीएफओ दिगंथ नायक ने बताया कि हम रामनगर वन प्रभाग के अंतर्गत पड़ने वाले सिटी फॉरेस्ट जो हल्द्वानी रामनगर मार्ग पर नए बायपास पूल के पास स्थित है। नगर वन में एडवेंचरस पार्क खोलने को लेकर उच्च स्तर को अनुमति को लेकर प्रस्ताव भेजा है। अनुमति मिलते ही एडवेंचरस के रूप में 2 बाइक लाई जाएंगी। उन्होंने बताया कि इसका किराया लगभग 150 से 200 रुपये होगा। कहा कि रामनगर आने वाले पर्यटकों को पहली बार कुछ नया अनुभव मिलेगा।







### बसंत पंचमी का पर्व आज, कई शुभ संयोग और रोहिणी नक्षत्र से इस पर्व का बढ़ रहा है महत्व, शिक्षा व व्यापार के लिए है उत्तम

# वर्णानामर्थसंघानां रसानां छन्दसामपि, मंगलानां च कर्त्तारौ...

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी


डॉ. मंजू जोशी

**अमृत विचार :** बसंत पंचमी का पर्व आज मनाया जाएगा। इस बसंत पंचमी पर तीन शुभ योग और रोहिणी नक्षत्र से इसका महत्व बढ़ जाता है।

ज्योतिषाचार्या डॉ. मंजू जोशी ने बताया कि हर वर्ष माघ माह की शुक्ल पक्ष की पंचमी तिथि को बसंत पंचमी पर्व मनाया जाता है। इस वर्ष बुधवार को बसंत पंचमी होने से शुभ, गज केसरी, लक्ष्मी नारायण योग और रोहिणी नक्षत्र होने से इसका महत्व बढ़ गया है। इन संयोगों से यह बसंत पंचमी शिक्षा, व्यापार के लिए अति शुभ है। यह दिन अबूझ मुहूर्त है, इस दिन सभी मांगलिक काम बिना किसी मुहूर्त के संपन्न हो सकते हैं। उन्होंने बताया कि धार्मिक मान्यताओं के अनुसार इस दिन देवी सरस्वती की उत्पत्ति हुई थी इसलिए बसंत पंचमी पर देवी सरस्वती की पूजा अर्चना का विधान है। देवी सरस्वती को ज्ञान की देवी माना जाता है,इस दिन देवी सरस्वती की पूजा करने से ज्ञान की वृद्धि होती है।

**इस तरह करें मां सरस्वती की पूजा :** बसंत पंचमी मंगलवार को दोपहर 2:44 बजे से बुधवार को दोपहर 12:11 बजे तक है। पूजा के लिए शुभ मुहूर्त सुबह 7 से 12:35 बजे तक होगा।

पूजन के लिए सुबह नित्य कर्म व स्नान आदि से निवृत होकर मंदिर व घर की साफ-सफाई करें। देवी सरस्वती की प्रतिमा को गंगाजल से स्नान कराकर सफेद या पीला आसन प्रदान करें। पीले वस्त्र धारण करवाएं और श्रृंगार अर्पित करें। देवी सरस्वती के सम्मुख घी की अखंड ज्योति प्रज्वलित करें। पीली वस्तुओं का भोग लगाएं और पीले पुष्प अर्पित करें। पुस्तकों और वाद्य यंत्रों का भी पूजन करना चाहिए। ओम ऐं ह्रीं क्लीं महासरस्वती देव्यै नमः मंत्र का 108 बार जप करें 11 घी के दीपक जला कर देवी सरस्वती की आरती करें। जरूरतमंदों को पुस्तक एवं शिक्षा से संबंधित वस्तुओं का दान करना अति शुभ कारक माना जाता है।


बाजार में बिक्री के लिए आए पीले परिधान। ● अमृत विचार

### यह है बसंत पंचमी की कथा

उपनिषदों के अनुसार सृष्टि के प्रारंभिक काल में त्रिदेव में से एक प्रभु महादेव की आज्ञा से ब्रह्मा जी ने जीवों, मनुष्य योनि की रचना की। अपनी इस रचना से वह संतुष्ट नहीं हुए। इस समस्या के निवारण के लिए उन्होंने कमंडल से जल हथेली में लेकर संकल्प स्वरूप उस जल को छिड़ककर श्री विष्णु की स्तुति करना शुरू कर दी। इस पर श्री हरि विष्णु तत्काल ही उनके सम्मुख प्रकट हो गए। उनकी समस्या जानकर श्री विष्णु ने आदिशक्ति दुर्गा माता का आह्वान किया तो भगवती दुर्गा वहां तुरंत ही प्रकट हो गईं। तब ब्रह्मा और श्री हरि विष्णु ने देवी दुर्गा से संकट दूर करने का निवेदन किया। यह सुनते ही भगवती दुर्गा के शरीर से श्वेत रंग का एक भारी तेज उत्पन्न हुआ, जो एक दिव्य नारी के रूप में बदल गया। यह स्वरूप एक चतुर्भुजी सुंदर स्त्री का था जिनके एक हाथ में वीणा तथा दूसरे हाथ में वर मुद्रा थी। अन्य दोनों हाथों में पुस्तक एवं माला थी। उस देवी को वाणी की अधिष्ठात्री देवी सरस्वती कहा गया। फिर आदि शक्ति दुर्गा ने ब्रह्मा जी से कहा कि मेरे तेज से उत्पन्न हुई यह देवी सरस्वती आपकी पत्नी बनेगी। देवी सरस्वती को वागीशवरी, भगवती शारदा, वीणा वादिनी और वाग्देवी सहित अनेक नामों से पूजा जाता है।

# प्रकृति के उल्लास का पर्व है कुमाऊं की सिरपंचमी

शशि शेखर जोशी

बसंत पंचमी का कुमाऊं अंचल में विशेष महत्व है। कुमाऊं क्षेत्र में इसे सिरपंचमी नाम से भी जाना जाता है और यहां पर इसे बड़े उत्साह के साथ मनाया जाता है।

बसंती पंचमी हर वर्ष माघ मास के शुक्ल पक्ष की पंचमी को मनाई जाती है। बसंत पंचमी ऋतुओं के परिवर्तन का पर्व है जो बसंत के आगमन की औपचारिक घोषणा भी करता है। बसंत पंचमी के दिन काफी उल्लास रहता है प्रकृति भी इस उल्लास में शामिल रहती है। बसंत पंचमी के दिन काफी उल्लास रहता है प्रकृति भी इस उल्लास में शामिल रहती है। बसंत पंचमी विद्या और ज्ञान की देवी सरस्वती को समर्पित है धार्मिक ग्रंथों में के अनुसार इसी दिन देवी सरस्वती प्रकट हुई थी। इस दिन लोग देवी सरस्वती की पूजा अर्चना कर उनका आशीष मांगते हैं खेतों से जौ की पौध लाकर उनको अर्पित की जाती है। परिवार के बड़े-बुजुर्ग सभी परिजनों को जौ पूजकर (सिर में रखकर) उनके सुख और समृद्ध जीवन की कामना करते हैं। कई स्थानों में जौ के पौधों को घर के मुख्य द्वार की चौखट पर गोबर की सहायता से चिपकाया जाता है, जिसको शुभ माना जाता है। बसंत पंचमी के दिन हर घर में पारंपरिक पकवान बनाए जाते हैं तथा नाते-रिश्तेदारों में बांटे जाते हैं।

बसंत पंचमी में पीले रंग का बहुत महत्व है। ध्यान देने वाली बात है इन दिनों प्रकृति में भी पीले रंग की बहुतायत होती है। इस दिन लोग पीले वस्त्र या फिर प्रतीक के रूप में पीला रूमाल धारण करते हैं तथा ईष्ट-मित्रों को उपहार में देते हैं। कई लोग बसंत पंचमी को कुमाऊं की सैन्य परंपरा से जुड़ा हुआ पर्व भी मानते हैं। प्राचीन काल में माताएं बहनें योद्धा के युद्धभूमि में जाने पर उनके अस्त्र में पीला कपड़ा बांधकर विदा करती थी।

ज्ञान और विद्या की देवी सरस्वती का दिन होने के कारण यह दिन बच्चों के विभिन्न संस्कारों जैसे अन्नप्राशन, चूड़ाकर्म, यज्ञोपवीत, नाक-कान छेदन के लिए काफी शुभ माना जाता है। पुराने समय में इस दिन घर पर बच्चों की शिक्षा का प्रारंभ किया जाता था तथा वे इसी दिन से तख्ती पर लिखना शुरू करते थे। बसंत पंचमी के साथ ही होली के फाग भी हवा में तैरने लगते हैं। इसके साथ ही कुमाऊं में बैठकी होली का दौर भी शुरू हो जाता है। यह फागुन मास में शुक्ल पक्ष की एकादशी तक चलता है।

कुमाऊं में बसंत पंचमी को धन-धान्य से जोड़कर भी देखा जाता है। कृषक लोग इस दिन बुआई की शुरुआत कर प्रकृति से अच्छी फसल की कामना करते हैं। बसंत पंचमी सारे वातावरण का श्रृंगार करती प्रतीत होती है। यह एक ऐसा पर्व है जो जनमानस में उत्साह का संचार करने के साथ ही उसको प्रकृति से जोड़ने का काम भी करता है। यह पर्व हमें बताता है कि प्रकृति के साथ सामंजस्य जीवन में सुख समृद्धि के लिए कितना जरूरी है।

## सार संक्षेप

### छात्राओं को महिला सशक्तिकरण के बारे में बताया


महिला डिग्री कॉलेज में महिला दिवस की जानकारी देतीं वक्ता। ● अमृत विचार

**हल्द्वानी :** राष्ट्रीय महिला दिवस पर महिला डिग्री कॉलेज की एनसीसी इकाई ने संगोष्ठी का आयोजन किया। इसमें प्राचार्य प्रोफेसर शशि पुरोहित ने छात्राओं को महिला सशक्तिकरण के विषय में बताया। मुख्य वक्ता डॉ. हिमानी पंत ने छात्राओं को महिला दिवस के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि यह दिवस स्वतंत्र भारत की पहली महिला राज्यपाल सरोजिनी नायडू के जन्मदिवस पर मनाया जाता है। डॉ. रूचि रजवार,डॉ. मंजरी चौधरी ने छात्राओं को आत्मनिर्भरता की ओर प्रेरित करने के लिए व्याख्यान दिया। इस अवसर पर लेफ्टिनेंट डॉ. रेखा जोशी, डॉ. ललित जोशी, डॉ. विद्या कुमारी, चंपा जोशी, डॉ. सरस्वती बिष्ट मौजूद रहे।

### अदिति, हर्षवर्धन व तुषार ने पास की जेईई मेंस परीक्षा


तुषार पांडे | हर्षवर्धन जोशी | अदिती तड़ागी

**हल्द्वानी :** दीक्षांत इंटरनेशनल स्कूल के तीन होनहार छात्रों ने जेईई मेंस परीक्षा में सफलता पाकर नाम रोशन किया है। जेईई परीक्षा के जारी परिणामों में अदिति तड़ागी ने 94.09 परसेंटाइल हासिल किए हैं। वहीं हर्षवर्धन जोशी ने 91.47 परसेंटाइल व तुषार पांडे ने 90 परसेंटाइल हासिल किए हैं। विद्यालय के प्रबंधक समित टिक्कू ने कहा कि यह विद्यालय के लिए गौरव की बात है। अदिति के पिता गजेन्द्र सिंह तड़ागी निजी कोचिंग चलाते हैं और माता सरिता तड़ागी पशुपालन विभाग में कार्यरत हैं। वहीं हर्षवर्धन के पिता अंजुल जोशी राजकीय इंटर कॉलेज में अध्यापक के पद पर कार्यरत हैं व माता नमिता जोशी गृहणी हैं। तुषार पांडे के पिता विवेक पाण्डे वरिष्ठ आईएफएस अधिकारी हैं और माता प्रियंका पाण्डे राजकीय इंटर कॉलेज में अध्यापिका हैं। विद्यालय के प्रबंधक समित टिक्कू, एकेडमिक डायरेक्टर स्मृति टिक्कू, प्रधानाचार्य रूपक पाण्डे सभी को बधाई दी है।

### स्वस्थ लोकतंत्र के लिए सभी की सहभागिता जरूरी

**हल्द्वानी :** लोकसभा चुनाव-2024 को लेकर जिला प्रशासन मुस्तैद हो गया है। मतदान बढ़ाने के लिए मतदाताओं को जागरूक किया जा रहा है। सीडीओ अशोक कुमार पांडे ने जिले की जनता से अपील है कि स्वस्थ लोकतंत्र के लिए सभी की सहभागिता जरूरी है। जिन लोगों की 18 वर्ष आयु पूरी हो चुकी है, अपना नाम वोटर लिस्ट में अवश्य पंजीयन कराएं। उन्होंने कहा कि आगामी लोकसभा चुनाव में अधिकाधिक मतदान कर स्वस्थ लोकतंत्र में सहभागिता करें। मतदाता टोल फ्री नंबर 1950 पर भी संपर्क कर सकते हैं।

### होटलों में शराब पीने -पिलाने वाले सात लोगों का चालान

**नैनीताल :** मल्लीताल क्षेत्र में कोतवाल धर्मवीर सोलंकी के नेतृत्व में होटल, रेस्टोरेंट व ढाबों में चेकिंग अभियान चलाकर शराब पीने व पिलाने वाले लोगों के खिलाफ चालानी कार्रवाई की गई। साथ ही दोबारा पकड़े जाने पर कड़ी कार्रवाई करने की चेतावनी दी है। रविवार देर शाम को मल्लीताल पुलिस की ओर से एसएसआई दीपक बिष्ट के नेतृत्व में क्षेत्र में विशेष चेकिंग अभियान चलाकर होटल ढाबों की चेकिंग की गई। इस दौरान बाजार क्षेत्र के कई होटल रेस्टोरेंट में कई लोग शराब पीते नजर आए। पुलिस ने सात लोगों का चालान किया। एसएसआई दीपक बिष्ट ने बताया कि होटल में शराब पीने व पिलाने पर मल्लीताल गाड़ी पड़ाव क्षेत्र निवासी राज सहदेव, सुजीत, संतोष, बड़ा बाजार निवासी देवेंद्र, लक्षण सिंह, रमेश व नारायण नगर निवासी सचिन के खिलाफ चालानी कार्रवाई की गई है।

### व्यापारियों की समस्या से कराया अवगत

**रामनगर :** टैक्स बार एसोसिएशन के अधिवक्ताओं द्वारा राज्य कर अधिकारियों के साथ बैठक करते हुए उन्हें व्यापारियों की समस्याओं से अवगत कराया गया। सहायक आयुक्त यासीर व राज्य कर अधिकारी मितेश्वर आनंद के साथ राज्य कर कार्यालय छोई में हुई बैठक में रामनगर टैक्स बार एसो. के अध्यक्ष पूरन चंद पांडे व सचिव मो. फ़िरोज़ अंसारी ने बताया कि विभागीय अधिकारियों द्वारा व्यापारियों को ई-मेल पर जीएसटी नोटिस भेजे जा रहे हैं। नोटिसों के जवाब के लिए 30 दिनों (1 माह) का समय दिया जा रहा है। जबकि रामनगर में अधिकतर व्यापारियों का सालाना टर्नओवर 5 करोड़ से कम है और वह अपना जीएसटी रिटर्न 3 माह में दाखिल करते हैं। इसमें विभागीय अधिकारियों द्वारा भेजे गए नोटिसों का व्यापारियों को पता नहीं चल पाता तथा विभागीय अधिकारियों द्वारा एक पक्षीय कार्रवाई कर पेनाल्टी आदि लगाकर व्यापारियों को दंडित किया जा रहा है। नोटिसो के जवाब के लिए एक माह की समय सीमा को बढ़ाकर 90 दिन तथा 3 माह किया जाए। बैठक में रामनगर टैक्स बार के अध्यक्ष पूरन चंद पांडे, सचिव मो. फ़िरोज़ अंसारी, गुलरेज़ रज़ा, मनु अग्रवाल, भोपाल रावत आदि मौजूद रहे।

### बूथ समिति व पन्ना प्रमुखों के साथ किया संवाद


सरकार की योजनाओं की जानकारी देतीं जिला पंचायत अध्यक्ष बेला तोलिया।

**हल्द्वानी :** जिला पंचायत अध्यक्ष बेला तोलिया व निवर्तमान पार्षद प्रमोद सिंह तोलिया ने भाजपा के गांव चलो अभियान के अंतर्गत वार्ड 39 के बूथ संख्या 163 व 164 में संपर्क किया। उन्होंने बूथ समिति व पन्ना प्रमुखों के साथ संवाद कर घर-घर जाकर केंद्र व राज्य सरकार की योजनाओं के बारे में बताया। इस दौरान कमल बधानी, ममता जोशी, मनोज जोशी, रिटायर्ड मेजर बीएस रौतेला, केएस रावल मौजूद रहे।

# स्कूलों में मनाया गया बसंतोत्सव

## पीले परिधानों में सज-धजकर स्कूल पहुंचे बच्चे, मां सरस्वती की आराधना की

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** विजडम पब्लिक स्कूल रामपुर रोड पर मंगलवार को बसंत पंचमी पर्व धूमधाम से मनाया गया। प्रबंध निदेशक राजेन्द्र पोखरिया ने मां सरस्वती की प्रतिमा के सम्मुख दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम की शुरूआत की। इस अवसर पर विद्यार्थियों ने सरस्वती वंदना, नृत्य, गायन व भाषण के माध्यम से इस त्यौहार के महत्व को समझाया। कार्यक्रम प्रभारी सुमन नेगी व संचालन तान्या कौर ने किया। इस दौरान अरूण सिंह, महेन्द्र सिंह व ज्योति जोशीउपस्थितरहे।

लालडांठ स्थित लिटिल फ्लावर स्कूल में बसंतोत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया गया। पीले परिधानों से सुसज्जित बच्चों एवं शिक्षिकाओं ने मां सरस्वती की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित किए। इसके बाद मां सरस्वती की सुंदर वंदना के साथ बालिकाओं ने मनमोहक नृत्य किया। प्रधानाचार्या शांति जीना ने सभी को बसंत पंचमी की शुभकामनाएं दीं। उधर, सरमाउंट पब्लिक स्कूल बसानी में ज्ञान और वाणी की देवी मां सरस्वती की पूजा-अराधना की गयी। इसके बाद बच्चों ने विभिन्न रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किये। कार्यक्रम के प्रारम्भ में विद्यालय के छोटे-छोटे बच्चों ने मां सरस्वती की वंदना की और श्लोक सुनाए। बच्चों ने विद्यालय में फूलों की रंगोली बनाई और सजावट की। सभी बच्चें पीले व श्वेत वस्त्र धारण कर मां सरस्वती व अन्य देवियों की विविध वेशभूषा में आये थे। कार्यक्रम में विद्यालय की प्रधानाचार्या वनिता क्वीरा, पूनम आर्या, निकिता लोशाली, दीपा पांडे, ममता आदि मौजूद थीं।


विजडम स्कूल में सांस्कृतिक कार्यक्रम पेश करतीं छात्राएं।


सरमाउंट स्कूल बसानी में कार्यक्रम पेश करतीं छात्राएं।


लिटिल फ्लावर स्कूल में कार्यक्रम के दौरान मौजूद छात्र-छात्राएं व शिक्षक।

### रामनगर में आज से होगा लोक कलाकारों का संगम

**रामनगर :** प्रगतिशील सांस्कृतिक पर्वतीय सांस्कृतिक समिति के रंगमंच पर उत्तराखण्ड की सांस्कृतिक संस्कृति का अनूठा संगम बुधवार से देखने को मिलेगा। बुधवार को जहां महिलाओं की ऐपण प्रतियोगिता के माध्यम से महिलाएं कुमाऊं के वार त्यौहार, विवाह समारोह एवं अन्य शुभ कार्य में बनाई जाने वाली ऐपण को प्रस्तुत करेंगी। वहीं इंटर कॉलेजों से लेकर डिग्री कॉलेज के बच्चे कुमाउनी लोक गीत एवं लोक नृत्यों की बानगी दर्शकों के समक्ष रखते हुए अपनी अभिनय क्षमता को भी उजागर करेंगे। समिति के अध्यक्ष गिरीश मठपाल ने बताया कि चार दिन तक चलने वाले बसन्त महोत्सव में बाहर से आने वाली टीमें भी बुधवार तक यहां पहुंच जाएंगी। 17 फरवरी को समापन के दौरान ही प्रतियोगिता के विजेताओं की घोषणा करने के साथ पुरस्कार वितरण के साथ प्रतियोगिता का समापन कर दिया जाएगा।

# हॉटमिक्स प्लांट को लेकर चढ़ने लगा लोगों का पारा

संवाददाता, गरमपानी

**आक्रोश**
- हाइवे का कार्य पूरा होने के बाद किराए पर संचालन का आरोप
- जनहित से खिलवाड़ बर्दाश्त न किए जाने का ऐलान

अमृत विचार : अल्मोड़ा हल्द्वानी हाइवे पर छड़ा गांव के समीप कोसी नदी से सटे हॉटमिक्स प्लांट के अब किराए में संचालित किए जाने की सुगबुगाहट से क्षेत्रवासियों का पारा चढ़ने लगा है। साफ कहा कि जीवनदायिनी कोसी नदी सटे क्षेत्र में लगे हॉटमिक्स प्लांट का संचालन अब किसी हालत में नहीं होने दिया जाएगा। अधिकारियों पर भी अनदेखी का आरोप लगाया है। ग्रामीणों ने उग्र आंदोलन की चेतावनी दी है।

छड़ा गांव के नजदीक चार वर्ष पूर्व हॉटमिक्स प्लांट स्थापित किया गया। गांव के नजदीक व कोसी नदी से सटकर प्लांट स्थापित होने पर तब भी ग्रामीणों ने नाराजगी जताई पर तब अल्मोड़ा हल्द्वानी हाइवे पर ही डामरीकरण किए जाने का हवाला दिए जाने पर ग्रामीणों ने विरोध के कदम पीछे खींच लिए। पर अब दोबारा हॉटमिक्स प्लांट किराए में संचालित होने तथा यहां तैयार सामग्री अन्य जगह भेजे जाने की सुगबुगाहट से क्षेत्र के लोगों का पारा चढ़ गया है।

छड़ा गांव निवासी दीवान सिंह बिष्ट ने आरोप लगाया है की नियमों की धज्जियां उड़ा व लोगों की जिंदगी से खिलवाड़ कर दोबारा हॉटमिक्स प्लांट संचालित नहीं होने दिया जाएगा। विरेन्द्र सिंह ने कहा है कि यदि मनमानी की गई तो फिर हॉटमिक्स प्लांट में ही धरना शुरू कर दिया जाएगा। हॉटमिक्स प्लांट संचालित किए जाने से समीपवर्ती ज्याडी. गांव के लोगों ने भी गहरी नाराजगी जताई है। स्थानीय पंकज नेगी के अनुसार नियमों को ताक पर संचालन किया जा रहा है। महेंद्र सिंह ने कहा की नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल (एनजीटी) को भी पत्राचार कर हाटमिक्स प्लांट की जांच करवाई जाएगी।

### हल्द्वानी में नए वैलनेस सेंटर के लिए हरी झंडी

**हल्द्वानी, अमृत विचार :** केंद्रीय रक्षा एवं पर्यटन राज्य मंत्री अजय भट्ट ने बताया कि हल्द्वानी में नया सीजीएचएस वैलनेस सेंटर खोलने को लेकर केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री डॉ. मनसुख मांडविया ने हरी झंडी दी है। जल्द ही सीजीएचएस के अपर निदेशक हल्द्वानी का निरीक्षण कर सेंटर खोलने की व्यवहार्ता को सुनिश्चित करेंगे।

गौरतलब है कि अजय भट्ट ने केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री से मुलाकात कर और कई बार पत्र के माध्यम से हल्द्वानी में सीजीएचएस खोलने को लेकर विशेष प्रयास किया।

कहा कि केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री डॉ. मनसुख मांडविया ने बताया कि नैनीताल जिले के हल्द्वानी शहर में सीजीएचएस वैलनेस सेंटर खोलने की मांग पर सैद्धांतिक अनुमोदन प्रदान किया है। लिहाजा जल्द ही सीजीएचएस से संबंधित अपर निदेशक हल्द्वानी शहर का निरीक्षण करेंगे और सीजीएचएस वैलनेस सेंटर खोलने की व्यवहारिता सुनिश्चित करेंगे।

### हनुमान चालीसा पाठ कर चलाया जनजागरण अभियान

**हल्द्वानी, अमृत विचार :** युवा संकल्प सेवा समिति ने मंगलवार को कमलुवागांजा चौराहे पर हनुमान चालीसा का पाठ किया। इसके बाद कमलुवागांजा से कठघरिया तक जनजागरण अभियान चलाया। समिति के अध्यक्ष विपिन पांडे ने बताया कि बीते दिन एक व्यक्ति कर्फ्यू ग्रस्त इलाके से क्षेत्र में आकर दुकान खोल रहा था। जिसका क्षेत्रवासियों ने पुरजोर विरोध करते हुए उसे भगा दिया। उन्होंने लोगों से विधर्मियों को किसी भी हाल में दुकान किराये पर न देने की अपील की। कहा कि क्षेत्र में जिन लोगों ने विधर्मियों को दुकानें दी हैं उन्हें चिन्हित कर अगले सप्ताह से हर मंगलवार को उनके आवास व दुकान पर हनुमान चालीसा का पाठ किया जाएगा। इस दौरान रूपेश बगड़वाल, देवेंद्र बिष्ट, मुकेश भट्ट, मोहन सुयाल, शिव कुमार, नवीन जोशी, मोहित कुमार, यतिन, नितिन, गोलू, दीपू पथनी आदि मौजूद रहे।

**आयोजन** बेतालघाट ब्लॉक महिला कांग्रेस की जंबो कार्यकारिणी गठित

# भाजपा को सत्ता से उखाड़ फेंकने को महिला कांग्रेस ने भरी हुंकार

संवाददाता, गरमपानी

**अमृत विचार :** महिला कांग्रेस कमेटी की बैठक में संगठनात्मक मजबूती पर जोर दिया गया। ब्लॉक कार्यकारिणी का विस्तार कर पदाधिकारियों को जिम्मेदारी सौंपी गई। संगठन की जिलाध्यक्ष खष्टी बिष्ट ने कार्यकर्ताओं से आगामी चुनाव में एकजुटता से कार्य कर भाजपा को सत्ता से उखाड़ फेंकने का आह्वान किया। महिला कांग्रेस की पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं ने संगठन की मजबूती को एकजुट होकर कार्य करने का संकल्प लिया।

नैनीताल विधानसभा के दूरस्थ बेतालघाट में महिला ब्लॉक कांग्रेस कमेटी की अहम बैठक जिलाध्यक्ष खष्टी बिष्ट की अध्यक्षता में हुई। जिलाध्यक्ष खष्टी बिष्ट ने कहा की आए दिन कानून व्यवस्था भंग होती जा रही है। ग्रामीण क्षेत्रों में शांति व्यवस्था बिगड़ रही है पर सरकार सत्ता के नशे में चूर है। महंगाई व बेरोजगारी से आमजन परेशान हो चुका है बावजूद सरकार सुध लेने तक को तैयार नहीं है। जिलाध्यक्ष ने आगामी चुनावों में एकजुट होकर भाजपा को सत्ता से उखाड़ फेंकने का आह्वान किया। ब्लॉक अध्यक्ष चंपा बोहरा के देखरेख में कई कार्यकताओं को जिम्मेदारी भी सौंपी गई। पुष्पा देवी, राधिका, शामली व कमला को उपाध्यक्ष, ममता नेगी महासचिव, ब्लॉक सचिव की जिम्मेदारी चंपा देवी, गीता, नीतू, संतोषी को सौंपी गई जबकि ज्योती, कमला,सुमन, पुष्पा को उपसचिव बनाया गया। गीता देवी, तुलसी, रीता को संगठन मंत्री तथा धना देवी, गुंजन, विमला, रमा देवी को प्रचार मंत्री का दायित्व सौंपा गया। 28 महिलाओं को सदस्य बनाया गया। इस दौरान जिला उपाध्यक्ष माया बोहरा, ललिता देवी, जिला सचिव सीता देवी, विमला देवी, गीता देवी आदि मौजूद रहे।



# प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में सुरक्षित है देशः बहुगुणा

## कैबिनेट मंत्री ने कहा-मोदी सरकार ने दस वर्ष विकास व कल्याण को किए समर्पित, रुद्रपुर में हुई लोस लाभार्थी संपर्क कार्यशाला



कार्यशाला में मौजूद मुख्य अतिथि कैबिनेट मंत्री सौरभ बहुगुणा व अन्य। ● अमृत विचार


कार्यशाला में उपस्थित भाजपा कार्यकर्ता। ● अमृत विचार

संवाददाता, रुद्रपुर

**अमृत विचारः** लोकसभा चुनाव को लेकर भाजपा ने कमर कसनी शुरू कर दी है। इसके तहत रुद्रपुर में नैनीताल-ऊधमसिंह नगर लोकसभा लाभार्थी संपर्क अभियान की कार्यशाला का आयोजन हुआ। कार्यशाला में मुख्य अतिथि कैबिनेट मंत्री सौरभ बहुगुणा ने दीप जलाकर कार्यक्रम का शुभारंभ किया।

मंगलवार को भाजपा जिला कार्यालय बिगवाड़ा रुद्रपुर में कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कैबिनेट मंत्री व चुनाव की दृष्टि से कुमाऊं कलस्टर प्रभारी सौरभ बहुगुणा ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी कार्यकर्ता बहुत कर्मठ और लगातार क्षेत्र में और जनता के बीच कार्य करने के लिये जाना जाता है। केंद्र व राज्य की सरकार की एक-एक योजना का लाभ आमजन तक पहुंचे इसके लिए वह लगातार मेहनत करता है। उन्होंने कहा कि कार्यशाला का उद्देश्य भी यही है कि हम नैनीताल ऊधमसिंह नगर लोकसभा क्षेत्र में अपने-अपने क्षेत्रों में लाभार्थियों के बीच जाए और उनसे संपर्क करे।

उन्होंने कहा कि केंद्र की मोदी सरकार ने दस वर्ष विकास और कल्याण को समर्पित किये जो आज देश के विकास में नजर आ रहा है। अब लोकसभा चुनाव नजदीक है एक बार पुनः प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को अपना आशीर्वाद देकर तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाना है और लाभार्थियों को प्रेरित करना है। साथ ही बताना है कि देश का भविष्य प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के हाथ में सुरक्षित है जिसको देखते हुए वह अपने आसपास के लोगों को भी भाजपा पार्टी के पक्ष में वोट देने को कहें। भाजपा प्रदेश महामंत्री राजेंद्र बिष्ट ने कहा कि यह लाभार्थी लोकसभा कार्यशाला बहुत महत्वपूर्ण हैं। इसमें हम गांव-गांव बस्ती बस्ती अपने क्षेत्रों में अभियान चलाकर लाभार्थियों से संपर्क करना है। उनसे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सरकार से मिल रही योजनाओं के लाभ व उनके अनुभव को सोशल मीडिया के माध्यम से प्रसारित करना है। वहीं प्रधानमंत्री मोदी का प्रयास है कि जहां कोई योजना का लाभ नहीं मिला वहां जनता के बीच मोदी की गारंटी वाली गाड़ी पहुंची है। इस दौरान योजनाओं से वंचित रह गए लोगों के अलग-अलग योजनाओं में रजिस्ट्रेशन किये गये हैं जिससे उनको भी सरकार की योजना का लाभ मिले ऐसे लोगों से भी हमको संपर्क करना है।

### यह लोग रहे मौजूद

राज्यमंत्री व प्रदेश लाभार्थी संयोजक अनिल कपूर, लोकसभा संयोजक लाभार्थी संपर्क दिनेश आर्य, विधायक शिव अरोरा, सरिता आर्य, अरविंद पांडेय, रामसिंह कैड़ा, जिला अध्यक्ष गुंजन सुखीजा, नैनीताल जिला अध्यक्ष प्रताप बिष्ट, लोकसभा संयोजक विवेक सक्सेना, निवर्तमान मेयर रामपाल सिंह, ऊषा चौधरी, जोगेंद्र रौतेला, प्रदेश मंत्री राकेश नैनवाल, पुष्कर कोश्यारी, भावना मेहरा, कमलेंद्र सेमवाल, राजेश तिवारी, अमित नारंग, गजेंद्र प्रजापति, बिट्टू चौहान, स्वाति शर्मा समेत कई लोग मौजूद रहे।

# गांवों के सशक्तिकरण में युवाओं की भूमिका अहम



शिविर में ग्रामीणों एवं विद्यार्थियों के साथ अधिकारी। ● अमृत विचार

संवाददाता, पंतनगर

**अमृत विचारः** जीबी पंत विश्वविद्यालय के कृषि महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) का सात दिवसीय विशेष शिविर का आयोजन 'ग्रामीण सशक्तिकरण में युवाओं की भागीदारी' विषय पर किया गया। इसका मुख्य उद्देश्य ग्रामीण कल्याण और सामाजिक विकास है। शिविर का शुभारंभ मुख्य अतिथि सहायक प्राध्यापक डॉ. शिव कुमार दुबे ने किया। इसके बाद शिविर में सिंगल यूज प्लास्टिक पर जागरूकता अभियान चलाया गया। मंगलवार को शिविर का आयोजन स्थानीय ग्रामीण क्षेत्र इंदिरा कॉलोनी पंतनगर में किया गया। इस दौरान एनएसएस कृषि महाविद्यालय के सौ से अधिक छात्र, स्वयंसेवकों ने विभिन्न सेवा-आधारित गतिविधियों में भाग लिया। इस अवसर पर डॉ.अल्का वर्मा, डॉ. अजय कुमार त्रिपाठी, डॉ.रूचि गंगवार, डॉ.अमित केसरवानी समेत कई लोग मौजूद रहे।

अमृत विचार
क्लासीफाइड
विज्ञापन हेतु सम्पर्क करें
05946-292618, 8954474523

**सूचना**

मेरे पति सिपाही उदय सिंह नंबर 3212685H के सैन्य अभिलेखों में मेरा नाम भूरी देवी BHOORI DEVI दर्ज है गलत है। मेरा सही नाम भूरी देवी BHURI DEVI है। - भूरी देवी पत्नी उदय सिंह

**सूचना**

विवाह के बाद से मेरा नाम शोभा कीर हो गया है, जबकि मेरे समस्त शैक्षिक प्रमाण पत्रों, आधार कार्ड, पेन कार्ड में मेरा नाम सुमन कुमारी है इसीलिए मुझे आज से सुमन कुमारी की जगह शोभा कीर W/o कालीचरण R/o सूखाताल वार्ड स्लिपी हॉल मल्लीताल, नैनीताल जाना जाये। सुमन कुमारी व शोभा कीर एक ही व्यक्ति के नाम हैं।

**सूचना**

मेरी हाईस्कूल परीक्षा वर्ष 2008, अनुक्रमांक 0141875 और इंटरमीडिएट परीक्षा 2011, अनुक्रमांक 104524 की अंकतालिका और सनद तथा मेरा पासपोर्ट वास्तव में कहीं खो गए हैं। - संजय सिंह पुत्र कुंडल सिंह, डिग्री कॉलेज रोड, आदर्श कालोनी, खटीमा, जिला-उधमसिंह नगर।

### घर आकर हमला करने का आरोप

**बाजपुर।** दो पक्षों में किसी बात को लेकर विवाद हो गया। एक पक्ष के ग्राम मरियमपुर नंबर तीन ग्राम सभा नंदपुर नरका टोपा निवासी हरवंश सिंह ने कुछ लोगों पर ट्रैक्टर लेकर घर पर आने व गाली गलोच कर ट्रैक्टर चढ़ाकर से मारने की कोशिश करने का आरोप लगाया है।

# लोकसभा चुनाव की तैयारी में जुटे प्रशासन के अधिकारी

**बैठक**

▸▸ **एसडीएम राकेश चंद तिवारी ने सेक्टर मजिस्ट्रेट, जोनल मजिस्ट्रेट, सेक्टर पुलिस ऑफिसर की बैठक ली**


बाजपुर तहसील में चुनाव को लेकर बैठक करते एसडीएम बाजपुर। ● अमृत विचार

संवाददाता, बाजपुर

**अमृत विचारः** लोकसभा चुनाव को लेकर प्रशासन हरकत में आ गया है। जिसके चलते सभी बूथो पर व्यवस्था बनाने व प्रत्येक बूथ पर कम समय में कैसे पंहुचा जाए तथा कमियों को कैसे दूर किया जाए इन मुद्दों पर नामित अधिकारियों के साथ एसडीएम ने बैठक कर आदेश जारी किए हैं।

मुंगलवार सायं आगामी लोकसभा चुनाव को लेकर तहसील सभागार में एसडीएम राकेश चंद तिवारी ने सेक्टर मजिस्ट्रेट, जोनल मजिस्ट्रेट, सेक्टर पुलिस ऑफिसर की बैठक ली। जिसमें उन्होंने मतदान केंद्रों का निरीक्षण कर तीन दिन में रिपोर्ट तैयार करने के निर्देश दिए। उन्होंने मतदाताओं से आने वाले चुनाव में मतदान करने की भी अपील की। एसडीएम ने समस्त अधिकारियों को संवेदनशील और अति संवेदनशील मतदान केंद्रों का निरीक्षण कर पानी, बिजली, शौचालय, रैंप की व्यवस्था का सथलीय निरीक्षण कर तीन दिन में रिपोर्ट तैयार कर उपलब्ध कराने को कहा। उन्होंने बताया कि विधानसभा क्षेत्र 2 जोन और 16 सेक्टर में बंटा हुआ है, जिसमें 174 मतदेय स्थल हैं। सभी सेक्टर मजिस्ट्रेट, जोनल मजिस्ट्रेट और सेक्टर पुलिस ऑफिसर अभी से सभी मतदान केंद्रों का निरीक्षण कर लें जिससे उन्हें आगे कोई परेशानी न हो। बैठक में तहसीलदार अक्षय भट्ट, एसएसआई जसवीर चौहान, मोहन सिंह रावत, एसआई अर्जुन,विनोद गोस्वामी, नवल किशोर, लक्ष्मण सिंह जंगपांगी, महेश कुमार, देवेंद्र मेहता, नरेश गिरी, प्रकाश बिष्ट, दीपक चौहान, सुनीति पाल, आदि मौजूद थे।

### फ्लाई ओवर के नीचे लहूलुहान मिला युवक

**बाजपुर।** दोराहा बाजपुर में एक युवक घायल हालत में पड़ा मिला। युवक को कुछ लोगों ने अस्पताल में भर्ती कराया। चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद उसे गंभीर हालत में हायर सेंटर रेफर कर दिया।

सोमवार देर रात्रि दोराहा के समीप राष्ट्रीय राजमार्ग एनएच 74 फ्लाई ओवर के नीचे एक युवक लहूलुहान मिला। राहगीरों ने पुलिस को सूचित करने के साथ ही उसे जिला उप चिकित्सालय में भर्ती कराया। उसकी पहचान गुरप्रीत सिंह पुत्र करतार सिंह निवासी गांधी नगर वार्ड चार बाजपुर के रूप में हई। तत्काल उसके परिजनों को सूचित किया गया। गुरप्रीत के सिर आदि अंगों पर गंभीर चोटें हैं।

चिकित्सकों ने बताया कि युवक की हालत काफी गंभीर है। जिसके चलते प्राथमिक उपचार के बाद उसे हायर सेंटर रेफर कर दिया गया है। वहीं युवक की बाइक को पुलिस ने सड़क के पास से अपने कब्जे में ले लिया है। समाचार लिखे जाने तक घटना कैसे घटी, इसकी जानकारी नहीं मिल सकी।

# महर्षि दयानंद के तपमय जीवन का किया गुणगान



कार्यक्रम को संबोधित करते वक्ता। ● अमृत विचार

संवाददाता, रुद्रपुर

**अमृत विचारः** महर्षि दयानंद सरस्वती के 200 वें जन्मदिवस के उपलक्ष में आर्य समाज रुद्रपुर में तीन दिवसीय वेद प्रचार कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान भजन उपदेशक सचिन आर्य ने मधुर भजनों से महर्षि दयानंद के तप मय जीवन और उपकारों का गुणगान और वेदों की महिमा का व्याख्यान किया।

इस मौके पर कानपुर से पधारे वेदों के प्रकांड विद्वान रवींद्र आर्य ने बड़ी ही सरल भाषा में वेद वाणी के अमृत वचनों को सुनाया। इसके अलावा दर्शनाचार्य विवेक वरुण एवं पंडित प्रभात आर्य ने भी कार्यक्रम को संबोधित किया। वहीं आर्य प्रतिनिधि सभा उत्तराखंड के प्रधान डीपी यादव ने भी आर्य समाज के कार्यकर्ताओं का उत्साहवर्धन किया। इस अवसर पर राजेंद्र चांदना, अमित आर्य, जवाहरलाल तनेजा, सुधीर ग्रोवर, राजकुमार गुलाटी, सुरेश चंद्र गुप्ता, महावीर प्रसाद , चंद्र प्रकाश आर्य, पृथ्वीराज आर्य, कैलाश गर्ग रहे।

**कार्यालय नगरपालिका परिषद, नैनीताल**

पत्रांक 2566/X-6 दिनांक : 12-02-2024

**नोटिस**

1- श्रीमती वत्सला जोशी पत्नी श्री महेन्द्र पाण्डे निवासी 147-149 तीन मूर्ति के पास साउथ एवेन्यू मध्य दिल्ली, दिल्ली। 110011

2- श्रीमती माया खुल्बे पत्नी श्री प्रकाश चन्द्र खुल्बे निवासी सी-31 आवास विकास, राजेन्द्र नगर, बरेली, इज्जत नगर, बरेली, उ० प्र०। 243122

आपको नगर पालिका अधिनियम की धारा 147 की उपधारा (1), (2) व (3) अधीन एतद् नोटिस द्वारा सूचित किया जाता है कि नगरपालिका परिषद, नैनीताल के भवन और भूमि सम्पत्ति मूल्यांकन एवं कर निर्धारण सूची में क्षेत्र सं० 1, मकान नं. 197/ बी वैष्णव कुंज रोहिला लौज कम्पा० तल्लीताल नैनीताल स्थित भवन के ग्राउन्ड फ्लोर क्षे० 650.46 वर्गफुट यानि 60.49 वर्गमी० सम्पत्ति जो पालिका अभिलेखों में श्रीमती माया खुल्बे पत्नी श्री प्रकाश चन्द्र खुल्बे के नाम से दर्ज चली आ रही है के सम्बन्ध में निम्नलिखित संशोधन और परिवर्तन करने का निश्चय किया गया है।

उक्त सम्पत्ति की प्रविष्ट मूल्यांकन एवं कर निर्धारण सूची में की जाये तथा इस सम्पत्ति में आपका नाम स्वामी के रुप में अंकित किया जाए तथा इस सम्पत्ति का वार्षिक मूल्यांकन भवन कर व सफाई कर नियमानुसार निर्धारित किया जाना प्रस्तावित है।

पंजीकृत उपहारपत्र दिनांक 08-01-2024 की प्रमाणित प्रतियों के आधार पर उक्त सम्पत्ति के स्वामित्व अधिकार का अन्तरण हो जाने के कारण मूल्यांकन सूची में अंकित स्वामीनी श्रीमती माया खुल्बे पत्नी श्री प्रकाश चन्द्र खुल्बे के स्थान पर श्रीमती वत्सला जोशी पत्नी श्री महेन्द्र पाण्डे का नाम स्वामी के रुप में दर्ज किया जाना प्रस्तावित है।

अतः उपरोक्त प्रस्तावित संशोधन और परिवर्तन या मूल्य निर्धारण के सम्बन्ध में आपको कोई आपत्ति हो जो स्पष्ट तर्क संगत तथ्यों सहित अपनी आपत्ति लिखित रुप में स्वयं या अपने अभिकर्ता द्वारा इस नोटिस की तामील के दिनांक से एक माह के अंदर अधोहस्ताक्षरी को प्रेषित करें अन्यथा निर्धारित अवधि समाप्त होने वाले दिनांक के अगले दिन या उसके बाद संशोधन और परिवर्तन या मूल्य निर्धारण जैसी भी स्थिति हो का अधिप्रमाणिकरण कर दिया जायेगा।

अधिशासी अधिकारी
नगर पालिका परिषद, नैनीताल

**कार्यालय नगरपालिका परिषद, नैनीताल**

पत्रांक 2567/X-6 दिनांक : 12-02-2024

**नोटिस**

1- श्रीमती वत्सला जोशी पत्नी श्री महेन्द्र पाण्डे निवासी 147-149 तीन मूर्ति के पास साउथ एवेन्यू मध्य दिल्ली, दिल्ली। 110011

2- श्रीमती अमिता जोशी पत्नी श्री नरेन्द्र कश्यप पुत्री स्व० तारा दत्त जोशी निवासी वार्ड 2 हाउस नं० 46 अवन्तिका शमशेरपुर पॉवटा साहिब (टी) सिरमौर हिमांचल प्रदेश। 173025

आपको नगर पालिका अधिनियम की धारा 147 की उपधारा (1), (2) व (3) अधीन एतद् नोटिस द्वारा सूचित किया जाता है कि नगरपालिका परिषद, नैनीताल के भवन और भूमि सम्पत्ति मूल्यांकन एवं कर निर्धारण सूची मे क्षेत्र सं० 1 मकान नं० 197/ए वैष्णव कुंज रोहिला लौज कम्पा० तल्लीताल नैनीताल स्थित भवन के ग्राउन्ड फ्लोर क्षे० 693.12 वर्गफुट यानि 64.41 वर्गमी० सम्पत्ति जो पालिका अभिलेखों में श्रीमती कमला जोशी पत्नी स्व० श्री तारा दत्त जोशी के नाम से दर्ज चली आ रही है के सम्बन्ध में निम्नलिखित संशोधन और परिवर्तन करने का निश्चय किया गया है।

उक्त सम्पत्ति की प्रविष्ट मूल्यांकन एवं कर निर्धारण सूची में की जाये तथा इस सम्पत्ति में आपका नाम स्वामी के रूप में अंकित किया जाए तथा इस सम्पत्ति का वार्षिक मूल्यांकन भवन कर व सफाई कर नियमानुसार निर्धारित किया जाना प्रस्तावित है।

उक्त सम्पत्ति की स्वामीनी श्रीमती कमला जोशी पत्नी स्व० श्री तारा दत्त जोशी की मृत्यु उपरान्त, मृत्यु प्रमाण पत्र, शपथ पत्र एवं पंजीकृत इच्छापत्र दिनांक 19-06-2023 की प्रमाणित प्रतियों के आधार पर उक्त सम्पत्ति के स्वामित्व अधिकार का अन्तरण हो जाने के कारण मूल्यांकन सूची में अंकित स्वामीनी श्रीमती कमला जोशी पत्नी स्व० श्री तारा दत्त जोशी के स्थान पर श्रीमती वत्सला जोशी पत्नी श्री महेन्द्र पाण्डे का नाम स्वामी के रुप में दर्ज किया जाना प्रस्तावित है।

अतः उपरोक्त प्रस्तावित संशोधन और परिवर्तन या मूल्य निर्धारण के सम्बन्ध में आपको कोई आपत्ति हो जो स्पष्ट तर्क संगत तथ्यों सहित अपनी आपत्ति लिखित रुप में स्वयं या अपने अभिकर्ता द्वारा इस नोटिस की तामील के दिनांक से एक माह के अंदर अधोहस्ताक्षरी को प्रेषित करें अन्यथा निर्धारित अवधि समाप्त होने वाले दिनांक के अगले दिन या उसके बाद संशोधन और परिवर्तन या मूल्य निर्धारण जैसी भी स्थिति हो का अधिप्रमाणिकरण कर दिया जायेगा।

अधिशासी अधिकारी
नगर पालिका परिषद, नैनीताल

# किशोरावस्था के बदलावों की जानकारी दी



राजकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय रेहटा में आयोजित कार्यक्रम में मौजूद लोग।

संवाददाता, बाजपुर

**अमृत विचारः** समग्र शिक्षा अभियान के तहत माध्यमिक विद्यालयों में बालिकाओं के लिए दो दिवसीय एडोलेसेंस प्रोग्राम कार्यक्रम हुआ। जिसमें उप चिकित्सालय बाजपुर से डॉ. रेणुका ने छात्राओं को किशोरावस्था में होने वाले परिवर्तनों, जीवन कौशल विकास, शिक्षा एवं जनन स्वास्थ्य की जानकारी दी। एसएमसी अध्यक्ष बचनी देवी ने कार्यक्रम की सराहना करते हुए इसे बालिकाओं के लिए उपयोगी बताया।

मंगलवार को राजकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय रेहटा में आयोजित कार्यक्रम में प्रभारी डी आर बाराकोटी ने छात्रों को निर्णय क्षमता का विकास, स्वास्थ्य के मुद्दों को समझना, निर्णय क्षमता का विकास, हिंसा के खिलाफ आवश्यक कदम, परीक्षाओं का मानसिक दबाव और प्रेशर से बचने के उपाय बताए। प्रधानाचार्य दीपक शर्मा ने बच्चों को कई उपयोगी जानकारियां दीं। दो दिवसीए कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं द्वारा रोल प्ले कुछ नीमच और ड्राइंग कार्यक्रम प्रस्तुत किए। रोल प्ले में अंजलि, शिवानी, मनीषा, कशिश प्रथम-द्वितीय तथा निबंध में कनक व ड्राइंग में नैना, मनीषा, भावना विजेता रहे। उन्हें प्रधानाचार्य दीपक शर्मा ने पुरस्कृत किया। कार्यक्रम मैं एसएमसी अध्यक्ष बचनी देवी, विद्यालय के अध्यापक राज किशोर, गीता यादव, सोमनाथ सिंह, देवेंद्र सिंह अनिसुरहमान आदि उपस्थित थे।

### जीबी पंत विवि के विद्यार्थी हरीश का नामी कंपनी में चयन


चयनित विद्यार्थी हरीश सिंह राना के साथ अधिकारी।

**पंतनगर।** जीबी पंत विश्वविद्यालय के सेवायोजन एवं परामर्श निदेशालय के माध्यम से मैसर्स अडानी विल्मर लिमिटेड कंपनी ने साक्षात्कार के आधार विश्वविद्यालय के बीटेक एग्रीकल्चरल इंजीनियरिंग के विद्यार्थी हरीश सिंह राना का चयन किया है। चयनित विद्यार्थी को प्रशिक्षण के बाद करीब सात लाख रुपये प्रतिवर्ष का पैकेज दिया जाएगा। इसके लिए कुलपति डॉ. मनमोहन सिंह चौहान ने सेवायोजन एवं परामर्श निदेशालय के प्रयासों की सराहना की। साथ ही चयनित विद्यार्थी को शुभकामनाएं दीं। सेवायोजन एवं परामर्श निदेशक डॉ.एमएस नेगी ने बताया कि इसी प्रकार अन्य क्षेत्रों में भी यह निदेशालय प्रयासरत है।

**कार्यालय सहायक महाप्रबन्धक (संचालन)**
**उत्तराखण्ड परिवहन निगम, टनकपुर।**

पत्रांकः- 2589 ट.क्षे./स.म.प्र. (सं०) कैन्टीन /निविदा/2024 दिनांक :-13-02-2024

**टेण्डर**

**-: स्टॉलों के बाबत निविदा आमंत्रण :-**

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि उत्तराखण्ड परिवहन निगम टनकपुर डिपो के अन्तर्गत सितारगंज बस स्टेशन में स्टॉल हेतु निम्न् निविदा आमंत्रित की जाती है जिसका विवरण निम्नवत् है:-

1. जलपान गृह
2. जनरल मर्चेन्ट
3. फल स्टॉल

टनकपुर डिपो के सितारगंज बस स्टेशन बाबत इच्छुक ठेकेदारों से सील बन्द निविदा डाक / स्पीड पोस्ट/कार्यालय काउन्टर पर दिनांक 14-02-2024 से दिनांक 01-03-2024 समय मध्यान्ह 14:00 बजे तक आमन्त्रित की जाती है, दिनांक 01-03-2024 को ही 15:00 बजे गठित समिति एवं उपस्थित रहने वाले निविदाकर्ताओं के समक्ष प्राप्त निविदा खोली जायेगी। इस हेतु शर्ते एवं निविदा फार्म दिनांक 13-02-2024 से किसी भी कार्य दिवस में धनराशि रु. 100/- में प्राप्त किया जा सकता है। भविष्य में निर्धारित तिथि को अकस्मात सार्वजनिक अवकाश घोषित किये जाने पर निविदा कार्यालय खुलने के कार्य दिवस पर खोली जायेगी।

(नरेन्द्र गौतम)
सहायक महाप्रबन्धक (संचालन)


काशीपुर में आईटीआई का शैक्षिक भ्रमण करते स्कूल के विद्यार्थी। ● अमृत विचार

# विद्यार्थियों ने किया शैक्षिक भ्रमण

संवाददाता, काशीपुर

**अमृत विचारः** राजकीय इंटर कॉलेज बांसखेड़ा के विषय ऑटोमोटिव मॉडल के तहत कक्षा 9 व 10 के छात्रों ने व्यावसायिक शिक्षा के जिला कोऑर्डिनेटर मोहन देव के निर्देशन में काशीपुर में स्थित राजकीय आईटीआई (औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान) का शैक्षिक भ्रमण किया। जहां विद्यालय के ऑटोमोटिव प्रशिक्षक सौरभ कुमार ने ऑटोमोबाइल इंजीनियर व अन्य विभिन्न ट्रेड संबंधी जानकारी दी।

आईटीआई के प्रधानाचार्य जेपी टम्टा ने कहा कि सरकार द्वारा सरकारी स्कूल के विद्यार्थियों को व्यावसायिक शिक्षा के तहत विभिन्न विषयों का अध्ययन कराया जा रहा है। वहां पर विद्यालय के प्रधानाचार्य धीरेंद्र कुमार साहू, पीटीआई पूनम रानी, सीटू सागर, औद्योगिक संस्थान सहायक इंद्रजीत सिंह आदि मौजूद रहे।

दैनिक समाचार पत्र
कम खर्च, ज्यादा मुनाफा
अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
आवश्यकता, सूचना, नाम परिवर्तन, खोया-पाया, संबंध विच्छेद, शिक्षा, मेडिकल, टावर, व्यापार, बिक्री, प्रोपर्टी, लोन, बिकाऊ, ज्योतिष, टूर एण्ड ट्रैवल्स, मशीनरी के क्लासीफाइड बुक कराने हेतु सम्पर्क करें।
साइज व रेट
साइज -----5cmX4cm / 500
साइज -----6cmX4cm / 600
स्कीम - 2+1, 5+3, 9+6, 15+15
अमृत विचार क्लासीफाइड
विज्ञापन प्रकाशित कराने हेतु सम्पर्क करें :-
मो. 8077909468, 9837058539, 8954474523
नैनीताल : 6397067668, 8171371321, अल्मोड़ा : 9412962333
रूद्रपुर : 9837450888 काशीपुर : 8279474121, रामनगर : 9012387222
किच्छा : 9837777817, खटीमा : 7500981690
197/1, समता आश्रम गली, रामपुर रोड (बालाजी हॉस्पिटल के ठीक सामने)

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
लखनऊ, बरेली,मुरादाबाद, हल्द्वानी,अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित
कुमाऊं संस्करण
स्मृतियाँ शेष
निधन | अंतिम यात्रा | पुण्यतिथि
पीपलपानी | स्मृतियां | उठावनी | पगड़ी
अमृत विचार
साइज व रेट
साइज --------5cmX8cm / 1000 with GST
साइज -------10cmX8cm / 1800 with GST
साइज -------15cmX8cm / 2500 with GST
अन्य साइज कलर 25 रुपए प्रति वर्ग सेमी.।
शोक संदेश प्रकाशित कराने हेतु सम्पर्क करें :-
हल्द्वानी : 8077909468, 8954474523, नैनीताल : 8171371321
अल्मोड़ा : 9412962333, रुद्रपुर : 9837450888
काशीपुर : 8279474121, खटीमा : 7500981690
197/1, समता आश्रम गली, रामपुर रोड (बालाजी हॉस्पिटल के ठीक सामने)

## एक नजर

### कार की टक्कर से बुजुर्ग की हालत नाजुक

**रुद्रपुर।** पांच फरवरी को सड़क पार करते वक्त कार की टक्कर से बुजुर्ग की हालत नाजुक बनी हुई है। घायल को निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज कर चालक की तलाश शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार ग्राम भगवानपुर निवासी राजेश कुमार ने बताया कि पांच फरवरी को उसके पिता दशरथ भगवानपुर–रुद्रपुर मार्ग से घर जा रहे थे। अचानक तेज गति से आ रही क्रेटा कार ने शाम साढ़े छह बजे टक्कर मार दी। कार की टक्कर से पिता का सिर फट गया और पैर टूट गए। राहगीरों द्वारा पिता को जिला अस्पताल ले जाया गया। जहां डॉक्टरों ने हायर सेंटर रेफर कर दिया। बताया कि पिता की हालत नाजुक बनी हुई है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज कर चालक की तलाश शुरू कर दी है।

# प्रेम प्रसंग के चलते पूर्व पार्षद व उसके भाई के साथ मारपीट

**विवाद**

- मामला गांधी कॉलोनी का, दोनों पक्ष आमने-सामने

संवाददाता, रुद्रपुर

**अमृत विचार:** भाई के प्रेम प्रसंग का खामियाजा पूर्व पार्षद को भी भुगतना पड़ा। बताया जा रहा है कि प्रकरण को निपटाने के लिए पैसों की बात सुनकर लड़की पक्ष के लोग भड़क गए और उन्होंने मिलकर पूर्व पार्षद व उसके भाई से हाथापाई शुरू कर दी। मामला कोतवाली पहुंचने पर दोनों पक्षों के बीच समझौते के प्रयास शुरू हो गए।

बताते चलें कि गांधी कॉलोनी के पूर्व पार्षद के भाई का वहीं की रहने वाले एक लड़की से लंबे समय से प्रेम प्रसंग चल रहा है। बताया जा रहा है कि जब लड़की ने शादी का दबाव बनाया तो लड़के ने शादी से इंकार कर दिया। जिसको लेकर कॉलोनी में ही लड़की वालों ने हंगामा काटना शुरू कर दिया तो पूर्व पार्षद ने पैसा लेकर मामला रफा दफा करने की बात कह दी। इसके बाद लड़की पक्ष के लोगों का पारा चढ़ गया। उन्होंने मिलकर पूर्व पार्षद व उसके भाई की धुनाई करनी शुरू कर दी। प्रकरण को लेकर दोनों पक्ष कोतवाली पहुंचे। जहां दोनों पक्ष आमने सामने होने के बाद समझौते के प्रयास शुरू होने लगे। कोतवाल धीरेंद्र कुमार ने बताया कि दोनों पक्षों की ओर से अभी कोई तहरीर नहीं आई है। शिकायती पत्र आने के बाद पुलिस जांच कर कार्रवाई करेगी।

### विधायक अरोरा ने रिंग रोड के शीघ्र निर्माण की उठाई मांग, केंद्रीय मंत्री ने एचएचएआई अफसरों को दिए निर्देश

# 1100 करोड़ की रिंग रोड देने पर गडकरी का आभार जताया

**मिलेगी राहत**

- विधायक शिव अरोरा ने पंतनगर एयरपोर्ट पर गडकरी से की भेंट
- रिंग रोड बनने से शहर को जाम की समस्या से मिलेगी निजात

संवाददाता, रुद्रपुर



केंद्रीय मंत्री गडकरी का बुके देकर स्वागत करते सीएम धामी। ● अमृत विचार

**अमृत विचार:** टनकपुर में एनएचआई के कार्यक्रम में शामिल होने जा रहे केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी से विधायक शिव अरोरा ने पंतनगर एयरपोर्ट पर शिष्टाचार भेंट की देवभूमि उत्तराखंड आगमन पर स्वागत किया। इस दौरान विधायक आरोरा ने रुद्रपुर को 1100 करोड़ की रिंग रोड देने पर केंद्रीय मंत्री का आभार जताया।

मंगलवार को एयरपोर्ट में मुलाकात के दौरान विधायक अरोरा ने कहा कि वर्ष 2019 में उनके जिलाध्यक्ष रहते रिंग रोड का जो प्रस्ताव दिया था। आपके द्वारा 1100 करोड़ का प्रस्ताव स्वीकृत होकर उसके भूमि अधिग्रहण का कार्य भी पूर्ण हो गया है। उन्होंने कहा कि रुद्रपुर क्षेत्र में रिंग रोड बनने जा रहा है जिससे बहुत बड़े जाम से क्षेत्र की जनता को मुक्ति मिलने वाली है। उन्होंने रिंग रोड के निर्माण में हो रही देरी को देखते हुए शीघ्र इसका निर्माण कार्य प्रारंभ करवाया जाए, जिस पर केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री गडकरी ने एनएचआई अधिकारियों को रिंग रोड के कार्य को जल्द से जल्द प्रारंभ करने के निर्देश दिये। विधायक अरोरा ने कहा आपके प्रयासों से ही आज देश में चारों ओर सड़कों का जाल बिछाया जा रहा है जो नये भारत विकसित भारत की ओर बढ़ते कदम को दर्शाता है।

### सीएम ने एयरपोर्ट पर किया मंत्री गडकरी का स्वागत

**रुद्रपुर।** केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी का पंतनगर एयरपोर्ट पहुंचने पर मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी और केंद्रीय रक्षा राज्यमंत्री अजय भट्ट ने बुके देकर स्वागत किया। इसके बाद केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री गडकरी, मुख्यमंत्री धामी और केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री अजय भट्ट पुलिस लाइन हेलीपैड से हेलीकॉप्टर से टनकपुर आयोजित कार्यक्रम में प्रतिभाग करने के लिए रवाना हुए।

# छात्रा पर हमला करने का आरोपी साथी समेत गिरफ्तार

### घटनास्थल पर उसका दोस्त लेकर पहुंचा था युवक को, युवती से एक तरफा प्यार में दिया आरोपी ने घटना को अंजाम

**कार्रवाई**

संवाददाता, काशीपुर



युवती पर हमले के आरोपियों के साथ पुलिस टीम। ● अमृत विचार

**अमृत विचार:** कोचिंग के लिए जा रही छात्रा पर धारदार हथियार से हमला करने वाले आरोपी सहित दो लोगों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी से पुलिस ने एक तमंचा और पाटल बरामद किया है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है।

मामले का खुलासा करते हुए सीओ अनुषा बडोला ने बताया कि सोमवार शाम खालसा निवासी एक युवती अपनी बहन व उसकी सहेली के साथ कोचिंग के लिए जा रही थी। तभी मोहल्ले के ही युवक फरदीन ने युवती पर धारदार हथियार से हमला कर दिया। जिससे युवती के सिर व हाथ में गंभीर चोटें आईं। शोर होने पर आसपास के लोगों के एकत्र होने पर युवक वहां से भाग गया। जिसके खिलाफ युवती के पिता ने मुकदमा दर्ज कराया था। आरोपी की तलाश में पांच टीम लगाई गई थी। जिसमें से एक टीम आरोपी की तलाश में यूपी के मुरादाबाद भी दबिश देने गई थी। घटना के बाद से युवक के परिजन भी घर से गायब हो गये थे। जिसके बाद पुलिस ने युवक की तलाश शुरू कर दी थी और उसके कुछ रिश्तेदारों को पूछताछ के लिए हिरासत में लिया था। मंगलवार को आरोपी फरदीन और बाइक से घटना स्थल पर उसको लेकर पहुंचे उसके दोस्त रउफ को गिरफ्तार कर लिया है और उसका चालान कर उसे कोर्ट में पेश किया।

उधर युवती के परिजनों ने फरदीन के परिजनों पर भी घटना में संलिप्तता होने की आशंका जताई थी, जिसकी पुलिस जांच कर रही है। इस दौरान पुलिस टीम में कोतवाल मनोज रतूड़ी, एसएसआई प्रदीप मिश्रा, एसआई विपुल जोशी, सुनील सुतेड़ी, संतोष देवरानी, कंचन पड़लिया, एएसआई प्रकाश बोरा, कांस्टेबल प्रेम कनवाल, मुकेश कुमार, दीपक कुमार, गिरीश मठपाल, ईश्वर सिंह, गजेंद्र गिरी, किशोर फत्र्याल, सुरेंद्र सिंह, दीपक जोशी, रमेश पाण्डेय, अनिल कुमार, अमरदीप सिंह, मनोज कुमार, एसपीओ राहुल व माजिद शामिल रहे।

### बार एसोसिएशन ने वकीलों से की सहयोग की अपील

**काशीपुर।** बार एसोसिएशन ने अपने सदस्य वकीलों से युवती पर हुए जानलेवा हमले के मामले में पीड़ित युवती के पिता को सहयोग करने की अपील की है। बार एसोसिएशन के सचिव नृपेंद्र कुमार चौधरी ने एक सूचना जारी कर कहा कि सोमवार को बार एसोसिएशन के कैंटीन संचालक की पुत्री पर कुछ असामाजिक तत्वों द्वारा जानलेवा हमला कर घायल कर दिया था। जिसके दृष्टिगत उन्होंने इस मामले में सभी सदस्यों से सहयोग करने की अपील की है।

# युवती से एकतरफा प्यार में दिया घटना को अंजाम

**हमला**

- अंतिम बार युवती से शादी का प्रस्ताव रखने गया था युवक, न मानने पर जान से मारने को किया हमला

संवाददाता, काशीपुर

**अमृत विचार:** युवती पर जानलेवा हमला करने वाला युवक फरदीन युवती से एकतरफा प्यार करता था और उसे पाने के लिए किसी भी हद तक जाने को तैयार था। जिसको लेकर युवक युवती से कई बार प्यार का इजहार कर शादी का प्रस्ताव रख चुका था। लेकिन युवती के बार-बार मना करने पर उस पर पागलपन सवार हो चुका था। तीन बार वह युवती से अभ्रदता भी कर चुका था और मामले में युवती के परिजनों ने पुलिस से शिकायत भी की थी।

वर्ष 2022 में पुलिस ने उस पर मुकदमा भी दर्ज किया था और वह जेल भी गया था। लेकिन कोर्ट में नाबालिग साबित होने के कारण वह छूट गया था। लेकिन उसका एक तरफा प्यार का भूत नहीं उतरा। वर्तमान में जमानत पर होने के बावजूद वह युवती से शादी करने की जिद पर अड़ा था। उसने अंतिम बार युवती से शादी का प्रस्ताव रखने की ठानी। साथ ही युवती के मना करने पर उसे जान से मारने की योजना बना डाली। इसको लेकर उसने मोहल्ला लोहरियान से एक दुकान से डेढ़ सौ रुपये में पाटल भी खरीदा था।

योजना के तहत युवक ने सोमवार को कोचिंग जाते समय उसने युवती के समक्ष शादी करने का प्रस्ताव रखा और मना करने पर पाटल से जानलेवा हमला कर दिया।

### फरदीन सहित आठ लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज

**काशीपुर।** पीड़ित युवती के पिता ने फरदीन सहित उसके परिजनों पर भी घटना में शामिल होने और पूर्व में दर्ज मुकदमा वापस लेने के लिए घर में घुसकर मारपीट व धमकी देने का आरोप लगाया था। मामले में पुलिस ने फरदीन सहित आठ लोगों पर नामजद मुकदमा दर्ज किया है। पीड़ित युवती के पिता ने पुलिस को दी तहरीर में कहा है कि उनकी बेटी को ट्यूशन जाते समय फरदीन व उसके दोस्त रउफ ने पीछा कर उसका हाथ पकड़ लिया और जबरन बाइक में बैठाने का प्रयास किया। बेटी के विरोध करने पर आरोपी ने धारदार हथियार से बेटी पर हमला कर दिया। मौके पर मौजूद उसके परिजनों पर फरदीन को उकसाने का आरोप भी है। वहीं घटना की सूचना पर पीड़िता के मां के घर से निकलते समय युवक के अन्य परिजनों पर घर में घुसकर मारपीट करने और पूर्व में दर्ज मुकदमे वापस लेने का आरोप भी है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर फरदीन सहित आठ लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। कोतवाल मनोज रतूड़ी ने बताया कि मुख्य आरोपी फरदीन व उसके दोस्त रउफ को गिरफ्तार कर लिया गया है।



काशीपुर में अस्पताल में घायल छात्रा का हालचाल जानते भाजपा नेता दीपक बाली।

### भाजपा नेता दीपक बाली ने जाना छात्रा का हाल

**काशीपुर।** भाजपा नेता दीपक बाली ने बीते दिन हमले में गंभीर रूप से घायल हुई छात्रा का अस्पताल पहुंचकर हालचाल जाना। साथ ही घायल छात्रा के परिजनों से मुलाकात कर हर संभव मदद करने की बात कही। मंगलवार को देहरादून से काशीपुर पहुंचे भाजपा नेता दीपक बाली ने घटना पर गहरा दुख व्यक्त करते हुए कहा कि पुलिस ने घटना के तुरंत बाद जिस तरह से त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी को गिरफ्तार किया है उससे वह पुलिस की कार्यवाही से संतुष्ट हैं। उन्होंने पीड़ित परिवार को सुरक्षा और न्याय दिलाने की बात कही। बाली ने मुरादाबाद रोड स्थित एक प्राइवेट अस्पताल में पहुंचकर उपचाराधीन छात्रा का हालचाल जाना। इसके बाद बाली ने महेशपुर स्थित वाल्मीकि धर्मशाला पहुंचकर उन पर्यावरण मित्रों को भी सम्मानित किया। जिन्होंने बीते दिन उक्त छात्रा पर हुए हमले के दौरान मदद कर उसकी जान बचाई थी। वहां पर मुकेश चावला, गगन कांबोज, अमित सक्सेना, पवित्र शर्मा, मनोज बाटला, सूरज कांबोज, उदित शर्मा, अभिताभ सक्सेना एडवोकेट, शशिकांत गुप्ता आदि मौजूद रहे।

### युवती को बचाने वाले पर्यावरण मित्र होंगे सम्मानित

**काशीपुर।** एकतरफा प्यार में युवती पर हमला करने वाले युवक से वहां काम कर रहे पर्यावरण मित्रों ने युवती को बचाया। जिनके न होने पर बड़ी अप्रिय घटना भी घटित हो सकती थी। दरअसल युवती पर जब आरोपी युवक फरदीन ने धारदार हथियार से हमला किया। उस समय वहां पर कुछ पर्यावरण मित्र काम कर रहे थे। जो शोर शराबा होने पर युवती को बचाने के लिए भागे। इस दौरान युवक ने उनको भी पाटल दिखाकर डराने का प्रयास किया। लेकिन पर्यावरण मित्रों ने बिना डरे युवती को बचाया। जिसके बाद युवक वहां से भाग गया और युवती की जान बच गई। पर्यावरण मित्रों के इस साहस को देखते हुए पुलिस उन पर्यावरण मित्रों को सम्मानित करेगी।

# दुष्कर्म कर युवती को बेचने के आरोप में पांच गिरफ्तार

संवाददाता, बाजपुर



पकड़े गए आरोपियों के साथ पुलिस टीम। ● अमृत विचार

**अमृत विचार:** दुष्कर्म व युवती को बेचने के आरोप में पुलिस द्वारा पांच लोगों को गिरफ्तार किया गया है जिन्हें न्यायालय में पेश किया गया जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया है।

बरहैनी क्षेत्र की एक महिला ने एक फरवरी को कोतवाली में मामला दर्ज कराते हुए बहन के साथ दुष्कर्म करने व बहन को बेचने का आरोप लगाते हुए तहरीर दी थी। मामले को गंभीरता से लेते हुए पुलिस टीम 11 दिन की जांच के बाद सात को घटना में लिप्त पाया। जिसमें मडैय्या हट्टू बरहैनी राजो कौर पत्नी महेन्द्र सिंह ,ककराला गुलरभोज थाना गदरपुर निवासी राजू सिंह पुत्र बलवीर सिंह, सेमल चौड़ बैलपड़ाव नैनीताल निवासी बलजीत सिंह उर्फ बब्बू पुत्र गोपाल सिंह, गोपाल सिंह पुत्र मूंछा सिंह, बबली उर्फ रानू कौर पत्नी गोपाल सिंह को गिरफ्तार किया है। एसएसआई जसवीर चौहान ने बताया कि प्रतिमा भट्ट प्रभारी महिला हैल्पलाइन काशीपुर को मामले की जांच सौंपी गई थी। आरोपियों की गिरफ्तारी हेतु पुलिस टीम लगातार दबिश दी गई।

### पत्नी पर किया जानलेवा हमला, धमकी दी

**रुद्रपुर।** पति से अलग रह रही विवाहिता ने पति पर जानलेवा हमला करने का आरोप लगाया है। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

पहाड़गंज वार्ड-15 निवासी रुकसार ने बताया कि बीते 3 फरवरी को उसका पति तबरेज निवासी धरामनगर आर्वेला बरेली यूपी अचानक उसके मायके चला आया। उस वक्त वह घर पर अकेली थी तभी पति ने लात घूंसों से पीटने के बाद उसका सिर दीवार पर मारकर उसे गंभीर रूप से घायल कर दिया। शोर मचाने पर पति जान से मारने की धमकी देकर फरार हो गया। पीड़िता का आरोप है कि पति दूसरी शादी करने की फिराक में है। पति से उसे जान का खतरा बना हुआ है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

# गन्ना उत्पादन की नई तकनीक बताई

संवाददाता, काशीपुर



फोटो लाइन13केएसपी 05पी–काशीपुर में गोष्ठी में मौजूद किसान व अधिकारी। ● अमृत विचार

**अमृत विचार:** गन्ना किसानों की प्रदेश स्तरीय गोष्ठी में गन्ना वैज्ञानिकों ने गन्ने की उन्नत प्रजाति लगाने व गन्ना उत्पादन की नवीनतम तकनीक की जानकारी दी। इस दौरान पिथौरागढ़ व चमोली से आये किसानों को टिश्यू कल्चर से तैयार पौधे भी दिये गये। वहीं गन्ने की अच्छी खेती करने वाले प्रगतिशील किसानों को सम्मानित किया गया।

मंगलवार को गन्ना विकास एवं चीनी उद्योग आयुक्त कार्यालय सभागार में गन्ना किसान संस्थान एवं प्रशिक्षण केंद्र व गन्ना विकास विभाग द्वारा गन्ना एवं चीनी आयुक्त चंद्र सिंह धर्मशक्तु की अध्यक्षता में प्रदेश स्तरीय गोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसमें गोविंद बल्लभ पंत कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय पंतनगर के प्राध्यापक डॉ. आनंद सिंह जीना ने गन्ने की उन्नत प्रजातियां व गन्ना उत्पादन की नवीनतम तकनीक आदि विषय पर जानकारी दी। पंत विश्वविद्यालय के सहायक प्राध्यापक डॉ. रवि मौर्य ने गन्ने में लगने वाले विभिन्न प्रकार के कीट एवं रोगों की पहचान, लगने का समय, नियंत्रण आदि के बारे में बताया। गन्ना अनुसंधान केंद्र काशीपुर के प्रभारी अधिकारी डॉ. संजय कुमार ने गन्ने में उर्वरक प्रबंधन, बुवाई की विधियां एवं संपूर्ण गन्ना प्रबंधन की जानकारी दी। उत्तराखंड में जैविक गन्ना खेती को बढ़ावा देने के उद्देश्य से जैविक बोर्ड देहरादून के डॉ. देवेंद्र सिंह नेगी ने जैविक गन्ने की खेती की जानकारी दी।

**आलोचना** — नेता प्रतिपक्ष ने किसानों को दिल्ली मार्च से रोकने के लिए अपनाए जा रहे तरीकों की निंदा की

# किसानों के साथ अन्याय कर रही भाजपा सरकार : आर्य

संवाददाता, बाजपुर



बाजपुर के बरहैनी में जनता से मिलते नेता प्रतिपक्ष यशपाल आर्य। ● अमृत विचार

**अमृत विचार:** देश के किसान तीन काले कृषि कानूनों को वापस लेते समय दिए गए आश्वासनों के पूरा न होने के विरोध में नई दिल्ली तक मार्च कर रहे हैं। इस दौरान दिल्ली व हरियाणा पुलिस द्वारा किसानों को रोकने व उनके अधिकारों से उन्हें वंचित करने के लिए जिन तरीकों का इस्तेमाल किया जा रहा है, वह बेहद अलोकतांत्रिक है। यह कृत्य केंद्र सरकार की किसान विरोधी मानसिकता को दिखाता है।

यह बात नेता प्रतिपक्ष यशपाल आर्य ने कही। वह यहां पूर्व ज्येष्ठ प्रमुख राणा इंदरपाल सिंह उर्फ पिंटू के यहां समागम में आए थे। आर्य ने कहा कि किसानों के आंदोलन का कारण स्पष्ट है। चाहे वह पूंजीपतियों की मदद के लिए भूमि अधिग्रहण कानून में संशोधन करने की कोशिश हो अथवा तीन काले कृषि कानून लाना रहा हो, केन्द्र सरकार ने हर तरह से किसानों को नुकसान पहुंचाने का प्रयास किया है। किसानों को न्यूनतम समर्थन मूल्य की गारंटी भी आज तक नहीं मिली है। किसानों के लिए बाज़ार को कमज़ोर करने का कार्य किया गया है। यहां तक कि यह सरकार किसानों को उचित लागत मूल्य देने में भी विफल रही है। 2004-14 की अवधि में कांग्रेस सरकार के दौरान गेहूं के न्यूनतम समर्थन मूल्य में 126 फीसदी की बढ़ोतरी की गई थी। अगर वर्तमान सरकार द्वारा किसानों को वहीं न्यूनतम समर्थन मूल्य प्रदान किया जाता तो आज उन्हें गेहूं का प्रति क्विंटल मूल्य 3277 रुपये मिल रहा होता। वर्तमान में यह 2275 रुपये है।

आर्य ने कहा कि आज किसान ऋण के दुष्चक्र में फंसते जा रहे हैं। वर्ष 2013 से किसानों के ऊपर कर्ज में 60 फीसदी बढ़ोतरी हुई है और इससे उनकी स्थिति बेहद खराब हो चुकी है। प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के तहत बीमा करवाने वाले लाखों किसानों को उनके क्लेम के भुगतान में देरी का सामना करना पड़ता है। सरकार के अपने ही आंकड़ों के मुताबिक़ वर्ष 21-22 में लगभग 2761 करोड़ रुपए के क्लेम लंबित हैं। वर्ष 2022 तक किसानों की आय दोगुनी करने के बड़े-बड़े दावों और भाषणों की आड़ में अन्नदाता की वास्तविकता को छुपाने की कोशिश की गई है। हकीकत यह है कि किसान कर्ज में डूबे हैं और उन्हें फसल बीमा की राशि भी नहीं मिल रही है। किसानों को न्यूनतम समर्थन मूल्य की गारंटी आज तक नहीं मिली है। आर्य ने कहा कि भाजपा सरकार ने कभी किसानों के हित की बात नहीं की। यह सरकार किसान व मजदूर के दुःख को नहीं समझ रही। किसानों को न्यूनतम समर्थन मूल्य मिलना चाहिए। कांग्रेस का समर्थन किसान, मजदूर और आढ़तियों के साथ है।

# सोशल मीडिया से करें जागरूक

**निर्देश**

- मतदाता जागरूकता के लिए वृहद स्तर पर चलाएं अभियान
- जिला निर्वाचन अधिकारी ने अधिकारियों को दिये निर्देश

संवाददाता, रुद्रपुर

**अमृत विचार:** जिला निर्वाचन अधिकारी एवं जिलाधिकारी उदयराज सिंह ने मतदाता जागरूकता अभियान के तहत चल रही गतिविधियों की समीक्षा की। इस दौरान उन्होंने अधिकारियों को मतदाता जागरूकता बढ़ाने और निर्वाचन में मतदान बढ़ाने के लिए वृहद स्तर पर जन जागरूकता अभियान चलाने के निर्देश दिये।

मंगलवार को समीक्षा के दौरान जिला निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि जन-जागरूकता के लिए सोशल मीडिया के विभिन्न प्लेटफार्म का भी सहारा लिया जाए और प्रतिदिन संचालित गतिविधियों को सोशल मीडिया पर साझा किया जाये। उन्होंने वीडियो जारी करते हुए जनपद के सभी सम्मानित मतदाताओं से अपील करते हुए कहा कि आगामी सामान्य लोक सभा निर्वाचन 2024 में लोकतंत्र की मजबूती के लिए मतदान अवश्य करें। साथ ही अपने परिजनों, मित्रों व परिचितों को भी मतदान के लिए प्रेरित करें। इसके साथ ही उन्होंने सभी नव युवकों से भी विशेष अपील करते हुए कहा कि यदि एक जनवरी 2024 को 18 वर्ष की आयु पूर्ण हो चुकी है और उनका नाम मतदाता सूची में दर्ज नहीं है तो ऐसे नव युवक वोटर एप या voters.eci.gov.in के माध्यम से पंजीकरण कर सकते हैं। अन्य किसी भी जानकारी के लिए टोल फ्री नंबर 1950 पर भी संपर्क कर सकते हैं।

### मुख्य निर्वाचन अधिकारी आज रुद्रपुर में

**रुद्रपुर।** मुख्य निर्वाचन अधिकारी बीवीआरसी पुरुषोत्तम एक दिवसीय जनपद भ्रमण पर रहेंगे। यह जानकारी जिलाधिकारी एवं जिला निर्वाचन अधिकारी उदयराज सिंह ने दी। उन्होंने बताया कि मुख्य निर्वाचन अधिकारी 14 फरवरी को सुबह 10 बजे डॉ .एपीजे अब्दुल कलाम सभागार में नैनीताल–ऊधमसिंह नगर लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 की प्रारंभिक तैयारियों के संबंध में समीक्षा करेंगे। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को तय समय पर पूरी तैयारियों साथ स्वयं प्रतिभाग करने के निर्देश दिए।

## एक नजर

### महिला सशक्तिकरण को लेकर किया जागरूक

**काशीपुर।** राधेहरि राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में राष्ट्रीय महिला दिवस पर एक गोष्ठी का आयोजन किया गया। इस दौरान छात्राओं को महिला सशक्तिकरण के बारें में जागरूक किया गया। मंगलवार को महाविद्यालय में 78 यूके बटालियन हल्द्वानी के कमान अधिकारी कर्नल कुंदन शर्मा एवं प्रशासनिक अधिकारी लेफ्टिनेंट कर्नल थापा के निर्देशन में आयोजित कार्यक्रम का शुभारंभ प्रभारी प्राचार्य डॉ. सुभाष चंद्र कुशवाहा ने दीप प्रज्जवलित कर किया। इस दौरान बालिका विंग की एनसीसी लेफ्टिनेंट डॉ. लक्ष्मी देवी और पुरुष विंग लेफ्टिनेंट डॉ. प्रणवीर प्रताप सिंह ने छात्र-छात्राएं और एनसीसी कैडेट को महिला सशक्तिकरण के बारे में जानकारी दी। वहां पर डॉ. मीना शर्मा, डॉ. जानकी सुयाल, डॉ. पुनीता कुशवाहा, डॉ. सविता पांडे, डॉ. रीता देवी, डॉ. कोमल खाती आदि मौजूद रहे।

### अवैध शराब बेच रहे युवक को किया गिरफ्तार

**काशीपुर।** पुलिस ने गश्त के दौरान 24 लीटर कच्ची शराब के साथ एक तस्कर को गिरफ्तार कर उसका आबकारी एक्ट में चालान किया है। कुंडा थाना पुलिस ने गश्त के दौरा प्रगति कॉलेज के पीछे ग्राम सरवरखेड़ा से कच्ची शराब की तस्करी करते ग्राम सरवरखेड़ा निवासी गुरप्रीत सिंह को गिरफ्तार किया। उसके कब्जे से पुलिस ने 48 पाउच करीब 24 लीटर अवैध कच्ची शराब बरामद की। गिरफ्तार करने वाली टीम में एसआई मनोहर चन्द व मनोज जलाल, कांस्टेबल त्रिलोक सिंह शामिल रहे।

### नाले में पलटी कार चालक घायल



**बाजपुर।** कार नाले में पलटने से चालक बुरी तरह घायल हो गया। उसे आसपास के लोगों ने बाजपुर के जिला उप चिकित्सलय में भर्ती कराया। जहां से चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार करने के बाद उसे हायर सेंटर रेफर कर दिया। मंगलवार सुबह लगभग नौ बजे गांव रेहटा निवासी रज्जन सिंह (50) पुत्र रामभरोसे लाल गांव रेहटा स्थित अपनी दुकान से अल्टो कार से बाजपुर की ओर आ रहा था। ग्राम रेहटा में मुख्य मार्ग पर एक कारखाने के पास कार खेतों में जाकर पलट गई। जिससे चालक रज्जन सिंह बुरी तरह घायल हो गया।

# विधायक बेहड़ ने सुनीं जन समस्याएं अफसरों को दिए समाधान के निर्देश

## जन संवाद कार्यक्रम में सुबह से ही लगा रहा फरियादियों का तांता

अभियान

संवाददाता, किच्छा



किच्छा में समस्याएं सुनते विधायक तिलक राज बेहड़। ● अमृत विचार

**अमृत विचारः** पूर्व स्वास्थ्य मंत्री एवं किच्छा विधायक तिलक राज बेहड़ ने जन संवाद कार्यक्रम के तहत विधानसभा के तमाम क्षेत्रों से आए लोगों की समस्याएं सुनीं और समस्याओं का संज्ञान लेते हुए संबंधित विभाग के अधिकारियों को तत्काल कार्यवाही के निर्देश दिए।

कांग्रेस विधायक तिलक राज बेहड़ ने आवास विकास स्थित कार्यालय में नगर एवं ग्रामीण क्षेत्र से आए दर्जनों लोगों की समस्याएं सुनीं। इस दौरान सुबह से ही कार्यालय पर फरियादियों का तांता लगना शुरू हो गया। विधायक बेहड़ ने कहा कि उनके द्वारा किच्छा विधानसभा को मॉडल विधानसभा बनाने के लिए हर संभव प्रयास किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि दलगत राजनीति से ऊपर उठकर विधानसभा के प्रत्येक कोने में विकास कार्य कराए जा रहे हैं। इस दौरान पूर्व प्रधान संघ के कैलाश जोशी, गुलशन सिंधी, राजेंद्र सिंह ने विधायक बेहड़ को कोरोना काल की वजह से प्रभावित होने के कारण त्रिस्तरीय चुनाव की अवधि का कार्यकाल 2 वर्ष बढ़ाए जाने की मांग को लेकर मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन सौंपा।

इस दौरान विधानसभा के लालपुर स्थित केवी पुरम निवासी शीतल, कमलजीत कौर, अंकुश सक्सैना, अजय कुमार, निया जोशी, दीपक कोटियाल, किरण कोटियाल, जसविंदर कौर सहित तमाम लोगों ने क्षेत्र में ढाई - ढाई सौ मी दो सड़क एवं नाली निर्माण की मांग करते हुए समस्या से अवगत कराया। वार्ड 15 निवासी छोटी बेगम, वार्ड 12 निवासी इदरीश जहां, वार्ड 13 निवासी यासमीन बेगम ने पुत्र एवं पति के इलाज के लिए आर्थिक मदद दिलाने का आग्रह किया। इस मौके पर तमाम फरियादियों ने पेंशन, राशन कार्ड, आर्थिक सहायता, बिजली, पानी, स्वास्थ्य, शिक्षा, सड़क-नाली निर्माण, जल भराव आदि समस्याएं दर्ज कराई। लोगों की समस्याएं सुनने के बाद विधायक बेहड़ ने कई समस्याओं का मौके पर ही निस्तारण कर दिया तथा अन्य समस्याओं से संबंधित विभागीय अधिकारियों को तत्काल कार्यवाही के निर्देश दिए। मौके पर नगर पालिका के पूर्व अध्यक्ष दर्शन कोली, कांग्रेस नगर अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी बबलू, सुनीता कश्यप, गुड्डू तिवारी ओमप्रकाश दुआ, नितिन शर्मा, अशोक मित्रा, धर्मेंद्र सिंधी, कुलदीप सिंह, दीप हंसपाल आदि मौजूद रहे।

### एटीएम कार्ड बदलकर युवक ने लगाई 20 हजार की चपत

**गदरपुर।** एटीएम कार्ड से पैसे निकालने गई महिला को बातों में उलझाकर बदमान ने महिला का एटीएम कार्ड बदल लिया और 20 हजार रुपये निकाल लिए।

ग्राम भगवंत नगर स्वार रामपुर निवासी अमन कौर पुत्री कुलदीप चंद ने गदरपुर थाने में तहरीर देकर कहा कि उसकी बहन कन्नू प्रिया का खाता स्टेट बैंक में है। उसका कहना था कि 9 फरवरी को अपनी बहन का एटीएम कार्ड लेकर नगर के पंजाब नेशनल बैंक के एटीएम केंद्र पहुंची। इस दौरान एक युवक उसको देखकर एटीएम के बगल में खड़ा हो गया। जब उसने अपनी बहन कन्नू प्रिया का एटीएम मशीन में लगाया और पासवर्ड डालकर बैलेंस चेक करने लगी तो युवक ने उसका पासवर्ड देख लिया। महिला के अनुसार जब उसने पैसे निकालने की कोशिश की तो खाते से पैसे नहीं निकले। जब दोबारा कोशिश की तो उक्त युवक ने मदद करने की बात कही। इसी दौरान युवक ने अमन कौर को बातों में उलझाकर एटीएम कार्ड बदल लिया। कुछ ही समय बाद उक्त युवक ने एटीएम कार्ड से 20 हजार 80 रुपए निकाल लिए। उसने तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की।

थाना अध्यक्ष भुवन चंद जोशी ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है। जांच के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# गेहूं के खेतों से मिट्टी उठान पर किसानों में आक्रोश



एसडीएम बाजपुर को ज्ञापन देकर जानकारी देते किसान। ● अमृत विचार

संवाददाता, बाजपुर

**अमृत विचारः** ग्राम केशोवाला में सड़क निर्माण में किसानों के गेहूं लगे खेतों से मिट्टी उठान को लेकर किसान आक्रोशित हो गए। उन्होंने एसडीएम से शिकायत कर मिट्टी उठान बंद करवाने की मांग की। इस दौरान कार्रवाई न करने पर किसानों की सिंचाई विभाग के जेई से तीखी झड़प हुई।

ग्राम पंचायत केशोवाला में पीसी सड़क का निर्माण कराया जा रहा है। जिसमें किसानों के खेतों में से ठेकेदार द्वारा मिट्टी उठाकर सड़क के किनारे डाले जाने का विरोध किया गया। मंगलवार को आक्रोशित किसानों भाकियू के कुमाऊं मंडल अध्यक्ष विक्की रंधावा की अगुवाई में एसडीएम राकेश चंद तिवारी से मिले और समस्याओ से संबंधित ज्ञापन सौंपकर कार्यवाही करने की मांग की। ज्ञापन में कहा गया कि ठेकेदार द्वारा सडक पर मिट्टी बाहर से लाकर डाली जाए किसानों की गेहू की फसल बर्बाद न की जाए। किसानों ने गांव में सिंचाई नहर के किनारे कॉलोनी वासियों द्वारा पेड़ लगाने एवं गंदा पानी डालने को लेकर एसडीएम राकेश चंद तिवारी से शिकायत की। इस दौरान कार्रवाई नहीं करने को लेकर सिंचाई विभाग के अवर अभियंता से कार्रवाई न करने पर तीखी झड़प भी हुई। इस मौके पर गुरजीत सिंह, लखबीर सिंह, महेंद्र सिंह, गुरपाल सिंह, सतनाम सिंह, बलराज सिंह, जसवंत सिंह, गुरदास सिंह, लड्डू सिंह आदि मौजूद रहे।

# दो हाईस्कूलों को उच्चीकृत करने का प्रस्ताव भेजा

संवाददाता, काशीपुर

**अमृत विचारः** शिक्षा विभाग ने दो हाईस्कूलों को उच्चीकृत करने की कवायद शुरू कर दी है। यदि सब कुछ ठीक-ठाक रहा और प्रस्ताव पर मंजूरी मिली तो छात्रों को इसका लाभ मिलने लगेगा।

दरअसल काशीपुर ब्लॉक में पांच राजकीय इंटर कॉलेज, दो जीजीआईसी और 13 राजकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय हैं। इनमें राजकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मानपुर में कक्षा 10 के बाद स्कूली छात्र-छात्राओं को आगे की पढाई करने के लिए 6-8 किमी दूर काशीपुर में इंटर कॉलेजों की दौड़ लगानी पड़ती है। इसके अलावा राजकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय शिवलालपुर अमरझंडा के छात्रों को परीक्षा उत्तीर्ण करने के बाद कई किमी की दूरी तय करनी पड़ती है। इससे विद्यार्थियों को आने-जाने में काफी परेशानी उठानी पड़ती है। अब शिक्षा विभाग ने दोनों विद्यालयों को इंटर स्तर पर उच्चीकृत करने के लिए प्रस्ताव तैयार कर मुख्यालय भेजे हैं। बीईओ आरएस नेगी ने बताया कि राजकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मानपुर और शिवलालपुर अमरझंडा को इंटर स्तर तक उच्चीकृत करने के प्रस्ताव मुख्यालय भेजे गए हैं। शीघ्र ही दोनों विद्यालयों के प्रस्तावों को स्वीकृति मिलने की संभावना है।

# मानदेय न बढ़ाने पर केन्द्रों पर तालाबंदी की चेतावनी

आंदोलन

- मांगों को लेकर आंगनबाड़ी वर्कर्स ने एसडीएम को सौंपा ज्ञापन
- 16 फरवरी को जिला मुख्यालय पर करेंगे धरना-प्रदर्शन

संवाददाता, खटीमा



खटीमा में तहसीलदार हिमांशु जोशी को ज्ञापन सौंपती आंगनबाड़ी कार्यकत्रियां और सहायिकाएं। ● अमृत विचार

**अमृत विचारः** आंगनबाड़ी कार्यकत्री/सेविका, मिनी कर्मचारी संगठन ने उपजिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपकर मानदेय बढ़ाने की मांग को लेकर 16 फरवरी को जिला मुख्यालय पर धरना प्रदर्शन करने की घोषणा की है। चेतावनी दी है कि यदि उनका मानदेय नहीं बढ़ाया गया तो वह केंद्रों पर तालाबंदी कर देंगी।

उन्होंने एसडीएम को संबोधित ज्ञापन तहसीलदार हिमांशु जोशी को सौंपा। ब्लॉक अध्यक्ष अमरजीत कौर के नेतृत्व में कार्यकत्रियों ने तहसीलदार हिमांशु जोशी को ज्ञापन सौंपते हुए कहा कि उनकी मानदेय बढ़ाने की मांग को अनदेखा किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि संगठन के सभी कार्यकत्रियां 16 फरवरी को अपने-अपने जिला मुख्यालयों पर धरना प्रदर्शन करेंगी। एसडीएम को संबोधित ज्ञापन में कहा है कि शासन से बार-बार मांग करने पर भी उनकी मांगों को अनदेखा किया जा रहा है जबकि उनसे मूल कार्यों के अतिरिक्त बीएलओ ड्यूटी जैसे कई कार्य लिए जा रहे हैं।

उन्होंने कहा कि उन्हें 600 रुपये प्रतिदिन के हिसाब से मानदेय 18 हजार रुपए मासिक किया जाय। यह भी कहा है की 15 वर्ष की सेवा पूरी होने पर प्रति वर्ष मानदेय बढ़ाया जाए और सेवानिवृति पर दो लाख रुपये दिया जाय। उन्होंने गोल्डन कार्ड जारी करने, सरकारी योजनाओं का लाभ देने, मृतक आश्रित को सुविधा लागू करने की भी मांग की है। आंगनबाड़ी कार्यकत्रियां कार्यालय में रहते हुए पोषण ट्रैकर पर हस्ताक्षर नहीं कर रही हैं और बीएलओ कार्य का भी बहिष्कार किया है।

# चोरी का शीघ्र खुलासा करे पुलिस

मांग

- बैरिया रोड स्थित हार्डवेयर की दुकान पर हुई चोरी का मामला

संवाददाता, बाजपुर



चोरी के खुलासे के लिए एसएसआई से मिलते व्यापारी। ● अमृत विचार

**अमृत विचारः** बैरिया रोड स्थित श्री दुर्गा हार्डवेयर से हुई लाखों रुपये की चोरी का खुलासा नहीं होने पर आक्रोशित व्यापारी कोतवाली पंहुचे और चोरी का जल्द खुलासा कर ने की मांग की गई।

मंगलवार को व्यापार मंडल से जुड़े पदाधिकारी तथा व्यापारी कोतवाली पहुचे, जहां उन्होंने दुकान से हुई चोरी का खुलासा करने की मांग करते हुए चोरों को जल्द पकड़ने की मांग की। साथ ही अब तक हुई प्रग्रति को लेकर एसएसआई जसवीर चौहान से वार्ता की गई। जिसमें एसएसआई जसवीर सिंह चौहान ने व्यापारियों को भरोसा दिलाया कि पुलिस की टीमें जगह-जगह दबिश दे रही हैं। जल्द ही चोरी का खुलासा किया जाएगा। पुलिस से मिलने वालों में व्यापार मंडल अध्यक्ष गणेश राय खुल्लर, सभासद जगजीत सिंह, बलवीर सिंह साबू, ऋषभ सिंघल, ललित कोछड़ वायटी आदि मौजूद थे। बताते चलें कि बैरिया रोड़ निवासी मनुप्रताप पुत्र महेन्द्र प्रताप ने बीते दिनों पुलिस को तहरीर देकर अवगत कराया था कि उसकी दुकान के ताले तोड़कर चोरों ने दुकान के गल्ले में रखे दो लाख रुपये व अन्य समान चोरी कर लिया है।

### पुलिस ने 4 वारंटी गिरफ्तार किए

**खटीमा।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक द्वारा आगामी लोकसभा सामान्य निर्वाचन के दृष्टिगत/वारंटियों की धड़-पकड़ को चलाए गए अभियान के अंतर्गत थाना झनकईया पुलिस ने सोमवार रात्रि धारा 323/506 आईपीसी के वारंटी अमन सैनी उर्फ कुलदीप सैनी निवासी एल्केमिस्ट रोड राजीवनगर, धारा 323/504/506 आईपीसी के वारंटी अजीत उर्फ अमरजीत निवासी वार्ड संख्या 10 सरकारी बगिया पकड़िया, धारा 504/506 आईपीसी के वारंटी बॉबी निवासी पकड़िया वार्ड संख्या 10 और आबकारी अधिनियम के वारंटी मोबिन हुसैन निवासी तरहाय पट्टी नगला तराई को गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष पेश कर दिया। टीम में थानाध्यक्ष रवींद्र सिंह बिष्ट, उपनिरीक्षक मनोज सिंह देव रहे।

# 12वीं कक्षा के विद्यार्थियों को दी विदाई

संवाददाता, खटीमा




खटीमा के अलक्ष्या पब्लिक स्कूल में आयोजित विदाई समारोह में उपस्थित बच्चे शिक्षक व प्रबंधन। ● अमृत विचार

**अमृत विचारः** अलक्ष्या पब्लिक स्कूल में आयोजित बेनिडिक्शन सेरेमनी का शुभारंभ प्रबंध निदेशक मधुसूदन दास गोस्वामी, एकेडमिक सलाहकार भुवन चंद्र जोशी और प्रबंधक विनोद बोहरा ने संयुक्त रूप से मां सरस्वती के चित्र के सम्मुख दीप प्रज्वलित कर किया। इस दौरान 11वीं के छात्र-छात्राओं ने सीनियर्स के सम्मान में रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया और स्मृति चिन्ह भेंट किया।

विद्यालय परिसर में आयोजित कार्यक्रम में विद्यालय के पूर्व छात्र एवं आईडीएफसी बैंक मुंबई के डिजिटल प्रोजेक्ट मैनेजर तेजेंद्र सिंह बतौर विशिष्ट अतिथि शामिल हुए। उन्होंने बच्चों को सफलता हासिल करने के टिप्स दिए। विद्यालय के प्रबंध निदेशक गोस्वामी ने बच्चों को शुभकामनाएं दी। वहीं प्रबंधक बोहरा ने कहा कि विद्यालय का बोर्ड परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन रहेगा। मंच संचालन तनुजा गहतोड़ी, सुप्रिया पंत और मनीष कलोनी ने किया। इस अवसर पर कल्याण सिंह बिष्ट, गणेश तिवारी, सीएस पंवार, दीपा बिष्ट, विनोद चन्द, मीना वल्दिया, सीमा भट्ट, हरीश खोलिया, भगवती भट्ट, रीतू चंद, चंद्रकला उप्रेती, मनीषा, मंजू भट्ट, मदन मोहन कलोनी, दीपक भट्ट, जगदीश सामंत, दिनेश चिलकोटी, किशन मेहता, जीवन गहतोड़ी रहे।

समारोह

विद्यालय में आयोजित किया गया भव्य समारोह, छात्र-छात्राओं ने प्रस्तुत किए रंगारंग कार्यक्रम

# सेंट मेरी स्कूल में गुरमुख सर को किया सम्मानित

संवाददाता, बाजपुर



बाजपुर में आयोजित कार्यक्रम का शुभारंभ करते गुरमुख सिंह व अन्य। ● अमृत विचार

**अमृत विचारः** सेंट मेरी स्कूल के गुरमुख सर नाम से विख्यात गुरमुख सिंह को उनकी सराहनीय सेवा के लिए एक समारोह में सम्मानित किया गया। इस मौके पर विद्यालय की प्रधानाचार्या डॉ. सिस्टर शाइनी पॉल के मार्गदर्शन में अनेक कार्यक्रम किए गए।

मंगलवार को विद्यालय में आयोजित समारोह में मेरीयन परिवार ने गुरमुख सर की सेवा, कर्मठता, साहस व योगदान के लिए उन्हें सम्मानित किया। कार्यक्रम की शुरुआत प्रधानाचार्या, प्रबंधक सिस्टर मीरा, उप प्रधानाचार्या सिस्टर लिजी व गुरमुख सर ने दीप प्रज्जवलित कर की। विद्यार्थियों ने गुरमुख सर के प्रति गीत, संगीत, नृत्य, भाषण, कार्ड इत्यादि से अपनी भावनाएं प्रकट कीं। विद्यार्थियों ने गुरमुख सर को 'एनसाइक्लोपीडिया' की उपाधि देते हुए उन्हें उनकी सकारात्मक सोच व कार्य के प्रति उनकी लगन के लिए धन्यवाद दिया। विद्यार्थियों ने उन्हें उस मोमबत्ती की उपाधि दी जिसने स्वयं जलकर छात्रों के जीवन को रोशन किया है। छात्रों के कार्यक्रमों ने गुरमुख सिंह के साथ सभी को भावुक कर दिया। इसके पश्चात शिक्षकों ने भी गीत, नृत्य, कविता व भाषण से श्री सिंह के प्रति अपना स्नेह व आभार प्रकट किया। गुरमुख सर ने अपने संबोधन में कहा कि मेरे जीवन के 33 वर्षों का सफर इस विद्यालय में इसलिए मुमकिन हो सका क्योंकि विद्यालय के मैनेजमेंट व सिस्टर्स ने मुझे हमेशा सहयोग किया और प्रोत्साहित किया।

उन्होंने कहा कि आप अनुशासित लगनशील व मेहनती बनकर ही लक्ष्य को प्राप्त कर सकते हैं। प्रधानाचार्या ने विद्यालय परिवार की ओर से गुरमुख सर का आभार प्रकट करते हुए कहा कि आप ऐसे शिक्षक हैं जो साधारण विद्यार्थी में असाधारण प्रतिभा का विकास कर देते हैं। स्टाफ व बच्चों द्वारा स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया।

# शांतिपुरी के घनानंद ने जीते गोल्ड मेडल

संवाददाता, शांतिपुरी



हैदराबाद के तेलंगाना में गोल्ड मेडल ग्रहण करते घनानंद पाण्डे। ● अमृत विचार

**अमृत विचारः** शांतिपुरी निवासी सेंचुरी पल्प एंड पेपर मिल लालकुआं के सीनियर टेक्नीशियन घनानंद पाण्डे ने पांचवीं राष्ट्रीय एथेलेटिक्स में दो स्वर्ण व एक रजत पदक जीतकर प्रदेश व क्षेत्र का मान बढ़ाया है।

बीते 8 से 11 फरवरी तक हैदराबाद के तेलंगाना में आयोजित पांचवी राष्ट्रीय एथलेटिक्स प्रतियोगिता में शांतिपुरी नंबर एक निवासी सेंचुरी पल्प एण्ड पेपर मिल लालकुआं के सीनियर टेक्नीशियन घनानंद पांडे ने क्रमशः 800 मी. व 1500 मी. रेस में प्रथम स्थान प्राप्त कर गोल्ड मेडल जीता है। जबकि 400 मीटर रेस में उन्होंने रजत पदक हासिल किया है। इस प्रतियोगिता में उत्तराखंड से कुल 52 महिला पुरुषों ने प्रतिभाग किया था। जिसमें क्षेत्र के शांतिपुरी नंबर एक डाम निवासी घनानंद पांडे, शांतिपुरी नंबर एक डाम निवासी डॉ. भगवान सिंह कार्की व स्वतंत्रता संग्राम सेनानी जवाहरनगर निवासी प्रेम सिंह देउपा ने प्रतिभाग किया। जबकि प्रेम सिंह देउपा ने ऊंची कूद में रजत एवं 100 मीटर बाधा दौड़ में कांस्य पदक जीतकर उत्तराखण्ड का मान बढ़ाया तो वहीं डॉ. भगवान सिंह कार्की ने गोला व चक्का फेंक एवं लंबी कूद में क्रमशः चतुर्थ व पंचम स्थान प्राप्त किया। खिलाड़ियों को क्षेत्रवासियों एवं क्षेत्र के खेल के प्रेमियों ने बधाईयां दी हैं।

# लोगों को दी योजनाओं की जानकारी

## भाजपा प्रदेश मंत्री विकास शर्मा ने दक्षिणी मंडल रंपुरा क्षेत्र के बूथ नंबर 58 में प्रवास किया



रंपुरा प्रवास के दौरान लोगों को योजनाओं की जानकारी देते भाजपा प्रदेश मंत्री विकास शर्मा। ● अमृत विचार

**संवाददाता, रुद्रपुर**

**अमृत विचार :** गांव चलो अभियान के तहत भाजपा प्रदेश मंत्री विकास शर्मा ने दक्षिणी मंडल रंपुरा क्षेत्र के बूथ नंबर 58 में प्रवास किया। इस दौरान उन्होंने कार्यकर्ताओं एवं आम जनता के साथ संवाद करते हुए केंद्र और राज्य सरकार की उपलब्धियां बतायी।

कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि पीएम नरेंद्र मोदी द्वारा संचालित कई योजनाओं का लाभ लाभार्थियों को मिल रहा है। इसमें पीएम उज्जवला योजना, पीएम आवास योजना, गरीब कल्याण योजना, पीएम विश्वकर्मा योजना समेत अन्य योजनाओं शामिल हैं। इनका लाभ लेकर लोग आत्मनिर्भर हो रहे हैं।

उन्होंने कहा कि केंद्र और प्रदेश सरकार हर वर्ग के कल्याण के लिए काम कर रही है। प्रधानमंत्री मोदी की गारंटी पर करोड़ों लोगों का विश्वास मजबूत होता जा रहा है। इसी विश्वास के दम पर इस बार भाजपा लोकसभा चुनाव में हैट्रिक बनाने जा रही है। पीएम मोदी की गारंटी और युवा सीएम पुष्कर सिंह धामी के विकास कार्यों की बदौलत प्रदेश में इस बार भी पांचों लोकसभा सीटों पर भाजपा का परचम लहरायेगा। इस अवसर पर भाजपा दक्षिणी मंडल अध्यक्ष धर्म सिंह कोली, सुदामा कोली, अंकित बठला, गिरीश, जितेंद्र, वीरू कोली, अक्षय अरोरा सहित कई कार्यकर्ता शामिल थे।

### भाजपा पदाधिकारियों ने गांवों में किया प्रवास

**काशीपुर।** भारतीय जनता पार्टी के गांव चलो बूथ चलो अभियान के भाजपा पदाधिकारियों द्वारा निर्धारित गांवों में प्रवास किया जा रहा है। इस दौरान भाजपा कार्यकर्ता ग्रामीण और वार्ड के लोगों को सरकार के 10 वर्षों में गरीब कल्याण, महिला सशक्तिकरण, आयुष्मान आदि योजनाओं के बारे में जानकारी उपलब्ध करा रहे है। इस क्रम में बूथ नंबर 128 पर प्रवासी के रूप में पूर्व पार्षद व जिला उपाध्यक्ष महिला मोर्चा कविता यादव, बूथ 129 पर नगर मंत्री राजकुमार यादव एवं बूथ 130 पर कैलाश चंद्र प्रजापति एडवोकेट, बूथ 82 पर धीरज वर्मा का रहना हुआ। जिसमें भाजपा कार्यकर्ताओं ने गांव चलो अभियान के तहत घर-घर जाकर संपर्क अभियान चलाया। जिसमें केंद्र व राज्य सरकार की योजनाओं के बारे में लोगों को जानकारी दी। इस मौके पर भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ पदाधिकारी ईश्वर गुप्ता, अनुज मल्होत्रा, नीरज वर्मा, पूनम यादव, सुरभि शर्मा, सपना शर्मा, माला यादव आदि उपस्थित रहे।

# बाजपुर में सड़क सुरक्षा को लेकर निकाली रैली

**बाजपुर।** कालाढूंगी में स्थित अमर मेमोरियल पब्लिक स्कूल के छात्र-छात्राओं ने बरहैंनी, बेरिया दौलत, हरिपुरा हरसान आदि क्षेत्रों में सड़क जागरूकता रैली निकाली।

रैली को बरहैनी चौकी इंचार्ज गोविंद सिंह मेहता कॉलेज के चेयरमैन विजय खन्ना विद्यालय की प्रबंधक टीना खन्ना प्रधानाचार्य डॉ. एस खान द्वारा संयुक्त रूप से रैली को रवाना किया गया। अमर मेमोरियल पब्लिक स्कूल के चैयरमैन विजय खन्ना ने कहां नाबालिक बच्चों को दो पहिया वाहन चलाने के लिए नहीं दिए जाने और बिना हेलमेट के कोई भी दो पहिया बाहन नही चलाने सड़क सुरक्षा के नियमों का पालन करने करने बात कही।

इस दौरान विद्यालय की अध्यापिकाएं बंदना पलाडिया, कल्पना भट्ट, एकता,सुमन रावत, निशा शर्मा, राधिका टम्टा, बलविंदर कौर, सीमा कोरंगा, कीर्तिका पाठक, अध्यापक कपिल पांडे, राजेश गोला समेत कई बच्चे आदि मौजूद थे।

# कैंप में निशुल्क फुल बॉडी चेकअप किया



किच्छा में आयोजित शिविर में जांच कराते लोग। ● अमृत विचार

**संवाददाता, किच्छा**

**अमृत विचार :** नगर स्थित वार्ड नंबर 16 में निशुल्क फुल बॉडी चेकअप कैंप का आयोजन किया गया। इस दौरान हल्द्वानी से आई चिकित्सकों की टीम ने शिविर में पहुंचे करीब पांच दर्जन लोगों के निशुल्क स्वास्थ्य की जांच की।

नगर के वार्ड 16 में युवा समाजसेवी विशाल शर्मा और उनकी टीम ने पैथ लाइन डायग्नोस्टिक लैब हल्द्वानी के सहयोग से निशुल्क शिविर आयोजित किया। इस मौके पर शिविर आयोजन विशाल शर्मा ने बताया कि सरकार की योजना के तहत हल्द्वानी से आई टीम द्वारा ए-श्रम कार्ड एवं आधार कार्ड के आधार पर निशुल्क जांच की गई तथा आगामी 18 फरवरी को भी दूसरे शिविर का आयोजन किया जाएगा। मौके पर सुमित दरगन, मनोज जोशी, कौशल शर्मा, अनीश गुप्ता, सूरज बेरोई, अभिषेक पांडे, महेश जद्दार, गुलशन सक्सेना, राहुल ढाली आदि मौजूद रहे।

# जेईई मेंस में श्लोक असगोला ने मारी बाजी



**गदरपुर।** नगर के वार्ड नंबर चार निकट सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र निवासी श्लोक असगोला पुत्र संजय असगोला ने जेईई मेंस में 99.67 अंक प्राप्त कर क्षेत्र और परिवार का नाम रोशन किया है। श्लोक असगोला के पिता सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के निकट पैथोलॉजी लैब चलाते हैं। श्लोक की मां निर्मला असगोला आंगनबाड़ी में कार्यरत हैं। श्लोक की सफलता से परिजनों में खुशी का माहौल है। श्लोक के बड़े भाई अमन असगोला जर्मनी में रहकर आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस में एमटेक कर रहा हैं। श्लोक की सफलता पर विधायक अरविंद पांडे, कांग्रेस नेता राजेंद्र पाल सिंह, भाजपा जिला अध्यक्ष गुंजन सुखीजा, पूर्व पालिका अध्यक्ष गुलाम गौस, पूर्व पालिका अध्यक्ष अंजू भुडडी, मंडल अध्यक्ष सुरेश खुराना, भाजपा महिला मोर्चा की नगर अध्यक्ष ज्योति चुग, कांग्रेस नेता मोहम्मद आलम, अभिषेक वर्मा, सिद्धार्थ अरोरा ने उसे बधाई दी है।

# जीआईसी शांतिपुरी में बोर्ड परीक्षार्थियों को दी विदाई



जीआईसी शांतिपुरी में विदाई समारोह का शुभारंभ करते प्रधानाचार्य नर बहादुर चंद।

**संवाददाता, शांतिपुरी**

**अमृत विचार :** शांतिपुरी राजकीय इंटर कॉलेज में प्रधानाचार्य नर बहादुर चंद के निर्देशन में मंगलवार को इंटरमीडिएट फाइनल के छात्र-छात्राओं को जूनियर छात्रों की ओर से विदाई दी गई। प्रधानाचार्य नर बहादुर चंद ने विदा होने वाले सीनियर छात्रों के उज्जवल भविष्य की कामना की।

हिंदी प्रवक्ता एनपी सिंह व समाजशास्त्र के प्रवक्ता सुनील श्रीवास्तव ने बोर्ड परीक्षा में अच्छी सफलता की कामना की और उन्हें परीक्षा में अधिक से अधिक अंक अर्जित करने के टिप्स बताए। उन्होंने कहा कि गुरु और शिष्य का सदैव अटूट संबंध रहता है जो आजीवन छात्रों को आगे चलकर जीवन में अपनी सक्सेस प्राप्त करने की प्रेरणा देते हैं। इस दौरान जूनियर छात्र-छात्राओं ने सीनियर छात्रों के सम्मान में सांस्कृतिक ग्रुप एक्टिविटी एवं भाषण प्रस्तुत किए। सीनियर बच्चों के मध्य हुई प्रतियोगिता में कक्षा 12वीं की दीपिका मिस फेयरवेल व 12 ए के राहुल मिस्टर फेयरवेल चुने गए। कार्यक्रम का संचालन भूमिका एरी व माया ने किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में फिजिक्स प्रवक्ता अनंत चौहान का सराहनीय सहयोग रहा। इस दौरान एनएसएस प्रभारी प्रियंका पंवार, फकीरचंद, प्रकाश रावत, गोविंद आगरे, फिजिक्स प्रवक्ता अनंत चौहान, पीटीआई नवीन भट्ट, रानी बसेड़ा, निहारिका पांडे, सुनील श्रीवास्तव, अमरेश, अनिल कुमार, विपिन पांडे आदि मौजूद रहे।

# शिव धाम मंदिर में सुंदरकांड पाठ का आयोजन किया



जसपुर में सुन्दरकांड का पाठ करते श्रद्धालु। ● अमृत विचार

**संवाददाता, जसपुर**

**अमृत विचार :** सनातन धर्म सेवा समिति के तत्वावधान में जसपुर की गंगूवाला वीआईपी कॉलोनी के शिव धाम मंदिर में सुंदरकांड का पाठ किया गया।

जिसमें सभी सनातन धर्म प्रेमियों ने सहयोग किया। गहलौत परिवार द्वारा प्रसाद की व्यवस्था की गई। इस मौके पर कार्यक्रम में मंदिर के महंत सहदेव, समिति अध्यक्ष नीलकमल शर्मा,पवन वर्मा,राजुल जैन, सचिन ,पराग , लक्ष्मी, वबिता, नीतू, कमलेश, रजनी, एकता, अलका, दिशा, ममता, प्रियांशु, आशा, के साथ ही मंदिर महत धर्मेन्द्र आदि मौजूद रहे।

# लायंस क्लब खटीमा सेवा ने स्कूलों में बांटी उपयोगी पुस्तकें

**संवाददाता, खटीमा**

**अमृत विचार :** लायंस इंटरनेशनल 321बी1 के मुकेश जैन द्वारा रीडिंग एक्शन प्रोग्राम के तहत उपलब्ध कराई गई नैतिक मूल्यों पर आधारित पुस्तकों को लायंस क्लब खटीमा सेवा ने क्षेत्र के विभिन्न प्राथमिक विद्यालयों में जाकर छात्र छात्राओं को वितरित की गई।



स्कूलों में ज्ञानवर्धक पुस्तकें वितरित करते लायंस क्लब खटीमा सेवा के पदाधिकारी।

लायंस सेवा अध्यक्ष जितेंद्र पारुथी के नेतृत्व में टीम ने चारुबेटा, भिलैया, टेढ़ाघाट, जमौर, भगचुरी, सत्रहमील और मझोला के कई प्राथमिक विद्यालयों में पहुंचकर पुस्तकें वितरित की। शिक्षकों ने संस्था के इस प्रयास की सराहना की। अध्यक्ष पारुथी ने बताया कि मुकेश जैन द्वारा इन ज्ञानवर्धक पुस्तकों का वितरण समूचे उत्तरप्रदेश और उत्तराखंड में पात्र छात्रों को करवाया जा रहा है। यह भी कहा कि निकट भविष्य में अन्य विद्यालयों में भी इन पुस्तकों का वितरण किया जायेगा। टीम में उपाध्यक्ष दलवीर सिंह सोहल, दिनेश सुनेजा, प्रदीप शर्मा, विजय शंकर यादव आदि रहे।

# डायनेस्टी के 12 छात्र जेईई मेन्स परीक्षा में पास

**संवाददाता, खटीमा**

**अमृत विचार :** डायनेस्टी मॉडर्न गुरुकुल एकेडमी छिनकी फार्म के प्रियांशु पोखरिया ने 95.61, आशीष कार्की 91.72, दिव्यांशु 90.77, स्वीजल जोशी 90.73, निखिल महर 89.66, भूमित खनका 89.08, आयुष भट्ट 87.96, नरेंद्र रावत 87.51, प्रथम भट्ट 86.55, आशीष कन्याल 85.56, आयुष मल 84.74, रोहित मुरारी 83.64 अंक प्राप्त कर जेईई मेंस प्रवेश परीक्षा पास की है। छात्रों की इस उपलब्धि पर प्रबंध निदेशक धीरेन्द्र चंद्र भट्ट, डायरेक्टर प्रेमा भट्ट, प्रधानाचार्य चंद्रकांत पनेरु, प्रशासनिक अधिकारी मनीष चंद, एकेडमिक डायरेक्टर विक्टर आईवन, अशोक जोशी, सुरेश ओली, दिगम्बर भट्ट, योगेश सोरारी, अजय यादव, रंजीत सिंह, नवीन श्रीवास्तव, अर्जुन बिष्ट आदि ने बधाई दी है।



प्रियांशु पोखरिया दिव्यांशु स्वीजल जोशी आशीष कार्की
निखिल भूमित प्रथम भट्ट आयुष
रोहित मूरारी आशिष कन्याल नरेन्द्र रावत आयुष भट्ट

### नोजगे के दो छात्रों ने पास की जेईई मेंस परीक्षा





**खटीमा।** नोजगे पब्लिक स्कूल के दो छात्रों हार्दिक अरोड़ा 92.7 और अभिजीत पंत ने 92.3 में जेईई मेंस परीक्षा में परचम लहराया है। विद्यालय प्रबन्ध निर्देशिका सुरेंद्र कौर, प्रधानाचार्य आरिज अल्वी ने छात्रों की इस उपलब्धि पर हर्ष व्यक्त किया है। आरसी जोशी, आमिर अली, उस्मान बाबर, रेखा पाण्डेय, एचसी पन्त, आरपी पन्त, वीरेन्द्र सिंह, राजू भट्ट, डॉ अनिल शर्मा, विनय नगरकोटी, कृपाल चन्द, अभिषेक भटनागर, रेखा पांडे, आमिर अली, अमित जोशी, धीरज गुप्ता, दीपक गुंबर, संजय, बीएस सौन, प्रभा ज्याला, मो जाकिर, विशाल, एम मुखर्जी, रमेश ओली, जगत सिंह आदि उपस्थित थे।

# 4 दिन बाद भी ट्यूबवेल ठीक नहीं

▸▸ **भगवानपुर जयसिंह व बिचला में खराब ट्यूबवेल की अधिकारियों ने अब तक सुध तक नहीं ली**

**संवाददाता, हल्द्वानी**

**अमृत विचार :** भगवानपुर जय सिंह व बिचला में ट्यूबवेल खराब हुए 4 दिन बीत गए लेकिन अब तक अधिकारियों ने इसकी सुध तक नहीं ली, जबकि यहां की करीब पांच हजार की आबादी जल संकट से जूझ रही है।

भगवानपुर जय सिंह की जनता को रोजमर्रा की जरूरत का पानी तक नहीं मिल पा रहा है। लोगों ने बताया कि 4-5 दिन से ट्यूबवेल खराब है व सरकारी टैंकर कभी-कभार ही आता है, जिससे लोगों को पर्याप्त पानी नहीं मिल पाता। उन्होंने बताया कि विभाग के अधिकारियों से कई बार संपर्क किया लेकिन लोगों की समस्या से उनका कोई सरोकार नहीं है। स्थानीय निवर्तमान पार्षद चंद्रप्रकाश ने बताया कि लोग पानी के लिए संघर्ष कर रहे हैं लेकिन विभाग की ओर से संतोषजनक कार्यवाही नहीं की जा रही। उन्होंने बताया कि कुछ कॉलोनियों में कभी-कभी जल संस्थान के टैंकर से पानी की पूर्ति की जा रही है लेकिन कई दिनों से पानी नहीं आने से लोगों को परेशानियां हो रही हैं। स्थानीय निवासी डूंगर सिंह तोलिया व गोपाल सिंह कैड़ा ने कहा कि एक-एक बाल्टी पानी के लिए भी लोगों को संघर्ष करना पड़ रहा है। इधर, विभाग के अधिकारियों का कहना है कि ज्यादातर मोटर मैकेनिक बनभूलपुरा क्षेत्र में रहते हैं लेकिन वहां कर्फ्यू लगने से लोग नहीं मिल पा रहे।

### पैसे खर्च करके मंगाते हैं पानी का टैंकर

भगवानपुर बिचला के केदार दत्त जोशी ने कहा कि सरकारी नल से पानी टपकता ही नहीं, कभी वोल्टेज ज्यादा तो कभी फ्यूज उड़ जाता है। उन्होंने बताया कि नैनी व्यू, तिलक विहार, गोपीपुरम, प्रेम विहार वसुंधरा विहार आदि कॉलोनियों में पानी का घोर संकट है। प्रेम विहार के निवासी अशोक कुमार कहते हैं कि हर महीने 1400 रुपये में दो टैंकर मंगाता हूं व 400 रुपये प्रतिमाह पानी का बिल भी देता हूं। उन्होंने कहा कि 7-8 साल पहले यहां स्वजल ने 200 परिवारों के लिए पेयजल टैंक का निर्माण कराया था लेकिन वर्तमान में इसी टैंक से 700-800 परिवारों को पानी दिया जा रहा है।

> भगवानपुर जय सिंह में जल्द पेयजल सुविधा सुचारू की जाएगी। वहां टैंकरों से लगातार पानी वितरित किया जा रहा है।
>
> **- रविशंकर लोशाली, ईई, जल संस्थान**

# नाले में मिला चन्दौसी के युवक का शव

**चन्दौसी, अमृत विचार :** जनपद बदायूं के थाना इस्लामनगर में रिश्तेदारी में शादी समारोह में गए युवक का शव मंगलवार की सुबह नाले में पड़ा मिला। कपड़े से मिले आधार कार्ड से युवक की पहचान कोतवाली क्षेत्र के संभल गेट निवासी युवक के रूप में हुई। घटना से परिजनों में कोहराम मच गया। परिजनों ने हत्या का अंदेशा जाहिर किया है। संभल गेट निवासी शमीम 32 वर्ष पुत्र अब्दुल मजीद दुबई में अपने भाई फैजल के साथ कारपेंटर का कार्य करता था। वह दो माह पहले घर आया था। घर पर उसकी पत्नी शबनम व छोटा पुत्र हैदर अली भी परिजनों के साथ रहता है। युवक की मां रुखसाना की बहन के जेठ की पुत्री की शादी इस्लामनगर में थी। सोमवार की शाम चार बजे रुखसाना अपने पुत्र शमीम के साथ शादी में शामिल होने इस्लामनगर चली गई।

# बनभूलपुरा में पत्रकारों पर हमले की कड़ी निंदा



जसपुर में एसडीएम को ज्ञापन सौंपते उत्तराखण्ड पत्रकार यूनियन के पदाधिकारी।

**संवाददाता, जसपुर**

**अमृत विचार :** उत्तराखण्ड पत्रकार यूनियन के पदाधिकारियों ने हल्द्वानी के बनभूलपुरा में उपद्रव के दौरान पत्रकारों पर हुए हमले की कड़ी निंदा की।

यूनियन की जसपुर इकाई के विधानसभा अध्यक्ष वरिष्ठ पत्रकार सुशील चौहान के नेतृत्व में यूनियन के पदाधिकारियों ने इस मामले को लेकर मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन उप जिलाधिकारी गौरव चटवाल को सौंपा। ज्ञापन में घटना की कड़े शब्दों में निंदा की गई और मांग की गई कि पत्रकारों को सुरक्षा मुहैया कराई जाए। हिंसा में घायल हुए पत्रकारों और उनके क्षतिग्रस्त वाहनों के एवज में तत्काल उचित मुआवजा दिया जाए। इस मौके पर इस्लाम हुसैन, महेंद्र राही, आलम रज़ा, अंकुर, हसीब आदि मौजूद रहे।

**पक्षी जीवन** | भोगपुर व तुमड़िया जलाशय एवं उत्तर प्रदेश के पीली डैम से लौटने लगे मेहमान पक्षी

# वापस वतन लौटने लगे साइबेरियन पक्षी

**संवाददाता, जसपुर**

**अमृत विचार :** मौसम के बदलाव एवं ऋतु परिवर्तन होने की आहट होते ही विदेशी साइबेरियन मेहमान पक्षियों ने धीरे-धीरे अपने वतन को वापसी करना शुरू कर दिया है। क्षेत्र के भोगपुर व तुमरिया जलाशय एवं उत्तर प्रदेश के सीमावर्ती पीली डैम से विदेशी पक्षियों के झुंड अपने वतन को रवाना होना शुरू हो गये हैं। जिससे उक्त जलाशयों में साइबेरियन पक्षियों की संख्या लगातार कम होती जा रही है।



जसपुर के आस-पास के जलाशयों से अपने वतन को लौटते साइबेरियन पक्षी।

इसका मुख्य कारण तापमान में ऋतु परिवर्तन होना है। प्रतिवर्ष लाखों की संख्या में विभिन्न प्रजाति के साइबेरियन पक्षी शरद ऋतु में अनुकूल वातावरण पाने के लिए मेहमान के रूप में उक्त जलाशयों में अस्थाई रूप से प्रवास के लिए आते हैं और ग्रीष्म ऋतु आते ही वे अपने वतन को लौट जाते हैं।

विदेशी पक्षियों का यहां आने का सिलसिला नवंबर माह से शुरू हो जाता है और फरवरी-मार्च तक साइबेरियन पक्षी यहां प्रवास करते हैं। वन्यजीव विशेषज्ञों का कहना है कि साइबेरिया में सर्दियों के मौसम में तापमान शून्य से कई डिग्री नीचे चला जाता हैं। इस कारण साइबेरियन पक्षी भारी संख्या में हजारों किमी. की दूरी तय करके भोजन, अनुकूल परिवास व प्रजनन के लिए भारत आते हैं। ऋतु परिवर्तन एवं तापमान में बढ़ोत्तरी होने पर साइबेरियन पक्षी अपने लौटना शुरू कर देते हैं।

### इस साल काफी अधिक संख्या में पहुंचे मेहमान पक्षी

**जसपुर।** क्षेत्रीय वनाधिकारी अमानगढ़ ख़ुशबू उपाध्याय ने बताया कि इस वर्ष भारी संख्या में साइबेरियन पक्षी पतरामपुर एवं अमानगढ़ रेंज में बने पीली व भोगपुर व तुमरिया जलाशयों आये। जिनकी सुरक्षा के लिए अतिरिक्त टीमें लगाई गई हैं। पिछले कुछ दिनों से मौसम में हो रहे परिवर्तन के कारण साइबेरियन पक्षियों की संख्या धीरे-धीरे कम हो रहे हैं। क्योंकि वे अपने वतन वापस लौट रहे हैं।

# सरकारी योजनाएं गांव गांव पहुंचाने का संकल्प

**संवाददाता, गरमपानी**

**अमृत विचार :** बेतालघाट ब्लॉक के गांवों में भाजपा का गांव चलो अभियान जोर पकड़ गया है। पदाधिकारी व कार्यकर्ता गांवों में पहुंचकर लोगों को सरकारी की योजनाओं की जानकारी के साथ ही पार्टी से जुड़ने का आह्वान कर रहे हैं। ढोलगांव पहुंचे भाजपाइयों ने डोर टू डोर लोगों से संपर्क साधा।

भाजपा कार्यकर्ता बूथ प्रवासी प्रताप सिंह बोहरा के नेतृत्व में बेतालघाट ब्लॉक के ढोलगांव पहुंचे। बूथ प्रवासी प्रताप ने बूथ समिति का सत्यापन, पन्ना प्रमुख समेत अन्य संगठनात्मक कार्यों की समीक्षा की। बूथ प्रवासी ने कार्यकर्ताओं से सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को गांव के अंतिम छोर तक ले जाकर लोगों को लाभान्वित करने का आह्वान किया।भाजपा कार्यकर्ताओं ने गांव में विशेष अभियान चलाकर घर-घर पहुंचकर लोगों से भाजपा से जुड़ने की अपील की। बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अगवाई में देश रोजाना नए कीर्तिमान स्थापित कर रहा है। आगामी लोकसभा चुनाव में भी भाजपा प्रत्याशी को अधिक से अधिक मतों से जीताकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को मजबूत करने की अपील की। बाद में भाजपा कार्यकर्ताओं ने गांव में चौपाल भी लगाई। लोगों की समस्याएं सुन जल्द समाधान का भरोसा दिलाया। इस दौरान कृपाल दत्त पांडे, केवल सिंह जैड़ा, जानकी लोहिया, ज्योति आर्या, मोहन सिंह, पदम, अनीता बोहरा, आदि मौजूद रहे।

सेवितव्यो महावृक्ष : फ़लच्छाया समन्वित : ।
यदि देवाद फलं नास्ति, छाया केन निवार्यते ।।

विशाल वृक्ष की सेवा करनी चाहिए क्योंकि वो फल और छाया दोनो से युक्त होता है। यदि दुर्भाग्य से फल नहीं हैं तो छाया को भला कौन रोक सकता है।

## संपादकीय

# गहरे हुए बहुआयामी संबंध

पिछले नौ वर्षों में व्यापार और निवेश, रक्षा, सुरक्षा, खाद्य और ऊर्जा सुरक्षा और शिक्षा जैसे विभिन्न क्षेत्रों में संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) के साथ भारत का सहयोग कई गुना बढ़ा है। इसी तरह भारत और कतर के बहुआयामी संबंध सभी क्षेत्रों में गहरे हुए हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को यूएई और कतर की यात्रा पर रवाना होने से पहले कहा कि हमारा सांस्कृतिक और लोगों से लोगों का जुड़ाव पहले से कहीं अधिक मजबूत है। वर्ष 2014 के बाद से प्रधानमंत्री मोदी की यूएई की सातवीं और कतर की दूसरी यात्रा होगी। वे बुधवार को दुबई में वैश्विक शासन शिखर सम्मेलन में विश्व नेताओं की सभा को संबोधित करेंगे। यह यात्रा दोनों देशों के बीच गहरे एवं बहुमुखी संबंधों को रेखांकित करती है। साथ ही द्विपक्षीय संबंधों के बढ़ते महत्व को दर्शाती है। संयुक्त अरब अमीरात में 3.3 मिलियन से अधिक प्रवासी भारतीय हैं। हर क्षेत्र में भारत और यूएई के बीच आर्थिक साझेदारी फली-फूली है। जहां वर्ष 2022-23 में द्विपक्षीय व्यापार 85 बिलियन अमेरिकी डॉलर तक पहुंच गया। यूएई भारत का तीसरा सबसे बड़ा व्यापारिक भागीदार और दूसरा सबसे बड़ा निर्यात गंतव्य है। यूएई के साथ भारत का संबंध इसके सबसे प्रमुख द्विपक्षीय संबंधों में से एक के रूप में उभरा है। यूएई न केवल एक रणनीतिक साझेदार है, बल्कि खाड़ी क्षेत्र में भारत की संलग्नता में भी एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। यह दोनों देशों के प्रमुख नेताओं के बीच घनिष्ठ संबंध को भी उजागर करता है। अगले पांच वर्षों में द्विपक्षीय व्यापार को 100 बिलियन अमेरिकी डॉलर से अधिक करने और सेवा व्यापार को 15 बिलियन अमेरिकी डॉलर तक बढ़ाने का लक्ष्य रखा गया है।

चूंकि भारत और यूएई अपनी असाधारण रणनीतिक साझेदारी के साथ आगे बढ़ रहे हैं, वे अभिसरण और पारस्परिक सम्मान के एक मॉडल का संकेत देते हैं जिसका भविष्य में और सुदृढ़ होना तय है। फिर भी ईरान और अरब देशों (विशेषकर यूएई) के बीच चल रहे संघर्ष के कारण भारत स्वयं को एक नाजुक राजनयिक स्थिति में पाता है। ईरान पर अमेरिकी प्रतिबंधों के बावजूद, भारत ने ईरान से तेल आयात करना जारी रखा। यह भारत की ईरान और अरब दुनिया दोनों के साथ अपने संबंधों को सावधानीपूर्वक आगे बढ़ाने की आवश्यकता को उजागर करता है। इजराइल और हमास के बीच छिड़े युद्ध ने भी चुनौतियों को और बढ़ा दिया है। क्योंकि इससे प्रस्तावित भारत-मध्य पूर्व-यूरोप आर्थिक गलियारा संकट में पड़ गया है। अमेरिका और रूस जैसे देशों के साथ भारत की टू प्लस टू वार्ता की तरह संयुक्त अरब अमीरात के साथ समान उच्च स्तरीय वार्ता की शुरुआत लाभप्रद सिद्ध होगी।

# क्या सुलझ पाएगा असम और मिजोरम का अंतर्राज्यीय सीमा विवाद



दिनकर कुमार
वरिष्ठ पत्रकार

मिजोरम के तीन जिले-आइजोल, कोलासिब और ममित-असम के कछार, कर्मगंज और हैलाकांडी जिलों के साथ 164 .6 किमी लंबी सीमा साझा करते हैं। दोनों पड़ोसी राज्यों के बीच सीमा विवाद एक लंबे समय से चला आ रहा मुद्दा है, जो मुख्य रूप से दो औपनिवेशिक सीमांकन से उत्पन्न हुआ है।

असम का अरुणाचल प्रदेश, मेघालय, नागालैंड और मिजोरम के साथ प्रमुख सीमा विवाद है। नागाओं ने सबसे पहले वृहद नागालैंड के लिए मानचित्र को फिर से बनाने की मांग की थी, और विवाद की जड़ 1963 में इसके गठन में थी। असम-नागालैंड सीमा पर बड़ी झड़पें 1968, 1979, 1985 और 2014 में हुई। असम-मिजोरम सीमा संघर्ष के बाद, असम ने पूर्वी मोर्चे पर गतिरोध को कम करने के लिए नागालैंड के साथ एक समझौते पर हस्ताक्षर किए और अदालत के हस्तक्षेप के बिना सीमा विवादों को हल करने के लिए अरुणाचल प्रदेश के साथ काम कर रहा है।

एक आधिकारिक बयान में कहा गया है कि मिजोरम और असम 9 फरवरी को लंबे समय से लंबित अंतरराज्यीय सीमा विवाद को सुलझाने के लिए संयुक्त प्रयास करने पर सहमत हुए हैं। असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वास सरमा ने 9 फरवरी की सुबह अपने मिजोरम समकक्ष लालडुहोमा को भोजन पर आमंत्रित किया, जो इस समय गुवाहाटी में हैं और दोनों नेताओं ने सीमा मुद्दे पर चर्चा की। बैठक के दौरान लालडुहोमा और सरमा ने दोनों पूर्वोत्तर राज्यों के बीच सीमा विवाद को सुलझाने के लिए सामूहिक प्रयास करने पर सहमति व्यक्त की। दोनों नेता तब तक सीमाओं पर शांति बनाए रखने पर भी सहमत हुए जब तक दोनों पड़ोसी राज्य सीमा वार्ता करते रहेंगे। सरमा ने लालडुहोमा से कहा कि असम विधानसभा का चालू बजट सत्र समाप्त होने पर वह सीमा प्रभारी मंत्री को मिजोरम भेजेंगे।

मिजोरम के तीन जिले-आइजोल, कोलासिब और ममित-असम के कछार, कर्मगंज और हैलाकांडी जिलों के साथ 164.6 किमी लंबी सीमा साझा करते हैं। दोनों पड़ोसी राज्यों के बीच सीमा विवाद एक लंबे समय से चला आ रहा मुद्दा है, जो मुख्य रूप से दो औपनिवेशिक सीमांकन से उत्पन्न हुआ है।

मिजोरम का दावा है कि बंगाल ईस्टर्न फ्रंटियर रेगुलेशन (बीईएफआर) 1873 के तहत 1875 में अधिसूचित इनर लाइन आरक्षित वन का 509 वर्ग मील क्षेत्र उसके क्षेत्र में आता है। दूसरी ओर असम ने 1933 में भारतीय सर्वेक्षण विभाग द्वारा तैयार किए गए मानचित्र में दिखाई गई सीमा को अपनी संवैधानिक सीमा माना है। इनर लाइन आरक्षित वन के भीतर के विशाल क्षेत्र अब असम के अंतर्गत आते हैं। इसी तरह 1933 के सीमांकन के अनुसार क्षेत्र का एक निश्चित हिस्सा अब मिजोरम की तरफ है। दोनों राज्यों के बीच सीमाओं का कोई जमीनी सीमांकन नहीं है।

मिजोरम और असम के बीच सीमा विवाद ने जुलाई 2021 में एक बदसूरत मोड़ ले लिया था जब दोनों राज्यों के पुलिस बलों के बीच अंतर-राज्यीय सीमा पर गोलीबारी हुई, जिसमें छह पुलिसकर्मियों और असम के एक नागरिक की मौत हो गई। हालांकि, यह पहली बार नहीं था कि राज्यों के बीच टकराव हुआ। अक्टूबर-नवंबर 2020 में दोनों राज्यों के स्थानीय लोग एक-दूसरे के खिलाफ भिड़ गए थे। असम की ओर से स्थानीय लोगों ने मिज़ोरम की ओर माल ले जाने वाले ट्रकों को रोक दिया। दूसरी ओर मिज़ोरम सुरक्षा बल सीमाओं पर खाइयां खोदते और बंकर बनाते देखे गए। 17 अक्टूबर को स्थिति तब ख़राब हो गई जब 20 दुकानें जला दी गईं और दोनों पक्षों के 50 से अधिक लोग घायल हो गए।

दोनों राज्यों के बीच विवाद ब्रिटिश औपनिवेशिक काल से चला आ रहा है। अगस्त 1875 में अंग्रेजों ने लुशाई पहाड़ियों (अब मिजोरम) और कछार के मैदानों (अब असम का जिला) के बीच एक सीमा खींची थी। मिज़ो लोगों का मानना है कि यह एक मात्र मौका था जब ऐसा उनके प्रमुखों के परामर्श से किया गया था। बाद में 1933 में लुशाई हिल्स और तत्कालीन मणिपुर रियासत के बीच सीमा का सीमांकन किया गया। यह सीमांकन विवाद की असली जड़ बन गया है क्योंकि मिज़ो लोग इसे स्वीकार नहीं करते हैं और 1875 के सीमांकन की ओर इशारा करते हैं, जो बंगाल ईस्टर्न फ्रंटियर रेगुलेशन (बीईएफआर) अधिनियम, 1873 (जिसे इनर लाइन रेगुलेशन के रूप में भी जाना जाता है) से लिया गया है।

मिजोरम, जिसे 'लुशाई हिल्स' के नाम से भी जाना जाता है, असम का हिस्सा था और 1972 में केंद्र शासित प्रदेश बन गया और बाद में 1987 में पूर्ण राज्य बन गया। यह असम के साथ 164 किलोमीटर लंबी सीमा साझा करता है। असम के कछार, हैलाकांडी और करीमगंज जिले की सीमा कोलासिब, ममित और मिजोरम के आइजोल जिले से लगती है। दोनों राज्यों ने एक दूसरे पर जमीन पर कब्ज़ा करने का आरोप लगाया है। मिजोरम के गठन के सात साल बाद 1994 में पहली झड़प हुई। केंद्र सरकार की ओर से दोनों राज्यों के बीच कई दौर की बातचीत के बावजूद तनाव बरकरार रहा।

दोनों राज्यों के बीच टकराव ने देश के भीतर राज्य की सीमाओं के निर्धारण में दोष को रेखांकित किया है। झड़प की तीव्रता को इस तथ्य से समझा जा सकता है कि दोनों राज्यों की राज्य सरकारों ने आधिकारिक तौर पर असम के मुख्यमंत्री सहित प्रत्येक पक्ष के अधिकारियों पर भारतीय दंड संहिता की विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज किया। मामले को और बदतर बनाते हुए, असम सरकार ने लोगों को मिजोरम की यात्रा न करने की सलाह भी जारी की और मिजोरम में रहने वाले अपने लोगों से अत्यधिक सावधानी बरतने को कहा। दूसरी ओर मिजोरम लगातार असम के उपद्रवियों पर राष्ट्रीय राजमार्ग को अवरुद्ध करने और रेलवे ट्रैक को हटाने का आरोप लगाता रहा, जिससे राज्य में आर्थिक नाकेबंदी हो रही थी। एनएच-306 को मिजोरम की जीवन रेखा माना जाता है क्योंकि यह राज्य को देश के बाकी हिस्सों से जोड़ता है।

बाद में यथास्थिति बनाए रखने के लिए गृह मंत्रालय ने राज्य बलों के बीच आगे की झड़पों से बचने के लिए एक तटस्थ बल यानी सीआरपीएफ को तैनात किया। इसके बाद दोनों राज्यों ने एक संयुक्त बयान जारी किया और चर्चा के माध्यम से चल रहे अंतर-राज्य सीमा तनाव को कम करने की इच्छा जताई। संयुक्त बयान में कहा गया कि-'दोनों राज्य अपने संबंधित वन और पुलिस बलों को गश्त, प्रभुत्व, प्रवर्तन या किसी भी ऐसे क्षेत्र में नई तैनाती के लिए नहीं भेजेंगे जहां हाल ही में दोनों राज्यों के पुलिस बलों के बीच टकराव और संघर्ष हुआ हो।'

असम का अरुणाचल प्रदेश, मेघालय, नागालैंड और मिजोरम के साथ प्रमुख सीमा विवाद है। नागाओं ने सबसे पहले वृहद नागालैंड के लिए मानचित्र को फिर से बनाने की मांग की थी, और विवाद की जड़ 1963 में इसके गठन में थी। असम-नागालैंड सीमा पर बड़ी झड़पें 1968, 1979, 1985 और 2014 में हुई। असम-मिजोरम सीमा संघर्ष के बाद, असम ने पूर्वी मोर्चे पर गतिरोध को कम करने के लिए नागालैंड के साथ एक समझौते पर हस्ताक्षर किए और अदालत के हस्तक्षेप के बिना सीमा विवादों को हल करने के लिए अरुणाचल प्रदेश के साथ काम कर रहा है। असम की अरुणाचल प्रदेश के साथ 804.1 किमी लंबी सीमा लगती है और दोनों राज्यों के बीच सीमा विवाद है।

इसी तरह स्थानीय लोगों की सहमति के बिना असम राज्य के पुनर्गठन का नतीजा असम-मेघालय सीमा पर भी देखा जा सकता है। मेघालय 1970 में असम से अलग होकर बना और 1972 में पूर्ण राज्य बन गया। हालांकि, मेघालय ने जैंतिया पहाड़ियों के ब्लॉक I और ब्लॉक II को मिकिर पहाड़ियों (असम में) और गारो पहाड़ियों के क्षेत्रों को असम के गोवालपारा जिले में स्थानांतरित करने को स्वीकार करने से इनकार कर दिया है। इस प्रकार इन झड़पों का मुख्य कारण लोगों की पहचान की तलाश के इर्द-गिर्द घूमता है। पूर्वोत्तर के लोगों के मन में अलग-थलग होने का डर बहुत गहरा बैठ गया है। वे ढांचागत विकास परियोजनाओं की लालसा से अधिक अपनी पहचान, संस्कृति और पैतृक भूमि की रक्षा के लिए अपनी ऊर्जा लगाते हैं।

## प्रसंगवश

# यहां हर रंग वासंती निराला ही निराला है

वसंत मधुमास है। इस समय नव कुसुमों-पल्लवों से अनुपम श्रृंगार धारण किए प्रकृति की हर लय में मौजूद संगीत को सहज ही अनुभव किया जा सकता है।



डॉ. अवनीश यादव
प्रान्तीय शिक्षा सेवा संवर्ग, उ.प्र.

वसंत ऋतुराज है। प्रकृति के सौंदर्य का चरमोत्कर्ष। जिस ओर दृष्टि जाती है उस ओर धरा का आंचल अनूठे रंगों से हरा-भरा दिखाई देता है। मान्यता है कि वसंत पंचमी के दिन पृथ्वी की अग्नि सृजन की ओर दिशा करती है जिसके कारण शरद ऋतु में शिथिल पड़ चुके पेड़-पौधे, जीव-जंतु अपनी आंतरिक अग्नि को प्रज्ज्वलित कर नवीन सृजन की ओर उन्मुख हो जाते हैं। सृजन का यह स्वर समूची सृष्टि में व्याप्त हो वसंत का उद्घोष करता है। यह उद्घोष समस्त प्राणियों में उल्लास का संचार करता है।

वसंत आध्यात्मिक भावों के सहज आगमन का समय है। मां वीणा वादिनी की आराधना का महोत्सव। मां सरस्वती, जो हमें अज्ञान के अंधेरों से ज्ञान के आलोक में ले जाती हैं, जो असत्य में सत्य का बोध कराती हैं, जो मृत्यु से अमरत्व का मार्ग सुझाती हैं। जो हमारी चेतना को सजीवता प्रदान करती हैं। मांगलिक कार्यों में शुभफल दायी वसंत पंचमी मां वाग्देवी का आशीर्वाद और वरदान है ।

वसंत मधुमास है। इस समय नव कुसुमों-पल्लवों से अनुपम श्रृंगार धारण किए प्रकृति की हर लय में मौजूद संगीत को सहज ही अनुभव किया जा सकता है। वसंत प्रकृति में नव गति, नव लय और ताल का अनुपम संगीत है। प्रकृति और परिवेश में नवोन्मेष का समय। प्रकृति की हर लय में वसंत अनुपम सौंदर्य और मोद बनकर उतरता है। हताश- निराश मन-प्राणों में आशा और प्रेम की पुलक भर देता है। वसंत वसुधा का सौंदर्य है। उल्लास का महापर्व है। चहूं दिश पसरी हरीतिमा और खेतों में लहराती पीली सरसों बरबस ही मन को आकर्षित करती है। शुभता का प्रतीक पीला रंग मन में असीम आनंद की अनुभूति जगाता है। वसंत मन की मौज का मौसम है। जीवन में सकारात्मकता का सशक्त संदेश है ।

वसंत कामदेव का मित्र है और प्रेम का पर्व। कामदेव पुष्पों का धनुष धारण करते हैं और 'अनंग' के रूप में प्राणियों में बसते हैं। सुकुमार अनंग को 'मार' भी कहा जाता है क्योंकि इनके बाणों से बचने का कोई रास्ता नहीं है। वसंत अपने मित्र कामदेव को नव कुसुमों से सज्जित धनुष बाण उपलब्ध कराता है जिसकी मार से कोई भी बच नहीं पाता और प्रेममय हो जाता है।

गुनगुनाती धूप, सरस परस करती मोदमयी वायु, नव कुसुमों-पल्लवों का संस्पर्श, वृक्षों पर झूलते-फूलते पलाश, बौर की सुगंध, कोयल की मनमोहिनी कूक, तनभावन तापमान ये सब वासंती उपकरण हैं जो वसंत को महज मौसम नहीं बल्कि प्रेम का महापर्व बना देते हैं।

वसंत और साहित्य का गहरा नाता है। साहित्याकाश के जाज्वल्यमान नक्षत्र महाप्राण सूर्यकांत त्रिपाठी निराला 'वसंत के अग्रदूत' कहे जाते हैं । यह अद्भुत संयोग ही है कि हिंदी की डाल के इस निराले पुष्प के अवतरण हेतु प्रकृति ने वसंत को चुना। वसंत सर्द मौसम के थपेड़ों के बाद आता है। यह भी संयोग ही है कि निराला जी का जीवन तमाम संघर्षों से घिरा रहा लेकिन वासंती उल्लास इन तमाम जीवन संघर्षों पर भारी रहा। उनका जीवन अभावों से घिरा रहा लेकिन मन-प्राण में वसंत चहकता महकता रहा। उनके व्यक्तित्व और कृतित्व की यही विशेषता उन्हें 'महाप्राण' बनाए रही। वसंत पंचमी के साथ महाकवि निराला की याद वैसे ही जुड़ी हुई है, जैसे वे दोनों दो शरीर एक आत्मा हों। निराला ने 'हिंदी के सुमनों' को संबोधित करते हुए जो कविता लिखी है, उसमें अपने को 'वसंत दूत' ही कहा है। उन्होंने हिंदी में वसंत पर सर्वश्रेष्ठ रचनाओं द्वारा इस कथन को सिद्ध भी किया। निराला जी कहना था कि 'मैं बाहर से खाली कर दिया गया हूं लेकिन भीतर से भर दिया गया हूं'। निस्संदेह यह निराला जी के जीवन का जटिल यथार्थ था जिसे वसंत जीवंत बनाए रहा। तब ही तो वे आवाहन करते रहे-मेरे बसन्त की परी-छवि-विभावरी;सिहरो, स्वर से भर भर, अम्बर की सुन्दरी-छबि-विभावरी' वसंत निराला है और निराला वसंत।

# फिर कुत्ते कहां जाएं



पंकज चतुर्वेदी
वरिष्ठ पत्रकार

ऐसे में कुत्ता देखा कर भागने वाले कुत्तों का शिकार बन जाते हैं। अगर कुत्ते को लगता है कि आप बलवान हैं, तो वो शायद आप पर हमला न करें।

देश के हर ऐसे इलाके में जहां आबादी का विस्तार हो रहा है लेकिन जमीन काम पड़ रही है वहां कुतों को खाना खिलाने वाले और कुत्तों से डरने वालों में टकराव साल-दर साल बढ़ रहा है। सवाल यह है कि आखिर कुत्ते जाएं कहां? युगीन से तो वे इंसान के साथ, बस्ती में ही रहते रहे हैं। यदि पौराणिक ग्रंथों और अतीत में झांकें तो जानकारी मिलती है कि इंसान और कुत्ते का साथ कोई बारह हज़ार साल से है। मनुष्य ने अपने धरती पर पैदा होने के बाद सबसे पहले कुत्ता पालना शुरू किया था। हमें पाषाण काल (नव पाषाण काल लगभग 4000 ईसा पूर्व से 2500 ईसा पूर्व) के मानव कंकाल के साथ कुत्ता दफनाने के साक्ष्य बुर्जहोम (जम्मू कश्मीर) से प्राप्त हुआ है। आदि काल में कुत्ता इंसान को शिकार करने में मदद करता था, फिर वह घर व फसल की सुरक्षा भी करता था, सबसे बड़ी बात कम भोजन में भी वफादार बने रहने के उसके गुण ने आज कुत्ते को इंसान द्वारा पाले जाने वाले सबसे विश्वस्त और सर्वाधिक संख्या का जानवर बना दिया।

ऐसा भी नहीं है कि शहरों में कुछ कुत्ते हिंसक नहीं हो रहे हैं, लेकिन विचार करना ही होगा कि आखिर ऐसा क्यों हो रहा है शहर में जमीन का संकट तो है ही फिर बहुमंजिला इमामर्तों ने कुत्तों से वह देहरी छीन ली जिस अपर बैठ कर वह बगैर पालतू बने ही चौकीदारी किया करता था। कथित सोसायटी में बगीचा, घूमने के स्थान, आदि को संकुचित किया जा रहा है और यदि वह बचे इंसान में कोई कुत्ता आ जाता है तो इंसान को लगता है कि यह उसकी जगह पर कब्जा कर रहा है। बकौल विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्लूएचओ) दुनिया में 36 प्रतिशत कुत्ते के काटने से होने वाले रैबीज़ से मौत के मामले भारत में होते हैं। जो कि 18,000 से 20,000 है। रेबीज़ से मौतों में से 30 से 60 प्रतिशत मामलों में पीड़ित की उम्र 15 साल से कम होती है। हालांकि कुत्ता इंसान पर निर्भर रहने वाला जानवर है लेकिन समझना होगा कि कुत्तों में पीछा करने की आदत होती है। ऐसे में कुत्ता देखा कर भागने वाले कुत्तों का शिकार बन जाते हैं। अगर कुत्ते को लगता है कि आप बलवान हैं, तो वो शायद आप पर हमला न करें।

शहरीकरण के चलते शोर, ट्रेफिक, प्रदूषण, बेतरतीब पड़े कचरे से मांसाहारी खाना और फिर उसका चस्का लग जाना, वाहन और परिसरों में रोशनी की चकाचौंध भी ऐसे कारण हैं जो कुत्ते को हिंसक बना रहे हैं।

सोशल मीडिया पर यदा कदा ऐसे वीडियो दिख जाते हैं जिनमें कुत्ते किसी बच्चे या बुजुर्ग पर हमला करते दिख जाते हैं। इसके बाद बहुत से लोग आशंका में ही आवारा कुत्तों पर चिल्लाते हैं, उन्हें लात मारते हैं, उन पर पत्थर फेंकते हैं, उन पर गर्म पानी या तेजाब फेंकते हैं, उन्हें जहर देते हैं या उन्हें अन्य तरीकों से दुर्व्यवहार करते हैं, तो कुत्ते खुद को या अपने पिल्लों की रक्षा करने की आवश्यकता महसूस करते हैं। समझना होगा कि शहर में बंदर या कस्बों में आवारा सांड अधिक नुकसान और इंसान की मौत का कारक बन रहे हैं, इसके बावजूद उनके प्रति इतना रोष या नफरत दिखती नहीं।

आवारा कुत्तों की संख्या न बढ़े, उन्हें एंटीरेबीज, एंटी डिस्टेम्पर टीके सही समय पर ल-इसके लिए स्थानीय निकाय लापरवाह हैं, वहीं समाज में बहुत से लोगों के लिए ऊंची नस्ल का कुत्ता स्टेट्स सिम्बल है लेकिन वे उससे एक फीसदी कम खर्चे में पलने वाले देशी कुत्तों को पालने को राजी नहीं हैं। विदित हो केंद्र सरकार ने देशी नस्ल के कुत्तों को सुरक्षा बलों में स्थान दे कर संदेश भी दिया है कि हमारे कुत्ते किसी से कम नहीं हैं।

इंसान की कुत्तों के प्रति बढ़ रही नफरत के मद्देनज़र उत्तराखंड हाई कोर्ट का जुलाई-2018 में दिया गया वह आदेश महत्वपूर्ण है जिसमें लिखा था-'जानवरों को भी इंसान की ही तरह जीने का हक है। वे भी सुरक्षा, स्वास्थ्य और क्रूरता के विरूद्ध इंसान जैसे ही अधिकार रखते हैं।' वैसे जब तक समाज के सभी वर्गों तक यह संदेश नहीं जाता कि प्रकृति ने धरती पर इंसान, वनस्पति और जीव जंतुओं को जीने का समान अधिकार दिया, तब तक उनके संरक्षण को इंसान अपना कर्तव्य नहीं मानेगा। यह सही है कि जीव-जंतु या वनस्पति अपने साथ हुए अन्याय का ना तो प्रतिरोध कर सकते हैं और ना ही अपना दर्द कह पाते है। कुत्ता भी इंसान और प्रकृति के बीच के चक्र का अनिवार्य अंग है। उसे नए तरह के शहर और इन्संके अनुरूप ढलने में समय लगेगा लेकिन तब तक इंसान को ही उसके प्रति संवेदनशीलता दिखानी होगी।

## सोशल फोरम

# मंझलों के दुख



संजय वर्मा
इंदौर

जब पहलौटे (पहला बच्चा) दुनिया में आते हैं, तो शहनाइयां बजती हैं। मिठाई बांटी जाती है। उनकी हर किलकार हर अदा पर मां-बाप बलिहारी जाते हैं। उन्होंने पहला शब्द क्या बोला, पहली बार वे कौन सी तारीख को पैंया पैयां चले। दसियों श्रृंगार, सैकड़ो फोटो, हजारों चुंबन! वे राजकुमार होते हैं, जिन पर प्यार दुलार ही नहीं सारे साधन भी लुटाए जाते हैं। फिर एक दिन दूसरा बच्चा आता है। मंझला! अब तक सब कुछ एक बार हो चुका है। अब सब बासी है। महफिल में आ ही गए हो तो बैठ जाओ। मंझलों की जंग शुरू होती है। प्यार के लिए, ध्यान के लिए, साधनों के लिए। उनका मुकाबला उस बड़े भाई से है जो आकार में, दिमाग में, हुनर में बहुत बड़ा है। वे उससे जीत नहीं सकते। वे क्या करें? वे कैसे बताएं कि इस ज़मीं और आसमां के दरम्यां हम भी हैं।

फिर वे तिकड़मी हो जाते हैं। या एक अलग दुनिया बसाते हैं। मोहल्ले में अपने जैसे बच्चों के साथ एक समानांतर परिवार बसा लेते हैं। जो प्यार और सम्मान घर पर नहीं मिला, वे इस नई दुनिया में ढूंढ लेते हैं। पर यह ब्लेसिंग इन डिसगाइज़ है.., आपदा में अवसर है। वे जीना, प्यार करना और देना सीखते है। उनके पास बड़कों के मुकाबले बेहतर और ज्यादा दोस्त होते हैं। पहलौटे बेशक तेज दिमाग, ज्यादा महत्वाकांक्षी, नियम अनुशासन वाले और बेहतर नेतृत्व करने वाले होते हैं। इसलिए अमेरिका के 44 राष्ट्रपतियों में से 28 पहलौटे थे। अंतरिक्ष में जाने वाले पहले 23 यात्रियों में से 21 पहलौटे थे। मंझले अंतरिक्ष नहीं गए। उन्होंने यहीं अपनी दुनिया बसाई। अपनी तिकड़मों, जुगाड़ों से अच्छे व्यापारी बने। जुगाड़ के लिए अगर कोई नोबल पुरस्कार होता तो वह किसी मंझले को ही मिलता। मगर दुनियावी सफलताओं के बावजूद मंझलों के मन में टीस उठती है। क्यों ऐसा हुआ कि बड़कों को सम्मान और छुटकों को सारा लाड़ मिला? उनके दर्द की कहानी अब कोई क्या ही लिखेगा? वैसे भी वे पृथ्वी पर कुछ आखिरी लोग बचे है। हम दो हमारे दो के बाद हम एक और हमारा एक राजकुमार की दुनिया में मंझले एक विलुप्त प्राय प्रजाति के सदस्य हैं। इसीलिए अब क्या ही फर्क पड़ता है।

-फेसबुक वॉल से

# कोई तो है



डा. श्रीधर द्विवेदी
नई दिल्ली

किसने बनाया यह अद्भुत मानव शरीर। दी ऐसी सुगठित काया। बेजोड़ नर तन जिसमें अहर्निश कार्य करने वाला, कभी न थकने वाला हृदय -संचरण तंत्र है, सोचने-बूझने वाला सुपर संगणक मस्तिष्क है, आपाद मस्तक नाड़ी समूह सुषुम्ना है, निरंतर सांस लेने लिए के लिए अप्रतिम श्वसन तंत्र और खान-पान पाचन के लिए अतुलनीय पाचन तंत्र तथा उत्सर्जन के लिए अद्भुत उत्सर्जन अंग-प्रत्यंग वृक्क तंत्र हैं सब कुछ ऐसा व्यवस्थित और सुनियोजित कि उसका कोई तोड़ नहीं। प्रजनन शक्ति प्रदान करता है। त्वचा जैसी सुविस्तृत, सांगोपांग सुरक्षा देता है। ऐसी अद्भुत नैसर्गिक मानव मशीन किसकी संरचना है? देखने को आंखें, सुनने को कान, सूंघने को नाक, और स्वाद के लिए जिह्वा जो वाणी का भी काम करें। महाकवि सूरदास और स्वामी रामभद्राचार्य जैसे ज्ञानी पुरुषों को जिन्हें बहिर्चक्षु नहीं थे उन्हें अन्तर्चक्षु किसने प्रदान किए? गूंगे को वाचाल किसने बनाया? दिव्यांग अरुणिमा सिन्हा एवरेस्ट के शिखर पर पहुंचने की अदम्य शक्ति कौन देता है। निषाद पुत्र महर्षि वेदव्यास को महाभारत जैसा महाकाव्य लिखने की प्रेरणा किसने दी? कौन मछुआरे की संतान एपीजे कलाम को महान वैज्ञानिक और मिसाइल पुरुष बना देता है। आज से पांच-छह सौ वर्ष पूर्व निर्धन गिरमिटिया मजदूरों को स्वदेश से सुदूर फ़िजी, मारीशस, सूरीनाम, दक्षिणी अफ्रीका आदि स्थानों में अत्यंत विकट परिस्थितियों में गीता और रामायण के सहारे जीवन यापन किया। अपनी जड़ें जमाईं। किस लीला -शक्ति के सहारे उनकी आज की पीढ़ियां बिमान प्रसाद, उप प्रधानमंत्री फ़िजी, प्रवीन जगन्नाथ, प्रधानमंत्री, मारीशस तथा चंद्रिका प्रसाद संतोखी, राष्ट्रपति सूरीनाम के रूप में प्रतिष्ठित-सुशोभित हैं। आखिर किस अदृश्य शक्ति के बल पर?

प्रश्न यह है कि किसने निर्माण किया ऐसे अद्वतीय प्राणि जगत की। किसने रचना की इस अखिल ब्रह्मांड की। अनंत उर्जा का स्रोत सूर्य, सुधाकर, पुथ्वीपुत्र मंगल, सौंदर्य का प्रतीक बुध, गुरू बृहस्पति, शुक्र, शनि, राहु और केतु का रचयिता आखिर कौन सी वह शक्ति है? कौन है वह अदृश्य सृष्टि का निर्माता? दिखता तो नहीं पर उसका प्रभाव सर्वत्र विद्यमान है। असंख्य प्राणी, अनगिनत योनियां, इतनी सारी वनस्पतियां, आकाश गंगा, अंतरिक्ष पिंड, अगाध तारे, पर्वत श्रेणियां, जल प्रपात और महासागर इन सबका नियंता वह कौन सत्ता है? सबके सब अतिविशिष्ट और अनूठे। कौन सी वह अलौकिक शक्ति है? आस्तिक उसे ईश्वर कहता है। नास्तिक उसे प्रकृति का नाम देता है। कोई उस निर्माता को साकार स्वरूप मानता है और विविध नाम देता है तो कुछ दूसरे उसे निराकार, अव्यक्त, अलिखित, अकल्पनीय और निरपेक्ष विराट शक्ति। आखिर कौन है वह महिमामयी शक्तिपुंज जिसने यह सब निर्मित किया? कोई तो है। संभवतः उस असीम शक्ति का साक्षात दर्शन करने वाले और छहत्तर वर्ष की अवस्था में रामायण जैसे महाकाव्य की रचना करने वाले महाकवि तुलसी ने मेरी इस जिज्ञासा का समाधान इन शब्दों में व्यक्त कर दिया जब वह लिखते हैं- 'सब कर परम प्रकासक जोई, राम अनादि अवधपति सोई'। पद बिनु चलहिं सुनहिं बिनु काना। कर बिनु करम करही विधि नाना।।' आनन रहित सकल रस भोगी। बानी बिनु बकता बड़ जोगी।।' 'तन बिनु परस नयन बिनु देखा। ग्रहहि घ्राण बिनु बास बिसेखा 'अस सब भांति अलौकिक करनी। महिमा अमित जाहि नहीं बरनी।।' इन कालजयी, शास्वत पंक्तियों को पढ़ने के पश्चात् अब किसी संदेह की संभावना ही कहां रह गई थी कि 'कोई तो है'?

# अर्थ संचय और धर्म की मर्यादा



ओमप्रकाश त्रिपाठी
सेवानिवृत्त, पुलिस महानिरीक्षक

'बजाओ ढोल स्वागत' वाला रामधुन अभी परवान चढ़ ही रहा है कि कुरूक्षेत्र वाले हुंकार और शंखनाद की आवाजें आने लगी हैं। भगवान राम, हम सभी के लिए मर्यादा पुरुषोत्तम के रूप मे पूजनीय हैं। मर्यादा की रक्षा एवं लोकहित के लिए उन्होने न केवल राज्यसुख व वैभव का परित्याग किया, बल्कि अपनी अभिन्न प्रियतमा सीता का भी वियोग सहा। महाभारत मे लोकलाज व मर्यादा का कोई स्थान नही था। येन केन प्रकारेण स्वार्थ एवं राज्य लिप्सा की सिद्धि।

साध्य ही सर्वोपरि रहा, एक से एक घटिया साधन अपनाए गए। परिणाम क्या रहा? गौरवशाली कुरूवंश, जिसमें कौरव और पांडव दोनों आते हैं, का लगभग समूल विनाश। एक एक करके सभी मर्यादाएं तार तार। पांचाली की बदजुबानी 'अंधे का पुत्र अंधा होता है' ने चीरहरण व महाभारत की नींव रखी। दुःशासन के रक्त से बेणी का श्रृंगार हुआ। नर व नारायण दोनों के लाडले अभिमन्यु के प्राणों की रक्षा न हो सकी। भगवान श्रीकृष्ण की, स्वयं की ही नारायणी सेना युद्धक्षेत्र में गुमनामी के अंधेरे मे खो गई। सभी पांडव पुत्र निद्रावस्था मे प्रतिशोध की हिंसा के शिकार हुए और मणिविहीन अश्वत्थामा लांछित होकर सदा के लिए दर दर भटकने को विवश हुआ। स्वर्गारोहण के समय सभी पांडव एक एक करके काल के ग्रास बने और धर्मराज युधिष्ठिर जब अकेले जीवित स्वर्ग पहुंचे तो सबसे पहले क्षण भर के लिए ही सही, नरक ही भोगना पड़ा। द्वापर का पलायन हुआ और कलिकाल का आधिपत्य। भगवान राम का जीवन हमें सीख लेने व उनका अनुकरण करने को प्रेरित करता है, महाभारत परोक्ष रूप से यह बताता है कि सर्वनाश से बचने के लिए हमें किन दोषों से दूर रहना चाहिए। काम और अर्थ का संचय धर्म की मर्यादा के अनुसार ही स्थायी और आनंददायी होता है।

# तपस्या के बाद मूल स्वरूप में दिखे बाबा जागेश्वर

## मंदिर में विधि विधान से पूजा अर्चना कर बांटा गया प्रसाद, पुजारियों समेत श्रद्धालुओं की दिखाई दी काफी भीड़

संवाददाता, अल्मोड़ा

**अमृत विचार :** विश्व प्रसिद्ध जागेश्वर धाम में मंगलवार को बाबा जागेश्वर विधि विधान से एक माह की तपस्या के बाद घृत कमल से बाहए निकाले गए। इस मौके पर भक्तों ने बाबा के मूल स्वरूप में दर्शन किए। साथ घृत कमल के घी का प्रसाद भी ग्रहण किया। इस मौके पर मंदिर में पुजारियों समेत श्रद्धालुओं की काफी भीड़ दिखाई दी।



घृत कमल से निकलने के बाद बाबा जागेश्वर के मूल स्वरूप में हुए दर्शन। ● अमृत विचार

पौराणिक परंपराओं के अनुसार माघ माह में मकर संक्रांति पर्व पर भगवान भोलेनाथ एक माह कठोर तप के लिए गुफा में चले गए थे। इसी परंपरा को आगे बढ़ाते हुए इस बार भी जनवरी महीने में मकर संक्रांति के शुभ अवसर पर जागेश्वर धाम के ज्योर्तिलिंग जागनाथ में विशेष पूजन किया गया। जिसके बाद 201 किलो गाय के घी को पानी में उबालकर शुद्ध किया गया और फिर उससे गुफा तैयार की गई। जिसके बाद वेदमंत्रों के साथ तैयार गुफा में पवित्र माघ महीने के लिए भोलेनाथ को ढक दिया गया। यह प्रकिया धाम के मुख्य पुजारी हेमंत भट्ट के द्वारा पूरे मंत्र उच्चारण व विधि विधान से की गई थी।

इधर मंगलवार के भगवान भोलेनाथ की एक महीने की तपस्या समाप्त होने के बाद जागेश्वर धाम में पूरे विधिविधान से गुफारूपी घी को श्रद्धालुओं में प्रसाद के रूप में वितरित किया गया। जिसके बाद श्रद्धालुओं ने भगवान भोलेनाथ के मूल स्वरूप में दर्शन किए। ऐसी मान्यता है कि घृत कमल के मंत्रोउच्चार पूजन के बाद घी के रूप में बांटे गए प्रसाद को ग्रहण करने व सिर में मलने से तमाम असाध्य रोगों से मुक्ति मिलती है।

मंगलवार को इस मौके पर जागेश्वर मंदिर प्रबंधन समिति की प्रबंधक ज्योत्सना पंत, पं. लक्ष्मी दत्त भट्ट, पं. रमेश भट्ट, तारा भट्ट, विनोद भट्ट समेत अनेक पुजारी, पुरोहित और दूरदराज से आए श्रद्धालु मौजूद रहे।

# सांई बाबा की पालकी यात्रा निकाली

संवाददाता, अल्मोड़ा

**अमृत विचार :** शिरड़ी सांई बाबा धाम में चल रहे वार्षिकोत्सव कार्यक्रम के दौरान छलिया नृत्य के साथ सांई बाबा की पालिका यात्रा निकाली गई। इस दौरान कई मंदिरों में पूजा अर्चना के साथ ही भजनों का आयोजन किया गया।

मंगलवार को शिरडी सांई कृपा धाम से सांई बाबा की पालकी यात्रा की शुरुआत हुई। गाजे बाजे के साथ यात्रा एलआरसाह रोड, माल रोड, कचहरी बाजार, चौक बाजार, बाटा चौक, लाला बाजार, नंदा देवी होते हुए वापस धाम पहुंची।। इस बीच मार्ग में आने वाले मंदिरों में भी श्रद्धालु सांई बाबा की पालकी को ले गए और उन स्थानों पर पूजा अर्चना भी की। इस दौरान माहौल



नगर में सांई बाबा की पालकी यात्रा निकालते श्रद्धालु। ● अमृत विचार

भक्तिमय बना रहा। यात्रा में कुमाऊं का प्रसिद्ध छलिया नृत्य आकर्षण का केंद्र रहा। देर शाम धाम में भजन कीर्तन के साथ भंडारे का आयोजन किया गा।

कार्यक्रम में शिरडी सांई कृपा धाम समिति के अध्यक्ष राघव पंत, सचिव भाष्कर लाल साह, गौरव, कैलाश नेगी, नीरज बिष्ट, अरुण तिवारी, दीप तिवारी, मधु, दीपा बिष्ट, भावना तिवारी, रजनी पंत, सुनील साह आदि मौजूद रहे।

# उपनल कर्मियों के कार्य बहिष्कार से कामकाज प्रभावित

## मांगों पर शीघ्र कार्रवाई की उठाई मांग, कहा-जब तक सरकार उनकी मांगें नहीं मान लेगी, तब तक जारी रहेगा कार्य बहिष्कार

संवाददाता, अल्मोड़ा

**अमृत विचार :** अपनी विभिन्न मांगों पर कार्रवाई ना होने से नाराज उपनल कर्मचारी मंगलवार को भी कार्य बहिष्कार पर रहे। कार्य बहिष्कार के चलते अनेक सरकारी संस्थाओं में दैनिक कार्य प्रभावित रहा। जिस कारण अधिकारियों समेत आम लोगों को भी काफी परेशानी का सामना करना पड़ा।

मंगलवार को कार्य बहिष्कार के दूसरे दिन उपनल के सर्विदा कर्मचारियों ने होटल मैनेजमेंट, आईटीआई समेत विभिन्न विभागों में प्रदर्शन किया। उन्होंने समस्याओं ने निराकरण नहीं होने पर नाराजगी जताई। जिला महामंत्री शेखर भट्ट ने कहा कि सरकार हर बार आश्वासन देती है। लेकिन अपने आश्वासनों पर सरकार ने आज तक कोई कार्रवाई नहीं की। कार्य बहिष्कार कर रहे कर्मचारियों ने एक स्वर में कहा है कि जब तक उनकी मांग पूरी नहीं होगी। तब तक वह कार्य बहिष्कार पर डटे रहेंगे।

कहा है कि उन्होंने अल्प वेतन में 15 से 18 साल विभिन्न विभागों में अपनी सेवाएं दी हैं। वर्तमान में अधिकांश की उम्र 40 से 45 साल हो गई है। लेकिन अब सरकार उन्हें नियमित करने के बजाय बाहर का रास्ता दिखाने की कोशिश कर रही है। अल्प वेतन के कारण वह अपनी पारिवारिक जिम्मेदारियों का निर्वहन भी ईमानदारी से नहीं कर पा रहे हैं। ऐसे में सरकार उनकी मांगों पर कार्रवाई करने के बजाय उनकी उपेक्षा कर रही है। जिसे बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। सरकार जब तक उनकी मांगें नहीं मान लेगी। तब तक उनका कार्य बहिष्कार जारी रहेगा।

इस दौरान मनीष वर्मा, राजेश साह, हितेश वर्मा, मुन्नी भाकुनी, विक्की मेहरा, निशांत गोस्वामी, राजेंद्र, सोनाली परिहार आदि रहे।



अल्मोड़ा में कार्य बहिष्कार के दौरान प्रदर्शन करते उपनल कर्मचारी। ● अमृत विचार

### उपनल कर्मी ने काला फीता बांधकर जताया विरोध

**बागेश्वर, अमृत विचार :** जिले में उपनल कर्मी अपनी मांगों को लेकर आंदोलित हैं। उन्होंने हाथ में काला फीता बांधकर विरोध जताया। कहा कि प्रदेश सरकार के उपनल कर्मचारियों की मांगों की उपेक्षा से वे भविष्य के प्रति चिंतित हैं। कहा कि ईमानदारी से कार्य करने के बाद भी उपनल कर्मचारियों का मानदेय नहीं बढ़ाया व कुछ विभागों से उन्हें निकाला जा रहा है। यदि शीघ्र मांगें नहीं मानी तो आंदोलन तेज किया जाएगा। बैठक में आशुतोष कुमार, मंगल सिंह, दरवान सिंह, जगदीश चंद्र आदि उपस्थित थे।



नगर के गांधी पार्क में डीडीएक के खिलाफ धरने पर बैठे समिति के सदस्य। ● अमृत विचार

### प्राधिकरण के विरोध में गांधी पार्क में प्रदर्शन

**अल्मोड़ा, अमृत विचार :** जिला विकास प्राधिकरण को लेकर सर्वदलीय संघर्ष समिति में गुस्सा बरकरार है। प्राधिकरण को पूरी तरह समाप्त करने की मांग को लेकर समिति के सदस्यों ने नगर के गांधी पार्क में प्रदर्शन कर धरना दिया। समिति के सदस्यों ने कहा है पूर्व की घोषणा के मुताबिक जब तक प्राधिकरण को पूरी तरह समाप्त नहीं किया जाएगा। तब तक उनका संघर्ष जारी रहेगा। मंगलवार को प्राधिकरण का विरोध कर रही सर्वदलीय संघर्ष समिति के सदस्य नगर के गांधी पार्क में एकत्र हुए और सरकार के खिलाफ प्रदर्शन कर जमकर नारेबाजी की। प्राधिकरण के सदस्यों ने कहा कि पर्वतीय जिलों की भौगोलिक स्थिति को जानने के बाद भी सरकार द्वारा यहां प्राधिकरण के नियम लागू करवा दिए गए। जिसके बाद से आम आदमी को अपने मकान का नक्शा बनाने के लिए तमाम परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। सदस्यों ने कहा कि पर्वतीय क्षेत्र के लोग लंबे समय से प्राधिकरण को समाप्त करने की मांग को लेकर आंदोलन कर रहे हैं। पूर्व में भाजपा सरकार के दो मुख्यमंत्री डीडीए को पूरी तरह समाप्त करने की घोषणा भी कर चुके हैं। लेकिन इसके बाद भी वर्तमान सरकार अपनी ही पार्टी के मुख्यमंत्रियों की घोषणा पर कोई गौर नहीं कर रही है। समिति के सदस्यों ने कहा है कि जब तक प्राधिकरण को पूरी तरह समाप्त नहीं किया जाता। तब तक समिति का संघर्ष जारी रहेगा। प्रदर्शन और सभा में हेम चंद्र जोशी, शहाबुद्दीन, प्रत्येश पांडे, आनंद सिंह बगडवाल, महेश चंद्र आर्या, ललित मोहन पंत, आनंदी वर्मा, भारत रत्न पांडे,अख्तर हुसैन समेत विभिन्न संगठनों से जुड़े लोग मौजूद रहे।

# पूर्व सीएम कोश्यारी ने की भैरव मंदिर में पूजा अर्चना

संवाददाता, बागेश्वर

**अमृत विचार :** बागेश्वर व पिथौरागढ़ जिले की सीमा पर स्थापित भैरव देवता मंदिर में माघी खिचड़ी व पूजा अर्चना का आयोजन किया गया। इस दौरान पूर्व राज्यपाल भगत सिंह कोश्यारी ने ग्रामीणों से आत्मनिर्भर बनने के लिए आगे आने की अपील की।

पूर्व राज्यपाल ने भैरव देवता के मंदिर में पूजा अर्चना की। कोश्यारी ने कहा कि देवभूमि में देवता सभी को आशीर्वाद देते हैं व बिना उनके आशीर्वाद के कुछ भी संभव नहीं है। कहा कि निरंतर जनसंख्या बढ़ने के कारण सरकारी रोजगार में कमी होने से सभी को आत्मनिर्भर बनना होगा।

कपकोट के विधायक सुरेश गड़िया ने कहा कि क्षेत्र के विकास के लिए भाजपा सरकार विशेष कार्य कर रही है। उन्होंने जनता से सहयोग की अपील की। गंगोलीहाट के विधायक फकीर राम आर्या ने कहा कि प्रदेश में भाजपा की सरकार आने के बाद विकास कार्यों को नया आयाम मिला है।

इस दौरान विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में भाजपा जिला अध्यक्ष इंद्र सिंह फर्स्वाण, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष राम सिंह कोरंगा आदि मौजूद रहे।



जनसभा में उपस्थित पूर्व राज्यपाल भगत सिंह कोश्यारी व अन्य। ● अमृत विचार

# दो वर्ष बीतने के बाद भी नहीं टपकी पानी की एक बूंद

**गरमपानी, अमृत विचार :** बेतालघाट व रामगढ़ ब्लॉक के गांवों में केंद्र सरकार की महत्वाकांक्षी जल जीवन मिशन योजना लापरवाही का जीता जागता उदाहरण बन चुकी है। बेतालघाट के सुनस्यरी गांव के चालीस से ज्यादा परिवार योजना का कार्य दो वर्ष पूर्व पूरा हो जाने के बावजूद आज भी बूंद बूंद पानी का इंजन कर रहे हैं। मजबूरी में ग्रामीण दूरदराज से पानी लाकर हलक तर कर रहे हैं। ग्राम प्रधान कैलाश पंत ने संबंधित विभाग की अधिशासी अभियंता को पत्र भेज जल्द आपूर्ति सुचारु करने की मांग उठाई है।

रामगढ़ ब्लॉक के क्वारब क्षेत्र में लाखों रुपये का बजट होने के बावजूद पुरानी योजना से कनेक्शन दिए जाने का मामला जोरशोर से उठने के बाद अब बेतालघाट ब्लॉक के सुनस्यारी गांव के ग्राम प्रधान ने मोर्चा खोल दिया है।

# सड़क निर्माण को लेकर भड़कीं चिंगारी

संवाददाता, गरमपानी

**अमृत विचार :** अल्मोड़ा हल्द्वानी हाइवे पर चमड़ियां क्षेत्र में सड़क निर्माण को लेकर भड़कीं चिंगारी शांत होने का नाम नहीं ले रही। सड़क निर्माण के पक्ष से जुड़े लोग दूसरे पक्ष पर बाग बगीचों तक घुसने का आरोप लगा खैरना चौकी पहुंच गए। सूचना पर दूसरा पक्ष भी मौके पर पहुंचा। चौकी परिसर में दोनों पक्षों में तीखी बहस हुई। पुलिस ने बामुश्किल मामला शांत कराया। बाद में दोनों पक्षों में समझौता हो गया।

चमड़ियां क्षेत्र से लोहाली ग्राम पंचायत के तीन तोकों को जोड़ने को विधायक निधि से निर्माणाधीन सड़क के पक्ष में रहने वाले लोग खैरना चौकी पहुंचे। पुलिस को शिकायती पत्र देकर बताया की सड़क का विरोध कर रहे लोग सड़क संबंधी सभी मामले निपट जाने के बाद अब उनके बगीचे तक पहुंच रहे। लगातार अनहोनी का अंदेशा बना हुआ है। लोगों ने मामले में कार्रवाई कई मांग भी उठाई। सूचना पर दूसरा पक्ष भी चौकी पहुंच गया। दूसरे पक्ष से जुड़े लोगों ने कहा की कुछ दिन पहले निर्माणाधीन सड़क से पत्थर तस्करी की गई। आगे के क्षेत्र से भी तस्करी होने के अंदेशे से वो लोग वन विभाग की टीम के साथ निर्माणाधीन सड़क की ओर पहुंचे थे। दोनों पक्षों में काफी देर तक बहस होती रही। मामला बिगड़ने के अंदेशे से पुलिस टीम ने बामुश्किल मामला शांत कराया। शांति व्यवस्था बिगड़ने पर कार्रवाई की चेतावनी दी। बाद में दोनों पक्षों में लिखित समझौता हो गया। इस दौरान हरीश कुमार, ललित, हीरा लाल, हिमांशु आदि मौजूद रहे।

# अग्निवीर के विरोध में चलेगा अभियान

**अल्मोड़ा, अमृत विचार :** युवा कांग्रेस के कार्यकर्ता अग्निवीर योजना के विरोध में जिले भर में अभियान चलाएंगे। जिलाध्यक्ष दीपक कुमार ने सरकार की अग्निवीर योजना को युवाओं के साथ धोखा बताया है।

मंगलवार को पत्रकारों से बातचीत के दौरान जिलाध्यक्ष ने कहा कि भाजपा सरकार ने अग्निवीर योजना के जरिए युवाओं के भविष्य से खिलवाड़ किया है। इसके विरोध में जय जवान अभियान शुरू किया गया है। उन्होंने कहा कि अभियान के जरिए अग्निवीर योजना को वापस लेने के अलावा रक्षा बलों में पुरानी भर्ती प्रणाली को बहाल करने की मांग की जाएगी। अभियान तीन चरणों में चलाया जाएगा। पहले चरण में जनसंपर्क अभियान 28 फरवरी तक चलेगा। इसके बाद सत्याग्रह अभियान के तहत पांच से 10 मार्च तक नगर के मुख्य स्थानों पर धरना दिया जाएगा। साथ ही 50 किमी तक पदयात्रा निकाली जाएगी।

# मतदान के लिए रणनीति तैयार करें अधिकारी

संवाददाता, अल्मोड़ा

**अमृत विचार :** मुख्य निर्वाचन अधिकारी उत्तराखंड डा. बीवीआरसी पुरषोत्तम ने पिथौरागढ़ अल्मोड़ा लोकसभा सीट के लिए चुनावों की तैयारियों का जायजा लेते हुए कुमाऊं के चारों जिले के निर्वाचन अधिकारियों को शत प्रतिशत मतदान के लिए रणनीति तैयार करने के निर्देश दिए हैं।

मुख्य निर्वाचन अधिकारी उत्तराखंड ने मंगलवार को अल्मोड़ा संसदीय क्षेत्र की आगामी लोकसभा चुनाव की तैयारियों की समीक्षा की। इस दौरान अल्मोड़ा संसदीय क्षेत्र के पिथौरागढ़, चंपावत, बागेश्वर तथा अल्मोड़ा के अधिकारियों के साथ बैठक कर उन्होंने विभिन्न व्यवस्थाओं को लेकर आवश्यक दिशा निर्देश दिए। जिला निर्वाचन अधिकारी अल्मोड़ा विनीत तोमर ने जनपद की निर्वाचन संबंधी तैयारियों का प्रस्तुतिकरण किया तथा एसएसपी देवेंद्र पींचा ने पुलिस प्रशासन की तैयारियों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। अन्य जनपदों के संबंधित अधिकारियों ने भी अपने अपने जनपदों में की जा रही तैयारियों का प्रस्तुतिकरण किया। उन्होंने सभी जिला निर्वाचन अधिकारियों को निर्देश दिए कि मतदान प्रतिशत को बढ़ाए जाने के लिए प्लान तैयार कर सभी कार्य किए जाएं। उन्होंने कहा कि जिन मतदान केंद्रों पर पिछली बार मतदान प्रतिशत कम रहा है। उन्होंने निर्देश दिए कि 80 वर्ष से अधिक आयु के मतदाता एवं दिव्यांग मतदाताओं के लिए यह सुनिश्चित करें कि उनका मतदान प्रतिशत पिछले चुनाव की अपेक्षा बढ़े। उन्होंने स्वीप गतिविधियों को बढ़ाए जाने एवं लोगों को मतदान के प्रति जागरूक करने के निर्देश भी दिए। उन्होंने कहा यह सुनिश्चित कर लिया जाए कि सभी पोलिंग बूथों पर बिजली, पानी, शौचालयों की पर्याप्त व्यवस्था व बेहतर कनेक्टिविटी की व्यवस्था भी उपलब्ध हो।

बैठक में अपर मुख्य निर्वाचन अधिकारी उत्तराखंड विजय जोगदंडे, संयुक्त मुख्य निर्वाचन अधिकारी प्रताप सिंह शाह, डीएम बागेश्वर अनुराधा पाल, एसएसपी पिथौरागढ़ लोकेश्वर सिंह, एसपी बागेश्वर अक्षय कोंडे, सीडीओ अल्मोड़ा आकांक्षा कोंडे, एडीएम चंपावत, पिथौरागढ़ समेत सभी चार जिलों के संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।



अल्मोड़ा में अधिकारियों की बैठक लेते मुख्य निर्वाचन अधिकारी उत्तराखंड डा. बीवीआरसी पुरषोत्तम। ● अमृत विचार

सतर्कता — सुरक्षा व्यवस्था को पुख्ता करने को लगाए सीसीटीवी, हॉकी, फुटबॉल, बॉक्सिग समेत बैडमिंटन खेलों का होता है आयोजन

# तीसरी आंख की निगहबानी में रहेगा अल्मोड़ा स्टेडियम

रमेश जड़ौत, अल्मोड़ा

**अमृत विचार :** हेमवंती नंदन बहुगुणा स्पोर्ट्स स्टेडियम में अब चारों तरफ तीसरी आंख से निगरानी रहेगी। स्टेडियम की सुरक्षा व्यवस्था को पुख्ता करने के लिये मैदान से लेकर गर्ल्स छात्रावास तक सभी जगह सीसीटीवी कैमरे लगाए गए हैं। पहले चरण में खेल मैदान के बॉस्केटबॉल, बैडमिंटन कोड समेत अन्य स्थानों पर 12 कैमरे लगाए गए हैं।

स्थानीय स्टेडियम में विभिन्न खेलों में करीब 350 से अधिक प्रशिक्षु छात्र पंजीकृत है। इसके अलावा यहां बुकिंग के आधार पर खेल आयोजन होते है। इनमें कई बार अनावश्यक लोगों का प्रवेश होने के साथ ही स्टेडियम के साजों सामान को भी नुकसान पहुंचता है। ऐसे में स्टेडियम की सुरक्षा को और चुस्त दुरुस्त बनाने को फैसला लिया गया। जिससे हर तरह की गतिविधियों पर निगाह रखी जा सके। इसके लिये स्टेडियम के चारों और करीब 12 आधुनिक सीसीटीवी कैमरे लगाए गए हैं। जबकि इंडोर स्टेडियम समेत कार्यालय और एकमात्र गर्ल्स हॉस्टल को भी सीसीटीवी कैमरों से लेस किया गया है।

**12** स्थानों में लगाए कैमरे छात्रावास समेत स्टेडियम के

**03** सौ 50 से अधिक छात्र पंजीकृत है कई खेलों में करीब



अल्मोड़ा का हेमवंती नंदन बहुगुणा स्पोर्ट्स स्टेडियम। ● फाइल फोटो

### इन खेलों की होती है गतिविधियां

फुटबॉल, हॉकी, बॉस्केटबॉल, टेबल टेनिस, बैडमिंटन, बॉक्सिंग, वॉलीबॉल, एथेलेक्टिस, ताइक्वाड़ो, भारतोलन, कबड्डी, योगा समेत आदि खेलों का आयोजन हेमवंती नंदन बहुगुणा स्टेडियम में किया जाता है। इसमें 350 से अधिक प्रशिक्षु छात्र पंजीकृत है।

"खेल गतिविधियों और स्टेडियम की सुरक्षा व्यवस्था को लेकर चारों ओर पहले चरण में 12 आधुनिक कैमरे लगाए गए हैं। जिससे हर तरह की गतिविधियों पर निगाह रखी जा सके। दूसरे चरण में भी स्टेडियम के कई जगहों पर कैमरे लगाए जाएगें। -**अरूण बंग्याल**, प्रभारी जिला क्रीड़ा अधिकारी अल्मोड़ा।"

# काजल ने कथक से किया आश्चर्यचकित

**लालकुआं, अमृत विचार:** हल्दूचौड़ स्थित चिल्ड्रंस एकेडमी सीनियर सेकेंडरी स्कूल में आयोजित दो दिवसीय कत्थक कार्यशाला में यूनाइटेड किंगडम से आईं प्रख्यात नृत्यांगना काजल शर्मा का कथक नृत्य देखकर स्कूली बच्चे आश्चर्यचकित रह गए।

विद्यालय में आयोजित दो दिवसीय कार्यशाला का शुभारंभ मां शारदा की मूर्ति के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। कार्यशाला में विश्व प्रसिद्ध कथक विशेषज्ञ 'पंडित बिरजू महाराज' की शिष्या सुप्रसिद्ध नृत्यांगना यूनाइटेड किंगडम, लंदन निवासी काजल शर्मा ने कथक नृत्य के इतिहास घरानों तथा कथक की विभिन्न मुद्राओं के बारे में विद्यार्थियों को जानकारी दी।

# निष्पक्ष जांच को कुमाऊं कमिश्नर से लगाई गुहार

संवाददाता, गरमपानी

**अमृत विचार :** बाढ़ सुरक्षा कार्यों में गुणवत्ताविहीन निर्माण सामग्री का इस्तेमाल किए जाने तथा नियमानुसार निर्माण कार्य न किए जाने का मामला तूल पकड़ गया है। कांग्रेसी नेता ने कुमाऊं आयुक्त दीपक रावत को ज्ञापन भेज मामले की जांच करवाए जाने की मांग उठाई है। आरोप लगाया है की करोड़ों रुपये के सरकारी बजट से किए गए निर्माण कार्य में अनियमितता बरती गई है।

गरमपानी खैरना बाजार के ठिक पीछे शिप्रा नदी क्षेत्र में करोड़ों रुपये की लागत से हुए बाढ़ सुरक्षात्मक कार्य की जांच को लंबे समय से मांग उठाए जाने के बाद विभागीय अधिकारियों की अनदेखी से अब किसान कांग्रेस के पूर्व प्रदेश सचिव कृपाल सिंह मेहरा ने मिलीभगत से गुणवत्ताविहीन निर्माण सामग्री का इस्तेमाल कर किए बाढ़ सुरक्षा कार्यों की जांच को कुमाऊं आयुक्त दीपक रावत को ज्ञापन भेज दिया है।

उपजिलाधिकारी कोश्या कुटोली के माध्यम से कुमाऊं कमिश्नर को भेजे ज्ञापन के माध्यम से कांग्रेसी नेता ने आरोप लगाया है की शिप्रा नदी क्षेत्र में बाढ़ का रुख गरमपानी से खैरना की ओर होता है पर नियमों को ताक पर रख बाढ़ के मुहाने को जोड़ खैरना क्षेत्र में बाढ़ सुरक्षा कार्य करा दिए गए हैं

## एक नजर

### 21 कलस्टर विद्यालयों को मिली मंजूरी, 24 करोड़ रुपये स्वीकृत

**देहरादून :** सूबे में शिक्षा की गुणवत्ता बढ़ाने के उद्देश से 21 राजकीय इंटर कॉलेजों को क्लस्टर विद्यालय बनाने की मंजूरी दे दी है। चयनित विद्यालयों में भवनों एवं अन्य निर्माण के लिए 24 करोड़ की धनराशि स्वीकृत की है। पहली किस्त के 14.24 करोड़ संबंधित विद्यालयों को जारी किया है। योजना के प्रथम चरण में रूद्रप्रयाग, उत्तरकाशी, देहरादून, टिहरी गढ़वाल एवं पिथौरागढ़ जनपद के चयनित राजकीय इंटर कॉलेजों को कलस्टर विद्यालय के रूप में स्थापित किया जा रहा है। वर्तमान वित्तीय वर्ष में विभाग द्वारा करीब 100 विद्यालयों को कलस्टर विद्यालयों के रूप में स्थापित करने का प्रस्ताव शासन को भेजा गया है। सूबे के विद्यालयी शिक्षा मंत्री डा. धन सिंह रावत ने बताया कि राज्य सरकार ने नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 के प्रावधानों एवं शिक्षा की गुणवत्ता बढ़ाने के दृष्टिगत आस-पास के कम छात्र संख्या वाले विद्यालयों का विलय कर कलस्टर विद्यालय स्थापित करने का निर्णय लिया है। वर्तमान वित्तीय वर्ष में शिक्षा विभाग द्वारा करीब 100 विद्यालयों को कलस्टर विद्यालय के रूप में स्थापित करने का प्रस्ताव सरकार को प्राप्त हुये हैं।

# सरकार कण्वाश्रम को विकसित करने के लिए प्रतिबद्ध : महाराज

## कैबिनेट मंत्री की उपस्थिति में कण्वाश्रम महोत्सव का हुआ शानदार आगाज

**ब्यूरो, देहरादून**

**अमृत विचार :** कण्वाश्रम, कोटद्वार को पर्यटन की दृष्टि से विकसित करने के लिए हमारी सरकार लगातार प्रयासरत है। इसके पुर्णोद्धार के लिए शीघ्र ही योजनाएं धरातल पर उतारी जाएंगी।

उक्त बात प्रदेश के पर्यटन मंत्री सतपाल महाराज ने मंगलवार को चक्रवर्ती सम्राट भरत की जन्मभूमि, महर्षि कण्व की तपस्थली कण्वाश्रम में आयोजित कण्वाश्रम महोत्सव में बतौर मुख्य अतिथि कही।

कैबिनेट मंत्री ने बसंतोत्सव की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि भारत के प्राचीनतम विश्वविद्यालय व महर्षि कण्व की तपस्थली कण्वाश्रम कोटद्वार एक प्रमुख ऐतिहासिक व पौराणिक केंद्र है। यह शिवालिक की तलहटी में मालिनी नदी के दोनों तटों पर स्थित छोटे-छोटे आश्रमों का प्रख्यात विद्यापीठ रहा है। प्राचीन काल में यहां उच्च शिक्षा प्राप्त करने की सुविधा थी।


विधानसभा अध्यक्ष ऋतु खंडूरी को स्मृत चिन्ह देते कैबिनेट मंत्री सतपाल महाराज।

महाराज ने कहा कि कण्वाश्रम, कण्व ऋषि का वही आश्रम है, जहां हस्तिनापुर के राजा दुष्यन्त व शकुंतला के पुत्र भरत का जन्म हुआ था। यह लगभग 3500 साल पुराना है, जो ऋषि वशिष्ठ व महर्षि ऋषि कण्व का आश्रम हुआ करता था, जिसका उल्लेख कई पुराणों व ग्रंथों में मिलता है। उन्होंने कहा कि उन्हें खुशी है कि कण्वाश्रम महोत्सव आयोजन समिति कण्वाश्रम की ऐतिहासिक महत्ता, लोकप्रियता के दृष्टिगत प्रतिवर्ष बसंती पंचमी के शुभ अवसर पर कण्वाश्रम महोत्सव का आयोजन करता रहा है। इस बार इस आयोजन में बौद्धिक, सांस्कृतिक एवं खेल गतिविधियों का समागम किया गया है। इस बार राष्ट्रीय स्तर के सांस्कृतिक दलों को भी इस महोत्सव में आमंत्रित किया गया है, जो कि प्रशंसनीय है।

महाराज ने कहा कि राज्य सरकार ने कण्वाश्रम में चक्रवर्ती सम्राट महाराज भरत की मूर्ति के निर्माण के लिए 79.74 लाख रुपये की वित्तीय व प्रशासनिक स्वीकृति प्रदान कर दी व पहले चरण में 48 लाख रुपये स्वीकृत किए गए हैं।

इस अवसर पर क्षेत्रीय विधायक व विधानसभा अध्यक्ष रितु खण्डूड़ी, आयोजन समिति के अध्यक्ष राज गौरव नौटियाल, योगीराज विश्व पाल जयंत, मेला संयोजक मंजुल डबराल, वीरेन्द्र भारद्वाज, पार्षद सौरभ नौटियाल, मनीष भट्ट, रामेश्वरी देवी, नीना बैंजवाल, शशिबाला केष्टवाल, बीना रावत, सिमरन बिष्ट, रानी नेगी आदि उपस्थित थे।

### आश्वासन पूरे नहीं होने पर किसान दिल्ली तक मार्च कर रहे हैं

**देहरादून, अमृत विचार:** नेता प्रतिपक्ष यशपाल आर्य ने कहा कि तीन काले कृषि कानूनों को वापस लेते समय दिए गए आश्वासनों के पूरा न होने के विरोध में किसान नई दिल्ली तक मार्च कर रहे हैं लेकिन दिल्ली व हरियाणा पुलिस उन्हें परेशान व उनके वैध अधिकारों का हनन किया जा रहा है, यह बेहद अलोकतांत्रिक व सरकार की किसान विरोधी मानसिकता को दर्शाता है। किसान आंदोलन के कारण स्पष्ट हैं। उन्होंने कहा कि किसानों को न्यूनतम समर्थन मूल्य की गारंटी आज तक नहीं मिली।

उन्होंने कहा कि साल 2004-14 तक कांग्रेस सरकार के दौरान गेहूं के न्यूनतम समर्थन मूल्य में 126 फीसदी की बढ़ोतरी की गई। अगर वर्तमान सरकार किसानों को पुराना मूल्य ही प्रदान करती तो उन्हें प्रति क्विंटल गेहूं का मूल्य 3277 रुपये मिल रहा होता, न कि मौजूदा समय में जो मिल रहा है 2275 रुपये। वर्ष 2013 से किसानों के ऊपर कर्ज में 60 फीसदी बढ़ोतरी हुई व इससे उनकी स्थिति बेहद खराब हो चुकी है।

# विभिन्न उम्मीदवारों ने खरीदे नामांकन पत्र


नामांकन पत्र खरीदते उम्मीदवार। ● अमृत विचार

**ब्यूरो, देहरादून**

**अमृत विचार :** उपनिदेशक/चुनाव अधिकारी सूचना मनोज कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि सूचना एवं लोक संपर्क विभाग में सूचना कर्मचारी संघ (मुख्यालय) निर्वाचन-2024 के लिए विभिन्न पदों के लिए प्रत्याशियों ने नामांकन पत्र क्रय किए।

इसमें अध्यक्ष पद के लिए पान सिंह बिष्ट, रणजीत सिंह बुदियाल, उपाध्यक्ष पद के लिए सुषमा एवं प्रशांत रावत, महामंत्री पद के लिए चेतन कुमार पांडेय एवं सुरेश चन्द्र भट्ट, संयुक्त मंत्री पद के लिए कैलाश रावत, संगठन मंत्री पद के लिए अंकित कुमार, प्रचार मंत्री पद के लिए बहादुर सिंह कन्याल, कोषाध्यक्ष पद के लिए राकेश कुमार धीवान तथा संयोजक/ऑडिटर पद के लिए विजय कुमार ने नामांकन पत्र क्रय किए।

## उत्तर प्रदेश

# किसानों की हितैषी नहीं तानाशाह सरकार: लांबा

**जहांगीराबाद, बाराबंकी**

**अमृत विचार :** कस्बा जहांगीराबाद में मंगलवार को कांग्रेस के भारत जोड़ो न्याय यात्रा के तहत महिला सम्मेलन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि अखिल भारतीय महिला कांग्रेस की राष्ट्रीय अध्यक्ष अलका लाम्बा ने महिलाओं किसानों, नौजवानों व महंगाई, बेराजगारी पर बोलते हुए जनता को जागरूक किया। उन्होंने कहा कि आज हमारे देश के अन्नतादा को दिल्ली में उसे कुचला जा रहा है उन पर लाठियां बरसाई जा रही हैं, आंसू के गोले छोड़े जा रहे हैं। पीड़ित किसानों ने जिस दिन हल चलाना छोड़ा तो देश भुखमरी की कगार पर होगा। किसान न्याय के लिए भटक रहा है। डबल इंजन सरकार किसानों की हितैषी नहीं है।

उन्होंने भाजपा सरकार को तानाशाह सरकार बताया। महिलाओं के साथ हो रहे अन्याय पर बालते हुए उन्होंने जनता को एक पोस्टर दिखाया जिसमें भाजपा के कई बड़े नेताओं के नाम शामिल थे। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार में दुष्कर्म के दोषी सांसद, विधायक शामिल हैं। सरकार उन्हें सजा दिलाने के बजाए बचाने का काम कर रही है। उन्होंने संकल्प लिया कि महिला कांग्रेस कन्या भ्रूण की जांच किसी भी कीमत नहीं होने देगी। बेटियों को अच्छी शिक्षा दिलाने पर भी जोर दिया। उन्होंने बेटियों को आर्थिक न्याय के तहत काम देने का वादा किया। कहा कि समूह बनाकर महिलाएं पैड बनाने की तैयारी करें। इसके पूर्व कांग्रेस नेता तनुज पुनिया ने कहा कि कांग्रेस पार्टी ने हमेशा से ही महिलाओं को सबल बनाने का काम किया है। इस मौके पर प्रदेश अध्यक्ष ममता, प्रदेश सचिव प्रतिभा कलपाल आदि लोग मौजूद रहे।

# अब्दुल मलिक का बरेली में भी जमीन विवाद से कनेक्शन

**कार्यालय संवाददाता, बरेली**

**कार्रवाई**

- हल्द्वानी हिंसा के मास्टर माइंड पर पांच करोड़ का मुआवजा हड़पने का आरोप

**अमृत विचार :** हल्द्वानी में हुई हिंसा का मास्टरमाइंड बताए जा रहे अब्दुल मलिक का बरेली के भी एक जमीन विवाद से कनेक्शन निकल आया है। मामला सिविल एयरपोर्ट के लिए अधिग्रहीत जमीन का है। आरोप है कि अब्दुल मलिक इस जमीन के फर्जी कागजात तैयार कर पांच करोड़ का मुआवजा हड़पने में कामयाब हो गया। जमीन की दूसरी दावेदार मुरादाबाद की निशा कई साल पुराने इस मामले में अब दोबारा प्रशासनिक कार्रवाई शुरू करने की तैयारी कर रही है।

मुरादाबाद के बिराली में रहने वाली निशा का कहना है कि अब्दुल मलिक जमीनों पर कब्जा करने का पुराना मास्टरमाइंड है। उनकी खरीदी गई एक जमीन की कीमत भी वह हड़प चुका है। यह जमीन उन्होंने फरवरी 2013 में बरेली के मुड़िया अहमदनगर के पास खरीदी थी, जिस पर बाद में सिविल एयरपोर्ट का निर्माण हुआ। निशा के मुताबिक उनके नाम आने से पहले इस जमीन के छह-सात लोग हिस्सेदार थे। उनके जमीन खरीदने के बाद अगस्त 2013 में एयरपोर्ट के लिए जमीन के अधिग्रहण की अधिसूचना जारी हो गई। इसी दौरान उन्हें सिविल कोर्ट से एक नोटिस जारी किया गया जिसमें कहा गया कि उन्हें जिन लोगों ने जमीन बेची है, उनके पूर्वज कई साल पहले ही उस जमीन की वसीयत अब्दुल मलिक के नाम कर चुके हैं।

निशा के मुताबिक यह विवाद शुरू होने के बाद मामला कोर्ट में चला गया। इस वजह से जमीन का करीब पांच करोड़ का मुआवजा भी अटक गया। भूमि अधिग्रहण अधिकारी ने दोनों पक्षों से शपथपत्र लिया कि जिसके पक्ष में फैसला होगा, उसी को मुआवजे की धनराशि दी जाएगी। निशा का आरोप है कि अदालत का फैसला आने से पहले ही कोरोना काल में अब्दुल मलिक ने फर्जी कागजों के आधार पर खुद को भूस्वामी साबित करने में कामयाब हो गया और जमीन का सरकार के नाम बैनामा कर मुआवजा हड़प लिया था। निशा का कहना है कि कानूनी दावपेंच की समझ न होने के कारण वह वक्त शांत बैठ गई थीं। लेकिन अब इस मामले में जांच और न्याय के लिए कमिश्नर और डीएम से शिकायत करेंगी।

### दुल्हन जेवर व डेढ़ लाख लेकर फरार

**सहारनपुर,एजेंसी:** जिले के जनकपुरी थाना इलाके में शादी के 6 दिन बाद ही नई नवेली दुल्हन अपने पति को दूध में बेहोशी की दवा पिलाकर ससुराल से सोने-चांदी के आभूषण और डेढ़ लाख रुपये की नकदी लेकर फरार हो गयी। पीड़ित पति की तहरीर पर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी गयी है। पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण) सागर जैन ने तहरीर के हवाले से बताया कि जनकपुरी थाना क्षेत्र के ग्राम सड़क दूधली निवासी विनोद उर्फ बिट्टू की शादी 6 फरवरी को ग्राम दाबकी गुर्जर निवासी ओमप्रकाश की बेटी शिवानी से हुई थी। एसपी ने बताया कि शादी के 6 दिन बाद दुल्हन ने 11 फरवरी की रात अपने पति विनोद को दूध पीने को दिया जिसे पीते ही वह बेहोश हो गया। जैन ने शिकायत के हवाले से बताया कि शिवानी ने दूध में कोई दवा मिला दी थी। जैन ने बताया कि दुल्हन अलमारी से सोने चांदी के जेवर और डेढ़ लाख रुपये की नकदी लेकर भाग गयी।

# एसएसपी ऑफिस के बाहर प्रेमी को पीटा, कपड़े फाड़े

**कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद**

**अमृत विचार :** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक कार्यालय के बाहर प्रेमिका के घरवालों ने उसके प्रेमी को लात, घूसों और चप्पलों से जमकर पीटा। उसके कपड़े फाड़ डाले। घटना का वीडियो भी सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है।

घटना मंगलवार दोपहर की है। युवक को पिटता देख वहां भीड़ जुट गई, अफरा-तफरी का माहौल हो गया। एसएसपी कार्यालय में मौजूद पुलिसकर्मी मौके पर आकर बीच-बचाव करने लगे थे। साथ ही सिविल लाइंस थाना पुलिस को मामले की खबर की थी। जिस पर सिविल लाइंस थानाध्यक्ष राम प्रसाद शर्मा और महिला थानाध्यक्ष दीपा त्यागी मौके पर पहुंचे थे। यह बवाल काफी देर तक चलता रहा। मार खाने वाले युवक का नाम देव शर्मा उर्फ प्रमुखी बताया जा रहा है। इसे पुलिस सिविल लाइंस थाने ले आई थी, जहां से उसे जिला अस्पताल में मेडिकल परीक्षण के लिए भेजा गया था। उधर, महिला थानाध्यक्ष युवती को थाने ले आई थीं। बताया जा रहा है कि प्रेमी-प्रेमिका दोनों वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के सामने पेश होना चाहते थे।

युवती एसएसपी मिलने के लिए उनके चेंबर के बाहर बेंच पर बैठी अपनी बारी के इंतजार में थी, जबकि उसका प्रेमी बाहर सड़क पर था। प्रेमी-प्रेमिका के एसएसपी कार्यालय में आने की सूचना किसी तरह से युवती के परिवार वालों को मिल गई थी। वह लोग करीब 10-12 की संख्या में एसएसपी कार्यालय के पास आए थे और सड़क पर युवक को पाकर उसे पीटना शुरू कर दिया था। इस दौरान वहां काफी संख्या में लोग एकत्र हो गए।

### छात्रा के अपहरण की धमकी देने वाले पर एफआईआर

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** अपरिचित लगातार फोन कर बीटेक की छात्रा को परेशान कर रहा है। पीड़िता के पिता के मुताबिक, उनकी बेटी के मोबाइल पर दो फरवरी की रात 12.30 बजे अपरिचित की कॉल आई और वह अपहरण कर लेने की धमकी दे रहा था। पीड़िता वनस्थली कॉलेज राजस्थान से बीटेक कंप्यूटर साइंस की द्वितीय वर्ष की छात्रा है। उन्होंने संजय पंडित के नाम के व्यक्ति के विरुद्ध मझोला थाने में नामजद एफआईआर भी दर्ज करा दी है।

छात्रा के पिता ने बताया कि उनकी बेटी अभी 21 वर्ष की है। आरोपी कहां का रहने वाला है, इस बात से पीड़ित परिवार अपरिचित है। बताया कि संजय पंडित नाम का व्यक्ति काफी समय से तीन सिम नंबरों से उनकी बेटी के फोन पर कॉल करता रहा है।

# छात्र का दिनदहाड़े अपहरण, कार पलटने से भाग निकले बदमाश

**संवाददाता चकरनगर, इटावा**

**दुस्साहस**

- जिले के बड़े किराना व्यवसायी का पुत्र है छात्र
- बीहड़ क्षेत्र में सुबह दिया वारदात को अंजाम

**अमृत विचार:** बीहड़ांचल के गांव से स्कूल जा रहे साइकिल सवार कक्षा पांच के छात्र को कार सवार बदमाशों ने दिनदहाड़े अगवा कर लिया। पुलिस और गांव वालों के पीछा करने पर हड़बड़ाहट में बदमाशों की कार अनियंत्रित होकर खाई में पलट गयी, जिससे बदमाश कार और छात्र को छोड़कर भाग निकले। कार में फंसे छात्र को पुलिस ने निकालकर अस्पताल पहुंचाया।

कस्बा चकरनगर के प्रमुख किराना व्यवसायी योगेश कुमार गुप्ता का 11 साल का बेटा कर्तव्य गुप्ता मंगलवार सुबह साढ़े आठ बजे साइकिल से घर से एक किमी की दूरी पर सेंट जोसियर स्कूल जा रहा था। रास्ते में कार सवार दो बदमाशों ने उसे रोक लिया और जबरन साइकिल से खींचकर कार में डालकर भागने लगे। सिकरोड़ी रोड की ओर भाग रहे बदमाशों को देखकर खेतों में काम करने वाले लोगों ने कार का पीछा शुरू कर दिया और पुलिस को घटना की सूचना दे दी। मौके पर पुलिस भी पहुंच गयी और बदमाशों को दोनों ओर से घेर लिया गया। भरेह पुलिस ने थाने के पास कार को रोकने का किया प्रयास लेकिन बदमाश कार की रफ्तार तेज करके चंबल पुल की ओर भाग निकले। थाने के सिपाही सुमित कुमार ने अपाचे बाइक से कार का पीछा जारी रखा। बदमाश चंबल पुल पार करके भाग रहे थे तभी उनकी कार अनियंत्रित होकर खाई में पलट गयी। कार के पलटते ही बदमाश कार से कूदकर भाग निकले। कार में फंसे बच्चे को सिपाही सुमित कुमार ने जैसे तैसे निकाला। तछात्र को कार पलटने से चोटें आयी हैं। छात्र को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने कार बरामद करके बदमाशों की तलाश शुरू कर दी है। कार में मध्य प्रदेश का नंबर लिखा है। एसएसपी संजय वर्मा ने बताया कि एक छात्र को कार सवार कुछ लोगों ने उठाने का प्रयास किया था। लेकिन पुलिस की मुस्तैदी से बदमाश कार खाई में पलटाकर भाग निकले।

### प्रेमी ने गटका जहर प्रेमिका पहुंची थाने

**स्वार, अमृत विचार:** प्रेम प्रसंग के चलते प्रेमिका, प्रेमी के घर पहुंचकर शादी करने की जिद पर अड़ गई। इस पर दोनों के परिजनों में कहासुनी हुई तो इससे आहत प्रेमी ने जहरीले पदार्थ का सेवन कर लिया। हालत बिगड़ने पर युवक के परिजन उपचार के लिए उसे सीएचसी ले आए। तहसीलदार अशोक संत ने सीएचसी में युवक के बयान दर्ज किए हैं।

मामला कोतवाली क्षेत्र के एक गांव का है। गांव निवासी एक युवक का गांव की ही युवती से काफी समय से प्रेम प्रसंग चला आ रहा है। युवक-युवती एक ही समुदाय के अलग-अलग बिरादरी होने के कारण उनके परिजन सहमत नहीं थे। परिजनों ने युवती पर बाहर जाने पर पाबंदी लगा दी थी। प्रेमिका अपने प्रेमी के घर पहुंच गई और शादी करने की जिद पर अड़ गई। इस दौरान दोनों के परिजनों में विवाद हो गया।

# विवाद के बाद छोटे भाई ने फंदा लगाकर दी जान

**कार्यालय संवाददाता, चन्दौसी**

**अमृत विचार:** बनियाठेर थाना क्षेत्र के अशोक नगर में दो भाइयों के बीच विवाद हो गया। जिसमें एक भाई ने क्षुब्ध होकर कमरे में पंखे से प्लास्टिक की रस्सी के फंदे पर लटक जान दे दी। जबकि दूसरा भाई दूसरी मंजिल पर गंभीर हालत में मिला। जिसे पुलिस ने उपचार के लिए सीएचसी भेजा है। दोनों ही युवकों के कमरे अंदर से बंद थे। जिन्हें दरवाजे तोड़ बाहर निकाला। घटना की सूचना मिलने पर पुलिस व फारेंसिक टीम मौके पर पहुंच गई।

कोतवाली क्षेत्र के गांव कैथल के मझरा नवाबपुरा निवासी राम भरोसे के चार पुत्र हैं। जिसमें तीन पुत्रों की शादी हो चुकी है। राम भरोसे ने बनियाठेर थाना क्षेत्र के अशोक नगर में आठ वर्ष पहले भूखंड खरीदकर दो मंजिल मकान बनवा लिया था। पिछले सात वर्षों से राम भरोसे का बड़ा पुत्र खुशीराम अपनी पत्नी राजबाला व बच्चों के साथ अशोक नगर वाले में मकान में रहता है। उसी के साथ उसका तीसरे नंबर का भाई सूरज भी रहता था, जो ई-रिक्शा चलाता था। अन्य भाई देशराज व सुभाष बाहर मजदूरी का कार्य करते हैं। करीब ढाई वर्ष पहले सूरज की पत्नी उसे छोड़कर मायके चली गई। देशराज सोमवार की रात बाहर से काम करके लौटा था। मंगलवार की सुबह देशराज व सूरज कपड़े खरीदने बाजार गए थे। दो बजे दोनों भाई बाजार से लौटकर आए और दूसरी मंजिल पर बने कमरे में दोनों ने शराब पी। इसके बाद दोनों में किसी बात को लेकर झगड़ा हो गया।

### गुल्ली-डंडा खेलने के विवाद में हुई थी बिजेंद्र की हत्या

**बिजनौर, अमृत विचार :** पुलिस ने 12 घंटे के भीतर युवक की हत्या कर आम के बाग में फेंकने वाले दो आरोपियों को गिरफ्तार कर हत्याकांड का खुलासा कर दिया है।

सोमवार की रात ग्राम पेदा निवासी बिजेन्द्र पुत्र बुद्ध सिंह (21) का शव गांव के ही पास एक बाग में लहूलुहान अवस्था में गले में बेल्ट में बंधा हुआ मिला था। पुलिस अधीक्षक नीरज कुमार जादौन ने घटना के खुलासे के लिए सर्विलांस टीम, फील्ड यूनिट व स्क्वायड को संयुक्त रूप से लगाया था। विवेचना में शाहिद व आकिब निवासी गांव पेदा थाना कोतवाली शहर का नाम प्रकाश में आने पर दोनों को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने दोनों की निशानदेही पर घटना में प्रयुक्त आरीनुमा चाकू, मृतक का मोबाइल व कपड़े बरामद किए हैं।

# समुदाय विशेष के लोगों ने युवक-युवतियों को पीटा

**संवाददाता, फर्रुखाबाद**

**अमृत विचार:** गंगा तट पांचाल घाट पर लगे मेला रामनगरिया में सोमवार को देर रात मेला देखने आए युवक युवतियों की समुदाय विशेष के लोगों ने जमकर पिटाई कर दी। इससे युवक-युवतियों की हालत गंभीर हो गई। पुलिस ने घायलों का डॉ. राम मनोहर लोहिया अस्पताल में इलाज के लिए भेजा। पुलिस ने घायलों का चिकित्सीय परीक्षण भी कराया है। पुलिस ने मारपीट करने वाले समुदाय विशेष के दो लोगों को हिरासत में ले लिया है। अन्य की तलाश जारी है। कल्पवास करने आए संतों में घटना को लेकर आक्रोश है। माहौल बिगड़ने से बचाने के लिए पुलिस ने सतर्कता बढ़ा दी है।

मेला रामनगरिया में कल्पवास कर रहे संत बटेश्वर दास ने बताया कि बीच सड़क पर विशेष समुदाय के लोग चारपाई डाले बैठे थे। इसका थाना जहानगंज के गांव मुरहास के रहने वाले गौतम ने विरोध किया तो उन लोगों ने उसे बुरी तरह पीटना शुरू कर दिया। अपने साथी को पिटता देख कुमारी अंजली व कुमारी रानी ने इसका विरोध किया तो हमलावरों ने उन्हें भी बुरी तरह पीटना शुरू कर दिया।

### कंबल में लपेटकर एक दिन की बच्ची को फेंका

**बरेली, अमृत विचार:** भोजीपुरा के एक गांव में एक दिन की बच्ची को कंबल में लपेटकर फेंक दिया गया। लोगों ने पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने मौका मुआयना कर चाइल्ड लाइन को जानकारी दी और बच्ची को जिला अस्पताल में भर्ती करा दिया। बच्ची की हालत खतरे से बाहर बताई जा रही है। पुलिस बच्ची को फेंकने वालों का पता लगा रही है। भोजीपुरा क्षेत्र के गांव कमुआ मकरुका में ग्रामीणों को एक स्कूल के मैदान में बच्चे के रोने की आवाज सुनाई दी। ग्रामीण उधर गए तो कंबल में लिपटी एक दिन की बच्ची मिली। भोजीपुरा थाना प्रभारी जगत सिंह और धौराटांडा चौकी इंचार्ज संजीव यादव मौके पर पहुंचे और लोगों से जानकारी ली।

# आईआईटी रुड़की की मदद लेगी राज्य सरकार

**राज्य ब्यूरो, लखनऊ**

**अमृत विचार :** राज्य सरकार प्रदेश में आपदाओं से निपटने के लिए आईआईटी रुड़की के विशेषज्ञों का सहयोग लेगी। सरकार के निर्देश पर राहत आयुक्त कार्यालय और आईआईटी रुड़की के बीच जल्द ही एक एमओयू साइन किया जाएगा।

इसके तहत आईआईटी रुड़की के विशेषज्ञ विभाग के कर्मचारियों को आपदा बचाव के उच्च प्रबंधन का प्रशिक्षण देने का मार्ग प्रशस्त करेंगे। साथ ही, आपदाओं पर शोध व आंकलन के जरिए प्रदेश में ऐसी स्थिति होने से पहले ही कार्य योजना के विकास व क्रियान्वयन का मार्ग सुनिश्चित करेंगे।

अपर मुख्य सचिव सुधीर गर्ग ने बताया कि देश के अन्य राज्यों की तुलना में आपदाओं की दृष्टि से उप्र संवेदनशील है। मुख्यमंत्री ने हाल में ही आपदा प्रबंधन की समीक्षा बैठक में इससे निपटने और इसके कारणों पर अध्ययन करने के निर्देश दिये थे। इसी क्रम में, आईआईटी रुड़की से एमओयू को लेकर बातचीत चल रही है। एमओयू को लेकर आईआईटी रुड़की और राहत आयुक्त कार्यालय के बीच सहमति बन गई है जल्दी ही दोनों के बीच एमओयू साइन किया जाएगा।

### करंट से युवक की मौत, मां भी झुलसी

**हाफिजगंज, अमृत विचार :** हाफिजगंज थाना क्षेत्र के गांव धमीपुर में छत पर खड़े युवक का हाथ हाईटेंशन लाइन से छू गया, जिससे उसकी मौके पर मौत हो गई। वहीं बेटे को बचाने पहुंची मां भी गंभीर रूप से झुलस गई। गांव धमीपुर में शेर सिंह (35) के मकान के ऊपर से हाईटेंशन लाइन गुजर रही है। शेर सिंह मंगलवार शाम को छत पर खड़ा था कि उसका हाथ लाइन से छू गया। करंट लगने से उसकी मौके पर ही मौत हो गई। बेटे की चीख सुनकर मां कुवारादेवी छत पर पहुंची तो शेर सिंह को तड़पता देखा। बेटे को बचाने में उन्हें भी करंट लग गया, जिससे गंभीर रूप से झुलस गईं।

# फर्जी शिक्षकों को बचाने में पूर्व रजिस्ट्रार निलंबित

**कार्यालय संवाददाता, लखनऊ**

**अमृत विचार :** मदरसा शिक्षा परिषद के पूर्व रजिस्ट्रार जगमोहन सिंह को शासन ने निलंबित कर दिया है। उनके खिलाफ विभागीय जांच का भी आदेश दिया गया है। सोमवार देर शाम को यह कार्रवाई कुशीनगर के हाटा से भाजपा विधायक मोहन वर्मा की शिकायत पर की गई है। विधायक ने मुख्यमंत्री से दो शिक्षकों के फर्जी अंक पत्र के सत्यापन में गलत रिपोर्ट लगाने का आरोप लगाया था।

कुशीनगर जनपद के मदरसा तेगिया शरीफिया नुरूल उलूम शाहपुर के दो शिक्षक साबिर अली अंसारी एवं जाकिर हुसैन अंसारी ने फर्जी अंक पत्र के आधार पर नौकरी हासिल की। दोनों शिक्षकों के अंक पत्र का सत्यापन कराने की मांग मदरसा गौसिया फैजुल उलूम महियरवां, दुदहीं के लिपिक अनवर हुसैन द्वारा की गई। तत्कालीन रजिस्ट्रार जगमोहन सिंह ने अपने कार्यालय द्वारा जारी पत्र संख्या-916 में जाकिर हुसैन की कामिल वर्ष 2014 व साबिर अली की आलिम वर्ष 2014 के अंक पत्रों का मिलान मुख्य परीक्षा अभिलेख से कराया जो पूर्णतया असत्य एवं फर्जी पाया गया।

## मैंथा बाजार भाव

**रामपुर**-शिवालिक 970 फ्लैग 1095 डीएमओ 815 बोल्ड 1135, **सम्भल-चन्दौसी**-शिवालिक 1000 फ्लैग 1125 बोल्ड 1155 डीएमओ 900।

## बरेली मंडी

**वनस्पति तेल तिलहन**-तुलसी 1850, राज श्री 1375, फ़ॉर्चून कि. 1695, रविन्द्रा 1760, फॉर्चुन लीo 1555, जय जवान 1420, सचिन 1435, सूरज 1445, अवसर 1535, राग गोल्ड 1530, गृहणी 1420, क्लासिक (किलो) 1610, मोर 1565, चक्र टिन 1665, ब्लू 1540, आशीर्वाद मस्टर्ड 1660, स्वास्तिक 1820, **किराना (प्रति कु.)**-हल्दी निजामाबाद 13500, जीरा 43000, लाल मिर्च 20000-24000, धनिया 9000-10000, अजवायान 16000-24000, मेथी 8600, सौंफ 15000-20000, सोंठ 35800, (प्रति किलो.) लौंग 920-1000, बादाम 580-680, काजू 2 पीस 600, किसमिस पीली 140-180, मखाना 600-800, **चावल (प्रति कु.)**-डबल चाबी सेला 10500, स्पाइस 7700, शरबती कच्ची 5200, शर्बती स्टीम 5600, के पी मंसूरी 4300, महबूब सेला 4750, गौरी रॉयल 9500, राजभोग 7450, हरी पत्ती (1 किलो, 5 किलो) 10800, हरी पत्ति नेचुरल नया 10500, जेनिथ 10700, गलैक्सी 7400, सूमो 3900, पतंजलि गोल्डन सेला 8000, मंसूरी पनघट 4350, खजाना 4350, **दाल दलहन**-मूंग दाल इंदौर 10600, मूंग धोवा काला क्राउन 10900, राजमा चित्रा 12500-14100, राजमा भूटान नया 9900, मलका काली 6750-7100 मलका दाल 6950-7700, मलका छँटी 7300, दाल उड़द बिलासपुर 10000-10800, मसूर दाल छोटी 9000-9600, दाल उड़द दिल्ली 12000, उड़द साबुत दिल्ली 11800, उड़द धोवा इंदौर 13500, उड़द धोवा 11500-11900, दाल चना 6900, लाल हिंदुस्तान 7000, मलका विदेशी 7300, रूपकिशोर बेसन 7900, चना अकोला 8000, डबरा 9000-13800, सच्चा हीरा 14800, मोटा हीरा 16100, अरहर गोला मोटा 12500, अरहर पटका मोटा 12800, अरहर कोरा मोटा 13300, अरहर पटका छोटा 14200-14600, अरहर कोरी छोटी 15400, **चीनी**-डालमियां 4020, पीलीभीत 4000, नवाबगंज 3090, बहेड़ी (नई) 4000 रुपये।

# चावल की कुछ किस्मों के लिए एचएसएन कोड विकसित करने पर विचार कर रही है सरकार

## वाणिज्य मंत्रालय में अतिरिक्त सचिव राजेश अग्रवाल ने दी जानकारी

**नई दिल्ली, एजेंसी**

सरकार चावल की कुछ किस्मों के लिए नए एचएसएन कोड विकसित करने पर विचार कर रही है ताकि उन किस्मों का निर्यात किया जा सके जिनका पारंपरिक रूप से देश में लोग उपभोग नहीं करते हैं। एक वरिष्ठ अधिकारी ने मंगलवार को यह जानकारी दी।

वर्तमान में गैर-बासमती सफेद चावल की सभी किस्मों के निर्यात पर प्रतिबंध है। कृषि और प्रसंस्कृत खाद्य उत्पाद निर्यात विकास प्राधिकरण (एपीडा) की प्रस्तुति के अनुसार, लाल चावल, काले चावल और कालानमक चावल जैसी जीआई



(भौगोलिक संकेतक) दर्जे वाले चावल की किस्मों के लिए अलग-अलग एचएसएन कोड पर काम जारी है। अंतर्राष्ट्रीय व्यापार की भाषा में प्रत्येक उत्पाद को एचएसएन कोड (हारमोनाइज्ड सिस्टम ऑफ नोमेनक्लेचर) के तहत वर्गीकृत किया जाता है। यह दुनिया भर में वस्तुओं के व्यवस्थित वर्गीकरण में मदद करता है।

वाणिज्य मंत्रालय में अतिरिक्त सचिव राजेश अग्रवाल ने कहा कि गैर-बासमती चावल की करीब 40-50 किस्में होती हैं। सरकार जब उसके निर्यात पर प्रतिबंध लगाती है, तो सोना मसूरी, गोविंद भोग, कालानमक या सामान्य सफेद गैर-बासमती चावल जैसी सभी किस्मों का निर्यात बंद हो जाता है। उन्होंने कहा कि चावल की कुछ अन्य किस्मों के लिए नया एचएसएन कोड उद्योग की मांग है, इसमें अंतर कैसे करें यह आंतरिक बहस का मुद्दा है। कहा-हम यह पता लगाने की कोशिश कर रहे हैं ऐसा करने की जरूरत है या नहीं।

### संबंधित पक्षों से परामर्श के बाद निर्णय लेगा मंत्रालय

सचिव राजेश अग्रवाल ने कहा कि इसमें संतुलन बनाने की जरूरत है और यह निर्णय मंत्रालय संबंधित पक्षों से परामर्श के बाद लेगा। वर्तमान में गैर-बासमती चावल के लिए छह एचएसएन कोड और बासमती चावल के लिए एक कोड है। चावल, चीनी और गेहूं के निर्यात पर प्रतिबंध के कारण कृषि-निर्यात में नौ प्रतिशत की गिरावट आ सकती है। निर्यात को बढ़ावा देने के लिए एपीडा की पहल के बारे में उन्होंने कहा कि इससे निर्यात किए जाने वाले कृषि उत्पाद तथा उनके गंतव्यों का विस्तार हुआ है। भारत ने सिंघाड़े और मखाने जैसी वस्तुओं का निर्यात भी शुरू कर दिया है। अतिरिक्त सचिव ने कहा-यह कृषि क्षेत्र को काफी मजबूती देता है।

## सर्राफा

**कानपुर**

| | |
|---|---|
| चॉदी 999 (प्रति किलो) | 73,100 |
| चांदी सिक्का (प्रति सैकड़ा) | 82,500 |
| चांदी सिक्का (सैकड़ा) बिकवाल | 87,500 |
| सोना बिस्कुट (दस ग्राम) | 64,100 |
| गिन्नी (प्रति नग) | 47,800-48,000 |

**लखनऊ**

| | |
|---|---|
| सोना स्टैंडड (प्रति 10 ग्राम) | 64,150 |
| सोना रवा (प्रति 10 ग्राम) | 64,000 |
| गिन्नी (प्रति 10 नग) | 42, 500 |
| चांदी (999) | 74,200 |
| चांदी तैयार | 74,300 |
| चांदी का सिक्का (प्रति सैकड़ा) | 80, 000 |

**बरेली**

| | |
|---|---|
| सोना जेवरात पक्के | 64,000 |
| सोना जेवरात गिन्नी | 63,000 |
| चांदी पक्की | 720(अनुमानित) |

**मुरादाबाद**

| | |
|---|---|
| सोना 24 कैरेट | 64,150 |
| चांदी आभूषण | 73,200। |

## हल्द्वानी मंडी

**चावल**-शरबती 70-85 मसूरी 48-75 1121 बासमती 105-110, **दाल दलहन**-काला चना 68 साबुत चना दाल 75-77 मूंग साबुत 98-110 राजमा 105-112 दाल उड़द 105-140 साबुत मसूर दाल 77 मसूर दाल 73-110 उड़द साबुत 107-115 काबुली चना 130-157 अरहर दाल 130- 140 लोबिया/करमानी 97-109 सोयाबीन 55-70 मूंगफली 110-120 मटर 50-61 मक्का 25-27 रुपये।

## मुरादाबाद मंडी

**दालों का भाव**-दाल चना: 60 से 62 रुपये मसूर: 90 से 94 रुपये मसूर साबुत: 86 से 88 रुपये अरहर :88 से 94 रुपये उड़द: 85 से 92 रुपये धोआ उड़द: 100 से 104 रुपये मूंग धोआ: 94 से 95 रुपये मूंग छिलका: 92 से 93 रुपये मूंग साबुत: 94 रुपये मलका: 86 से 88 रुपये चना देसी: 58 चना कावली: 110 से 120 से 140 राजमा लाल: 145 रुपये।

# एनसीएलटी ने गो फर्स्ट के दिवाला प्रक्रिया की समय सीमा बढ़ाई

**नई दिल्ली, एजेंसी**

बंद पड़ी एयरलाइन गो फर्स्ट के समाधान की प्रक्रिया को पूरा करने के लिए समय सीमा 60 दिनों के लिए बढ़ा दी गई है। राष्ट्रीय कंपनी विधि न्यायाधिकरण (एनसीएलटी) ने मंगलवार को यह फैसला किया।

एनसीएलटी की दिल्ली स्थित दो सदस्यीय पीठ ने गो फर्स्ट के समाधान पेशेवर (आरपी) की याचिका को स्वीकार कर लिया, जिसमें कॉरपोरेट दिवाला समाधान प्रक्रिया (सीआईआरपी) को पूरा करने के लिए समयसीमा बढ़ाने की मांग की गई थी। समाधान पेशेवर की ओर से पेश दिवाकर माहेश्वरी ने तर्क दिया कि अब तक तीन पक्षों ने गो फर्स्ट के लिए अपनी रुचि दिखाई है और बयाना राशि जमा की है। इन कंपनियों से गो फर्स्ट के लिए समाधान योजनाएं मिलने की उम्मीद है। कंपनी 10 मई, 2023 से समाधान प्रक्रिया से गुजर रही है। एनसीएलटी ने इससे पहले पिछले साल 23 नवंबर को 90 दिनों का विस्तार दिया था, जो 4 फरवरी को खत्म हो गया। वहीं स्पाइसजेट, शारजाह स्थित स्काई वन और अफ्रीकी महाद्वीप में केंद्रित कंपनी सैफ्रिक इन्वेस्टमेंट्स ने गो फर्स्ट को खरीदने में रुचि दिखाई है।

## गोल्ड ईटीएफ की चमक जारी, जनवरी में 657 करोड़ रुपये का निवेश

**नई दिल्ली।** सोने में निवेश को लेकर आकर्षण बना हुआ है। इसका पता इस बात से चलता है कि गोल्ड एक्सचेंज ट्रेडेड फंड (ईटीएफ) में जनवरी में 657 करोड़ रुपये निवेश किए गए, जो इससे पिछले महीने की तुलना में सात गुना है। उद्योग संगठन एसोसिएशन ऑफ म्यूचुअल फंड्स इन इंडिया (एम्फी) ने यह जानकारी दी।

विशेषज्ञों का मानना है कि वैश्विक स्तर पर जारी तनाव और अमेरिका में उच्च मुद्रास्फीति के बीच निवेश के लिए सोना एक सुरक्षित विकल्प है। उद्योग संगठन के आंकड़ों से पता चलता है कि इस निवेश के साथ जनवरी के अंत तक गोल्ड फंड की प्रबंधन के तहत संपत्ति (एयूएम) 1.6 प्रतिशत बढ़कर 27,778 करोड़ रुपये हो गई। यह राशि दिसंबर 2023 के अंत में 27,336 करोड़ रुपये थी।

# शेयर बाजारों में रौनक लौटी सेंसेक्स 483 अंक उछला

**मुंबई, एजेंसी**

- निफ्टी भी 127 अंक बढ़कर 21,743.25 अंक पर बंद



वैश्विक बाजारों के मिलेजुले रुख के बीच बैंक, वित्तीय सेवाओं और आईटी क्षेत्र के शेयरों में खरीदारी से मंगलवार को घरेलू शेयर बाजारों में रौनक लौट आई और बीएसई सेंसेक्स 482 अंक से अधिक बढ़त में रहा। बीएसई का 30 शेयरों पर आधारित सूचकांक सेंसेक्स 482.70 अंक यानी 0.68 प्रतिशत बढ़कर 71,555.19 अंक पर बंद हुआ। उतार-चढ़ाव से कारोबार के दौरान सेंसेक्स 71,662.74 अंक के ऊपरी और 70,924.30 अंक के निचले स्तर तक भी गया। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का सूचकांक निफ्टी भी 127.20 अंक यानी 0.59 प्रतिशत बढ़कर 21,743.25 अंक पर बंद हुआ।

सेंसेक्स के 30 में से 25 शेयर बढ़त लेने में सफल रहे जबकि निफ्टी के 50 में से 11 को छोड़कर बाकी सभी शेयरों में तेजी दर्ज की गई। सेंसेक्स के समूह में शामिल कंपनियों में से आईसीआईसीआई बैंक में सर्वाधिक 2.46 प्रतिशत की तेजी रही। एक्सिस बैंक, विप्रो, कोटक महिंद्रा बैंक और एनटीपीसी भी प्रमुख रूप से लाभ में रहीं। जियोजीत फाइनेंशियल सर्विसेज के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा-घरेलू बाजार काफी हद तक पिछले सत्र की गिरावट से उबर गए। इसके पीछे बैंकिंग क्षेत्र के प्रदर्शन की अहम भूमिका रही। जनवरी में कारोबारी धारणा को बल मिला है।

# विकसित देश बनने के लिए 7-8% की वृद्धि दर जरूरी

**हैदराबाद, एजेंसी**

- आरबीआई के पूर्व गवर्नर सी रंगराजन ने कही बात



भारत को 2047 तक 13,000 अमेरिकी डॉलर की प्रति व्यक्ति आय के साथ विकसित राष्ट्र बनाने के लिए सालाना सात से आठ प्रतिशत की वृद्धि दर जरूरी है। भारतीय रिजर्व बैंक के पूर्व गवर्नर सी रंगराजन ने मंगलवार को यह बात कही।

प्रधानमंत्री की आर्थिक सलाहकार परिषद के पूर्व चेयरमैन ने यह भी कहा कि असमानता या गरीबी को कम करने के लिए नवाचार एकमात्र समाधान नहीं हो सकता है। उन्होंने कहा कि तेज वृद्धि के अलावा, देश को नकदी और न्यूनतम आय जैसी सब्सिडी के रूप में सामाजिक सुरक्षा जाल की भी जरूरत हो सकती है। रंगराजन ने कहा-मेरे हिसाब से 7-8 प्रतिशत के बीच की वास्तविक वृद्धि इसे विकसित अर्थव्यवस्था के करीब ले जाएगी। विकसित अर्थव्यवस्था की परिभाषा के अनुसार प्रति व्यक्ति आय 13,000 अमेरिकी डॉलर या उससे अधिक है। भारत की प्रति व्यक्ति आय इस वक्त 2700 अमेरिकी डॉलर है। इसका मतलब है कि प्रति व्यक्ति आय बढ़ाकर पांच गुनी करनी होगी। रंगराजन ने कहा कि इसलिए भारतीय अर्थव्यवस्था की डॉलर के मूल्य में गणना वास्तविक वृद्धि, मुद्रास्फीति के स्तर और विनिमय दर पर निर्भर करती है। वैज्ञानिक एवं औद्योगिक अनुसंधान परिषद (सीएसआईआर) के पूर्व महानिदेशक रघुनाथ अनंत माशेलकर ने आज आईसीएफएआई के 13वें स्थापना दिवस पर व्याख्यान दिया। इस दौरान विश्वविद्यालय के कुलपति रंगराजन ने वीडियो कॉन्फ्रेंस के जरिए जुड़कर समारोह की अध्यक्षता की।

# राष्ट्रीय

## एक नजर

### हिंदू विरोधी टिप्पणी के लिए शिक्षिका बर्खास्त

**मंगलुरु (कर्नाटक)।** मंगलुरु के एक निजी स्कूल में छात्रों की धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचाने के आरोप में एक शिक्षिका को बर्खास्त कर दिया गया है। अधिकारियों ने मंगलवार को यह जानकारी दी। सेंट गेरोसा हायर प्राइमरी स्कूल के प्रबंधन ने सातवीं कक्षा के छात्र के माता-पिता की शिकायत और भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) नेताओं के हंगामे के बाद यह कार्रवाई की। छात्र के माता-पिता ने सोमवार को मंगलुरु दक्षिण पुलिस थाने में शिकायत दर्ज कराई कि शिक्षिका ने 'कार्य ही पूजा है' विषय पर कक्षा के दौरान हिंदू देवताओं के बारे में कथित रूप से आपत्तिजनक शब्दों का इस्तेमाल किया।

### दिल्ली में ट्रेन के डिब्बे में अचानक लगी आग

**नई दिल्ली।** मध्य दिल्ली के पटेल नगर रेलवे स्टेशन पर खड़ी एक खाली यात्री ट्रेन के एक डिब्बे में मंगलवार को दोपहर में अचानक आग लग गई। अग्निशमन विभाग के एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। अधिकारी ने बताया कि विभाग को दोपहर एक बजकर 33 मिनट पर सूचना मिली और दमकल की पांच गाड़ियों को वहां भेजा गया। हालांकि इस घटना में कोई घायल नहीं हुआ। दिल्ली अग्निशमन सेवा विभाग (डीएफएस) के एक अधिकारी ने कहा कि आग पर दोपहर दो बजकर 25 मिनट पर काबू पा लिया गया।

# कोर्ट की जमीन पर 'आप' का दफ्तर हटाने का निर्देश

## न्यायालय की जमीन पर सियासी दफ्तर होने को लेकर सुप्रीम कोर्ट ने जताई नाराजगी

**नई दिल्ली, एजेंसी**

राउज़ एवेन्यू स्थित आम आदमी पार्टी के दफ्तर की जमीन पर सुप्रीम कोर्ट ने नाराजगी जताई है। सुप्रीम कोर्ट ने इस मुद्दे पर हैरानी जताते हुए कहा कि हैरानी की बात है कि दिल्ली हाईकोर्ट की जमीन पर एक राजनीतिक दल का दफ्तर चल रहा है। सुप्रीम कोर्ट ने दिल्ली की सत्ताधारी आम आदमी पार्टी का कार्यालय बनाए जाने को संज्ञान में लेते हुए मंगलवार को नाराजगी व्यक्त करते हुए निर्देश दिया कि सत्ताधारी पार्टी को अपना कार्यालय यहां से हटाना होगा।

सुप्रीम कोर्ट ने कहा है कि दिल्ली हाईकोर्ट को ये जमीन लौटाई जाए. दिल्ली सरकार के मुख्य सचिव, पीडब्ल्यूडी सचिव और वित्त सचिव अगली तारीख से पहले हाईकोर्ट



के रजिस्ट्रार जनरल के साथ एक बैठक हो और मामले का समाधान निकले। सुनवाई के दौरान मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ ने कहा कि कोई भी कानून अपने हाथ में नहीं ले सकता है. कोई राजनीतिक दल उस पर कैसे बैठ सकता है? हाईकोर्ट को कब्जा दिया जाना चाहिए। हाईकोर्ट इसका उपयोग केवल जनता और नागरिकों के लिए करेगा। हम निर्देश देते हैं कि दिल्ली सरकार के मुख्य सचिव, पीडब्ल्यूडी सचिव और वित्त सचिव अगली तारीख से पहले हाईकोर्ट के रजिस्ट्रार जनरल के साथ एक बैठक बुलाएं। ताकि सभी मुद्दों का समाधान सुनिश्चित हो सके। सभी अतिक्रमण हटाए जाएंगे इस मामले को आगे के निर्देशों के लिए सोमवार को सुनवाई करेंगे।

**क्या है पूरा मामला:** दरअसल एमिकस क्यूरी के परमेश्वर ने बेंच को सूचित किया कि सरकार को एक पार्टी से कब्ज़ा लेना था और इसे हमें देना था। अधिकारी कब्जा लेने गए तो उन्हें बताया गया कि यह कब्जा आम आदमी पार्टी के हाथ में है। अदालत ने देश भर में न्यायिक बुनियादी ढांचे से संबंधित एक मामले से निपटने के दौरान इस मुद्दे पर ध्यान दिया है। भारत के मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़, जस्टिस जेबी पारदीवाला और जस्टिस मनोज मिश्रा की पीठ को एमिकस क्यूरी के परमेश्वर ने सूचित किया कि एक राजनीतिक दल का कार्यालय वहां बनाया गया है और वे जमीन वापस नहीं ले सके।

### मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ ने दी चेतावनी

उच्चतम न्यायालय के नाराज मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ ने आप के नेतृत्व वाली दिल्ली सरकार की ओर से पेश वकील को चेतावनी दी कि जमीन उच्च न्यायालय को वापस कर दी जानी चाहिए। पिछली सुनवाई में, शीर्ष अदालत ने दिल्ली जिला न्यायपालिका में बुनियादी ढांचे के लिए धन उपलब्ध कराने के प्रति उदासीन रवैये के लिए दिल्ली सरकार की आलोचना की थी। उस समय, सीजेआई ने कहा था कि मार्च 2021 तक चार में से तीन परियोजनाओं के लिए मंजूरी दे दी गई थी। हालांकि, इन परियोजनाओं के लिए धन जारी किया जाना बाकी था।

## एमएसपी के लिए कानूनी गारंटी देगी कांग्रेस : खरगे

**अंबिकापुर (छत्तीसगढ़)।** किसानों के 'दिल्ली चलो' आंदोलन के बीच कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने मंगलवार को कहा कि उनकी पार्टी सत्ता में आने के बाद किसानों के हित में फसलों के लिए न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) को कानूनी गारंटी प्रदान करेगी। उन्होंने कहा कि लोकसभा चुनाव से पहले यह उनकी पार्टी की पहली 'गारंटी' है। छत्तीसगढ़ के सरगुजा जिले के मुख्यालय अंबिकापुर में कांग्रेस नेता राहुल गांधी की 'भारत जोड़ो न्याय यात्रा' के दौरान एक सभा को संबोधित करते हुए खरगे ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर भी निशाना साधा और कहा कि लोगों को मोदी की 'गारंटियों' पर विश्वास नहीं करना चाहिए। खरगे ने कहा-मैं छत्तीसगढ़ से घोषणा करना चाहता हूं कि किसानों के लिए फसलों की व्यापक खरीद के साथ एमएसपी की कानूनी गारंटी हमारी गारंटी है।

# उत्तर प्रदेश में केजरीवाल के खिलाफ कार्यवाही पर रोक की अवधि बढ़ी

**नई दिल्ली, एजेंसी**

**भाजपा-कांग्रेस पर आपत्तिजनक टिप्पणी करने का मामला**



उच्चतम न्यायालय ने 2014 के लोकसभा चुनाव प्रचार के दौरान उत्तर प्रदेश में भाजपा और कांग्रेस पर कथित तौर पर आपत्तिजनक टिप्पणी करने के मामले में दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के खिलाफ कार्यवाही पर अंतरिम रोक की अवधि मंगलवार को बढ़ा दी।

केजरीवाल ने इलाहाबाद उच्च न्यायालय की लखनऊ पीठ के उस आदेश के खिलाफ शीर्ष अदालत का रुख किया है, जिसने सुलतानपुर की एक अधीनस्थ अदालत के समक्ष लंबित आपराधिक मामले में उन्हें आरोप मुक्त करने से इनकार कर दिया था। न्यायमूर्ति एम एम सुंदरेश और न्यायमूर्ति एस वी एन भट्टी की पीठ केजरीवाल द्वारा दायर याचिका पर सुनवाई के लिए राजी हो गई। पीठ ने कहा-अंतरिम आदेश बरकरार रहने दीजिए। यह सब क्या है? ये सभी अप्रासंगिक मामले हैं। यह ऐसा मामला नहीं है जिस पर हम गौर करें। केजरीवाल पर जन प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1951 की धारा 125 के तहत चुनावों के संबंध में वर्गों के बीच दुश्मनी को बढ़ावा देने का आरोप लगाया गया है। केजरीवाल ने दो मई 2014 को प्रचार अभियान में कहा था, जो कांग्रेस को वोट देगा, .देश के साथ गद्दारी होगी... जो भाजपा को वोट देगा उसे खुदा भी माफ नहीं करेगा।

## मणिपुर में फिर गोलीबारी, एक ग्रामीण की मौत

**इंफाल।** मणिपुर के इंफाल पूर्वी जिले में दो समुदायों के बीच मंगलवार को हुई गोलीबारी में 25 वर्षीय ग्रामीण की मौत हो गयी जबकि दो अन्य घायल हो गए। पुलिस ने यह जानकारी दी। एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि गोलीबारी की यह घटना कांगपोकपी जिले की सीमा से लगे पुखाओ शांतिपुर में हुई। उन्होंने बताया कि मृतक की पहचान सगोलसेम लोया के रूप में हुई है। अधिकारी ने बताया कि उसे इंफाल के एक निजी अस्पताल ले जाया गया, जहां उपचार के दौरान उसने दम तोड़ दिया। रविवार रात से पुखाओ और आसपास के पहाड़ी इलाकों में रुक-रुक कर गोलीबारी की घटनाएं सामने आ रही हैं। मणिपुर में पिछले साल तीन मई से कुकी और मेइती समुदाय के बीच भिड़की हिंसा में अब तक 180 लोगों की जान जा चुकी है।

## मेरे राजनीतिक जीवन की नई शुरुआत : अशोक चव्हाण

**मुंबई, एजेंसी**



- भाजपा में शामिल होने के बाद महाराष्ट्र के पूर्व मुख्यमंत्री बोले

महाराष्ट्र के पूर्व मुख्यमंत्री अशोक चव्हाण कांग्रेस छोड़ने के एक दिन बाद मंगलवार को सत्तारूढ़ भाजपा में शामिल हो गए।

चव्हाण (65) को महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री देवेन्द्र फडणवीस, भाजपा की प्रदेश इकाई के अध्यक्ष चन्द्रशेखर बावनकुले, पार्टी की मुंबई इकाई के प्रमुख आशीष शेलार और कैबिनेट मंत्री गिरीश महाजन समेत कई नेताओं की उपस्थिति में मुंबई स्थित पार्टी कार्यालय में भाजपा में शामिल किया गया। कांग्रेस में लगभग चार दशक बिताने वाले चव्हाण ने नए चरण के बारे में कहा कि आज का दिन उनकी नई राजनीतिक यात्रा की शुरुआत का प्रतीक है। महाराष्ट्र के पूर्व मुख्यमंत्री एस बी चव्हाण के बेटे अशोक चव्हाण ऐसे समय में भाजपा में शामिल हुए हैं जब ये अटकलें लगाई जा रही हैं कि उन्हें राज्यसभा का नामांकन दिया जा सकता है।

## सेंथिल बालाजी ने मंत्री पद से इस्तीफा दिया

**चेन्नई।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) द्वारा गिरफ्तार किए जाने के बाद कई महीनों तक बिना विभाग के मंत्री रहे वी. सेंथिल बालाजी ने एम. के. स्टालिन के नेतृत्व वाले मंत्रिमंडल से इस्तीफा दे दिया। राजभवन की एक विज्ञप्ति में कहा गया है कि राज्यपाल आर. एन. रवि ने इस संबंध में स्टालिन की सिफारिश स्वीकार कर ली है। राज्यपाल ने पहले बालाजी के मंत्रिमंडल में बने रहने का विरोध किया था। विज्ञप्ति में कहा गया है कि राज्य मंत्रिमंडल से सेंथिल बालाजी के इस्तीफे को स्वीकार करने की सिफारिश से संबंधित मुख्यमंत्री एम. के. स्टालिन के 12 फरवरी के एक पत्र के आधार पर राज्यपाल आर. एन. रवि ने इसे मंजूरी दे दी। करूर से द्रविड़ मुनेत्र कषगम (द्रमुक) के वरिष्ठ नेता बालाजी को 14 जून, 2023 को ईडी ने नौकरी के बदले नकदी घोटाले में गिरफ्तार किया था।

# भाजपा समर्थकों और पुलिस के बीच झड़प

**संदेशखालि मामला**

**कोलकाता, एजेंसी**

पश्चिम बंगाल के बशीरहाट में संदेशखालि ब्लॉक में महिलाओं द्वारा यौन उत्पीड़न के आरोप लगाए जाने को लेकर भारतीय जनता पार्टी के प्रदर्शन से पहले बशीरहाट के पुलिस अधीक्षक कार्यालय के आसपास लागू निषेधाज्ञा का उल्लंघन करने का प्रयास करने वाले भाजपा समर्थकों और पुलिस के बीच झड़प हुई।

अधिकारियों ने कहा कि कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए दंड प्रक्रिया संहिता (सीआरपीसी) की धारा 144 के तहत सुबह छह बजे से शाम छह बजे तक निषेधाज्ञा लागू की गई है। उन्होंने बताया कि किसी भी अप्रिय घटना को रोकने के लिए बशीरहाट में एसपी कार्यालय के बाहर बड़ी संख्या में पुलिसकर्मियों को तैनात किया गया। संदेशखालि, बशीरहाट पुलिस जिले के दायरे में आता है। भाजपा की प्रदेश इकाई ने घोषणा की थी कि उसके नेता उत्तर 24 परगना जिले के संदेशखालि की स्थिति के विरोध में मंगलवार को एसपी कार्यालय का घेराव करेंगे।



यौन उत्पीड़न के आरोप लगाए जाने को लेकर भाजपा के प्रदर्शन के दौरान पुलिस के अधिकारी लोगों से बातचीत करते हुए। ● एजेंसी

## समीर वानखेड़े के खिलाफ जारी जांच दिल्ली स्थानांतरित

**मुंबई।** ईडी ने मंगलवार को बंबई उच्च न्यायालय को सूचित किया कि उसने स्वापक नियंत्रण ब्यूरो (एनसीबी) के मुंबई जोन के पूर्व निदेशक समीर वानखेड़े के खिलाफ धनशोधन के मामले में जांच अपने दिल्ली कार्यालय को स्थानांतरित कर दी है। ईडी ने कहा कि वानखेड़े को उनके खिलाफ मामले को रद्द कराने के लिये बंबई उच्च न्यायालय की जगह दिल्ली उच्च न्यायालय का रुख करना चाहिए। अपने खिलाफ मामले को रद्द कराने के लिये पिछले हफ्ते बंबई उच्च न्यायालय का दरवाजा खटखटाने वाले वानखेड़े ने अपनी याचिका पर फैसला होने तक जांच पर अस्थायी रोक लगाने और दंडात्मक कार्रवाई से सुरक्षा की मांग की है।

# ईडी ने कोलकाता में कई स्थानों पर छापे मारे

**कोलकाता, एजेंसी**

- राशन घोटाले की जांच के संबंध में हुई कार्रवाई



प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के अधिकारियों ने पश्चिम बंगाल में करोड़ों रुपये के राशन घोटाले की जांच के सिलसिले में मंगलवार को सुबह कोलकाता में कई स्थानों पर छापेमारी शुरू की। एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि केंद्रीय बलों के साथ आए ईडी के दलों ने सॉल्ट लेक, कइखाली, मिर्जा गालिब स्ट्रीट, हावड़ा और कुछ अन्य स्थानों पर छापे मारे। उन्होंने बताया कि जिन लोगों से पूछताछ की जा रही है उनमें कारोबारी और घोटाले में पहले गिरफ्तार किए गए आरोपियों के करीबी लोग शामिल हैं।

ईडी के एक अधिकारी ने कहा-ये छापे राशन वितरण घोटाले से जुड़े हैं। हमें मामले में पहले ही गिरफ्तार हुए लोगों से पूछताछ करने के बाद इन लोगों की संलिप्तता के बारे में जानकारी मिली है। उन्होंने बताया कि उत्तर 24 परगना जिले के एक विदेशी मुद्रा कारोबारी समेत तीन लोगों के परिसरों पर तलाशी ली जा रही है। उन्होंने बताया-इस घोटाले में पैसा विदेश में अलग-अलग खातों में भेजा गया। यह कारोबारी बनगांव से है और गिरफ्तार टीएमसी नेता शंकर आध्या से उसके अच्छे संबंध हैं।

आध्या बनगांव नगरपालिका के पूर्व अध्यक्ष हैं और केंद्रीय जांच एजेंसी ने पहले दावा किया था कि वह अपने परिवार के सदस्यों के नाम पर पंजीकृत कम से कम 90 विदेशी मुद्रा व्यापार कंपनियों के मालिक हैं। अधिकारी ने बताया कि कारोबारी के सॉल्ट लेक के सेक्टर 5 में स्थित कार्यालय और ईएम बाईपास पर उसके दो फ्लैट में तलाशी ली जा रही है।

### कर्नाटक, आंध्र प्रदेश में 31 लाख रुपये जब्त

**नई दिल्ली।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने मंगलवार को कहा कि उसने एक धनशोधन मामले के सिलसिले में कर्नाटक और आंध्र प्रदेश में कई स्थानों पर तलाशी के दौरान 31 लाख रुपये की 'बेहिसाब' नकदी जब्त की है। ईडी ने एक बयान में कहा कि सूर्य नारायण रेड्डी और भरत रेड्डी नामक दो व्यक्तियों के खिलाफ धनशोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए), 2002 के प्रावधानों के तहत मामला दर्ज किया गया था। बयान के अनुसार, धनशोधन का यह मामला कर्नाटक के बेल्लारी में दर्ज एक प्राथमिकी से उत्पन्न हुआ है और तलाशी 10 फरवरी को ली गई थी। इसमें कहा गया है कि एजेंसी को 'आपत्तिजनक साक्ष्य' मिले हैं, जो दर्शाते हैं कि भरत रेड्डी ने कथित तौर पर विधानसभा चुनाव से ठीक पहले कुछ ही महीनों में लगभग 42 करोड़ रुपये नकद जुटाए और इस धन का इस्तेमाल 'गैरकानूनी लेनदेन' के लिए किया।

# भारतीय टीम के सामने मजबूत नीदरलैंड की चुनौती

## भुवनेश्वर और राउरकेला में जारी एफआईएच महिला प्रो-लीग में भारतीय हॉकी टीम का प्रदर्शन रहा निराशाजनक

राउरकेला, एजेंसी



पिछले कुछ समय से खराब प्रदर्शन कर रही भारतीय महिला हॉकी टीम जब बुधवार को एफआईएच प्रो लीग के मौजूदा सत्र में अब तक अजेय रहे नीदरलैंड के खिलाफ मैदान में उतरेगी तो उसके सामने लय हासिल करने की चुनौती होगी। पेरिस ओलंपिक के लिए क्वालीफाई करने में नाकाम रहने के बाद से भारतीय टीम के प्रदर्शन में लगातार गिरावट आई है।

भुवनेश्वर और राउरकेला में जारी मौजूदा प्रो लीग में टीम का प्रदर्शन निराशाजनक रहा है। सविता पूनिया की कप्तानी में टीम मौजूदा सत्र में पांच मैचों में सिर्फ एक मुकाबला जीतने में सफल रही है। भारतीय टीम को अपने घरेलू मैदान में चीन (1-2), नीदरलैंड (1-3) और ऑस्ट्रेलिया (0-3) के खिलाफ लगातार तीन हार का सामना करना पड़ा है। टीम ने इसके बाद अमेरिका को 3-1 हराकर वापसी की, लेकिन सोमवार को उसे चीन से फिर से 1-2 की शिकस्त का सामना करना पड़ा। भारत को अपने अगले मुकाबले में सबसे कठिन चुनौती का सामना करना पड़ेगा।

नीदरलैंड की टीम नौ मैचों में 27 अंक के साथ तालिका में शीर्ष पर है। भारत इस समय नौ टीमों की लीग में पांच मैचों में केवल 3 अंक के साथ पांचवें स्थान पर है। भारतीय कप्तान सविता पूनिया ने कहा कि हमें वे परिणाम नहीं मिले जो हम चाहते थे, लेकिन मेरा मानना है कि हमारे पास अच्छा प्रदर्शन करने और कुछ अंक हासिल करने के लिए आवश्यक चीजें हैं। मुझे लगता है कि हम टुकड़ों में अच्छा खेल रहे हैं लेकिन प्रदर्शन में निरंतरता की कमी है। भारतीय अग्रिम पंक्ति को अब तक आंशिक सफलता मिली है, जिसमें संगीता कुमारी, वंदना कटारिया, दीपिका, नवनीत कौर और सलीमा टेटे गोल करने में सफल रहे हैं। टीम को सबसे बड़ा झटका पेनल्टी कॉर्नर को गोल में बदलने की नाकामी से लग रहा है। ओलंपिक क्वालीफायर के बाद टीम को 5 मैचों में 21 पेनल्टी कॉर्नर मिले लेकिन इसमें से एक भी गोल में नहीं बदला। नीदरलैंड्स को चुनौती देने के लिए बुधवार को गुरजीत कौर, दीपिका और उदिता जैसी खिलाड़ियों को पेनल्टी कॉर्नर के मौके को भुनाना होगा। साथ ही टीम को आसान गोल खाने से बचने के लिए पेनल्टी-कॉर्नर के खिलाफ अपने रक्षण को मजबूत करने की जरूरत होगी।

भारतीय कोच यानेक शॉपमैन ने कहा कि नीदरलैंड मजबूत टीम है लेकिन हमारे पास प्रतिभा की कमी नहीं है। हम तेज गति के साथ धैर्य बनाए रखेंगे। हम गोल करने के मौकों को भुनाने की कोशिश करेंगे।

# रविंद्र ने 3 विकेट लेकर अंतिम टेस्ट के पहले दिन द. अफ्रीका पर बनाया दबाव

हैमिल्टन (न्यूजीलैंड), एजेंसी

न्यूजीलैंड-द. अफ्रीका टेस्ट श्रृंखला



हरफनमौला रचिन रविंद्र के 3 विकेट से न्यूजीलैंड दो मैचों की श्रृंखला के अंतिम टेस्ट के पहले दिन 220 रन पर 6 विकेट लेकर द. अफ्रीका पर दबाव बनाने में सफल रहा।

बाए हाथ का स्पिनर रविंद्र ने मध्यक्रम में जुबैर हमजा (20), कीगन पीटरसन (दो) और डेविड बेडिंघम (39) के विकेट चटकाए। उन्होंने 21 ओवर में केवल 33 रन दिए। रुआन डी स्वार्ड ने अपना पहला अर्धशतक लगाकर हालांकि टीम में न्यूजीलैंड की वापसी करवाई। उन्होंने 37 साल की उम्र में टेस्ट पदार्पण कर रहे ऑलराउंडर शॉन वॉन बर्ग के साथ सातवें विकेट के लिए 70 रन की अटूट साझेदारी की। स्टंप्स के समय डी स्वार्डट 55 रन और वॉन बर्ग 34 रन बनाकर क्रीज पर थे। न्यूजीलैंड ने श्रृंखला के पहले मैच में 6 विकेट चटकाने वाले मिशेल सैंटनर को अंतिम एकादश में मौका नहीं दिया। टीम चार मुख्य तेज गेंदबाजों के साथ मैदान में उतरी, जिससे उसे स्पिन गेंदबाजी विभाग में रविंद्र पर बहुत ज्यादा निर्भर रहना पड़ा। दक्षिण अफ्रीका के कप्तान नील ब्रांड ने टॉस जीतकर बल्लेबाजी करने का निर्णय लिया। वह यहां के सेडॉन पार्क में 11 टेस्ट मैचों में ऐसा करने वाले दूसरे कप्तान बन गए। पिच पर घास होने का फायदा उठाते हुए तेज गेंदबाज मैट हेनरी, विल ओ'रूर्के और नील वैगनर ने पहले सत्र में एक-एक विकेट लिए। लंच के समय दक्षिण अफ्रीका का स्कोर 3 विकेट पर 64 रन था। लंच के बाद रविंद्र ने अफ्रीका की रन गति पर अंकुश लगाया। उन्होंने 13 ओवर में 6 मेडन के साथ 15 रन दिए।

## खेल डायरी

### अर्जेंटीना ओपन टेनिसः वावरिंका अंतिम 16 में पहुंचे, सिलिच बाहर हुए



ब्यूनस आयर्स, एजेंसी। तीन ग्रैंड स्लैम खिताब के विजेता स्टैन वावरिंका अर्जेंटीना ओपन टेनिस के प्री-क्वार्टर फाइनल में तीसरी वरीयता प्राप्त निकोलस जैरी का सामना करेंगे। विश्व रैंकिंग में 60वें स्थान पर काबिज वावरिंका ने सोमवार को स्थानीय खिलाड़ी पेड्रो कैचिन के खिलाफ पहला सेट गंवाने के बाद वापसी करते हुए 6-7, 6-1, 6-2 से जीत दर्ज की। अमेरिका ओपन (2014) के चैंपियन रहे मारिन सिलिक को लास्लो जेरे ने 4-6, 6-3, 6-0 से हराकर टूर्नामेंट से बाहर किया।

### अर्जुन प्रसाद पहले दौर के बाद एकल बढ़त पर

कोलकाता, एजेंसी। दिल्ली के गोल्फर अर्जुन प्रसाद ने मंगलवार को यहां एक करोड रुपए इनामी पीजीटीआई प्लेयर्स चैंपियनशिप के पहले दौर में शानदार प्रदर्शन करते हुए आठ अंडर 62 का कार्ड खेला। सोमवार को अपना 25वां जन्मदिन मनाने वाले अर्जुन प्रसाद पहले दौर के बाद एकल बढ़त पर हैं। उनके बाद दिल्ली के एक अन्य गोल्फर और मौजूदा चैंपियन सचिन बैसोया (63) का नंबर आता है। वह अर्जुन से एक शॉट पीछे हैं। चेक गणराज्य की स्टीपन दानेक तथा भारत के उदयन माने, करण प्रताप सिंह और मोहम्मद संजू ने 64 का कार्ड खेला। यह चारों खिलाड़ी संयुक्त तीसरे स्थान पर हैं। पीजीटीआई ऑर्डर का मेरिट के 2022 के चैंपियन मनु गंडास ने 65 का स्कोर बनाया तथा वह राहिल गंगजी और चार अन्य के साथ संयुक्त सातवें स्थान पर हैं।

### एसयूएफसी ने पुणे में 3 प्रशिक्षण केंद्र खोले

पुणे, एजेंसी। बेंगलुरु के निजी प्रोफेशनल फुटबॉल क्लब साउथ यूनाइटेड फुटबॉल क्लब (एसयूएफसी) ने पुणे में अपनी अकादमी के विस्तार की घोषणा की है। एसयूएफसी की प्रतिष्ठित अकादमी साउथ यूनाइटेड फुटबॉल अकादमी (एसयूएफए) ने हाल ही में पुणे में बावधन, खराड़ी और उंड्री में तीन अत्याधुनिक प्रशिक्षण केंद्रों का उद्घाटन किया है। पुणे में एसयूएफ तीन साल की उम्र से ही बच्चों को उनकी फुटबॉल यात्रा शुरू करने के लिए स्वागत करेगा। साउथ यूनाइटेड अपने प्रशिक्षण केंद्रों पर 3 कार्यक्रम चलाएगा, जिसमें उनका अद्वितीय शिशु विकास कार्यक्रम (3-5 वर्ष), उनका प्रमुख युवा विकास (5-18 वर्ष), और उनकी विशिष्ट युवा टीमें (अंडर13, 15, और 17)) होंगी। जिसमें एथलीटों को क्लब से छात्रवृत्ति दी जाएगी, जिससे सीनियर टीम के लिए रास्ता खुलता है।

### रोहन बोपन्ना को 50 लाख का नकद पुरस्कार देगी कर्नाटक सरकार



बेंगलुरु, एजेंसी। कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धारमैया ने मंगलवार को रोहन बोपन्ना को ऑस्ट्रेलियाई ओपन में पुरुष युगल का खिताब जीतने पर बधाई देते हुए इस स्टार टेनिस खिलाड़ी के लिए 50 लाख के नकद पुरस्कार देने की घोषणा की। बोपन्ना को यहां सम्मानित किया गया। इस अवसर पर उनका परिवार भी उपस्थित था। सिद्धारमैया ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर कहा कि रोहन बोपन्ना से मिलकर उन्हें ऑस्ट्रेलियाई ओपन टेनिस टूर्नामेंट में पुरुष युगल का खिताब जीतने पर बधाई दी और उनके लिए 50 लाख की पुरस्कार राशि देने की घोषणा की। बोपन्ना ने अपने साथी मैथ्यू एबडेन के साथ मिलकर ऑस्ट्रेलियाई ओपन के पुरुष युगल का खिताब जीता था। वह किसी ग्रैंड स्लैम टूर्नामेंट में पुरुष युगल का खिताब जीतने वाले तीसरे भारतीय खिलाड़ी हैं। उनसे पहले लिएंडर पेस और महेश भूपति ने यह उपलब्धि हासिल की थी। सानिया मिर्जा ने महिला टेनिस में यह कारनामा किया है।

# जुरेल और सरफराज को मिल सकता है पदार्पण का मौका

## गिल ने अभ्यास सत्र में नहीं लिया हिस्सा, दाहिने हाथ की अंगुली में लगी थी चोट

राजकोट, एजेंसी



खिलाड़ियों के चोटिल होने से परेशान भारतीय टीम इंग्लैंड के खिलाफ 5 मैचों की श्रृंखला के तीसरे मुकाबले में घरेलू दिग्गज सरफराज खान और विकेटकीपर ध्रुव जुरेल को पदार्पण का मौका दे सकती है। श्रृंखला का तीसरा मैच 15 फरवरी से यहां खेला जाएगा। मैच से पहले टीम के अभ्यास सत्र को देखे तो सरफराज ने स्लिप और गली क्षेत्र में क्षेत्ररक्षण का अभ्यास किया जबकि जुरेल ने विकेटकीपिंग का। पिछले मैच की दूसरी पारी में शतक जड़ने वाले शुभमन गिल ने टीम के इस वैकल्पिक अभ्यास सत्र में हिस्सा नहीं लिया।

गिल को विशाखापत्तनम में दूसरे टेस्ट में क्षेत्ररक्षण के दौरान दाहिने हाथ की तर्जनी अंगुली में चोट लग गई थी। उन्होंने इंग्लैंड की दूसरी पारी के दौरान क्षेत्ररक्षण नहीं की लेकिन यह भी कहा कि उनकी चोट ज्यादा गंभीर नहीं है। श्रेयस अय्यर के बाहर होने और केएल राहुल के चोट से उबरने में नाकाम रहने से सरफराज के लिए दरवाजे खुल गए हैं, जो कुछ वर्षों से रणजी ट्रॉफी में शानदार प्रदर्शन करने वालों में से हैं। जुरेल को बेहतर बल्लेबाज होने के तमगे के कारण तरजीह मिल सकती है। भरत लगातार 7 टेस्ट मैचों में एक भी अर्धशतक बनाने में असफल रहे हैं। रजत पाटीदार, सरफराज और जुरेल चौथे से सातवें क्रम के बीच बल्लेबाजी करेंगे। मध्य क्रम के 4 खिलाड़ियों में से 3 (रविंद्र जडेजा को छोड़कर) कुल मिला कर एक टेस्ट के सामूहिक अनुभव के साथ मैच में उतरेंगे। पाटीदार ने विशाखापत्तनम में पदार्पण किया था। भारतीय टीम बदलाव के दौर से गुजरने को तैयार है, ऐसे में इस मैच को टीम के भविष्य की झलक देखने को मिलेगी। टीम के अभ्यास सत्र में पाटीदार और सरफराज दोनों को स्लिप क्षेत्ररक्षण में अभ्यास करते देखा गया। भारतीय कप्तान रोहित शर्मा और कोच राहुल द्रविड़ यहां पिच का मुआयना करने के बाद लंबे समय तक गुफ्तगू करते दिखे। रोहित इसके बाद क्षेत्ररक्षण अभ्यास के लिए चले गए, लेकिन द्रविड़ मैदानकर्मियों से बात करते दिखे। पिछले मैच में शतक जड़ने वाले जडेजा ने अभ्यास करते हुए सबसे ज्यादा समय बिताया। टीम के चारों स्पिनर भारतीय बल्लेबाजों के साथ अभ्यास करते दिखे।

### जीवंत विकेट क्रिकेट के लिए अच्छा, लेकिन आगे टर्निंग विकेट देखने को मिल सकते हैंः कुलदीप

राजकोट, एजेंसी। भारतीय स्पिनर कुलदीप यादव ने कहा कि इंग्लैंड के खिलाफ वर्तमान टेस्ट श्रृंखला के मैचों में टर्निंग विकेट देखने को मिल सकते हैं, इसके साथ ही उन्होंने स्वीकार किया कि पहले दो टेस्ट मैचों के लिए तैयार किए गए जीवंत विकेट क्रिकेट के लिए अच्छा है। भारत और इंग्लैंड के बीच 5 टेस्ट मैचों की श्रृंखला अभी 1-1 से बराबरी पर है। तीसरा टेस्ट मैच गुरुवार से सौराष्ट्र क्रिकेट संघ (एससीए) स्टेडियम में खेला जाएगा। कुलदीप ने भारतीय टीम के अभ्यास सत्र से पूर्व कहा कि कुल मिलाकर सभी चीज महत्वपूर्ण हैं। तेज गेंदबाज अपनी भूमिका निभा रहे हैं जैसे कि पिछले मैच में देखा होगा। इसलिए जीवंत विकेट क्रिकेट के लिए अच्छा होता है। लेकिन ऐसा नहीं है की आपको आगे टर्निंग विकेट देखने को नहीं मिलेंगे। उम्मीद है कि आपको आगे इस तरह के विकेट देखने को मिलेंगे। भारतीय टीम को अभी तक इंग्लैंड के आक्रामक खेल का सामना करना पड़ा है।

# बेन स्टोक्स ने कई मामलों में क्रिकेट को बदल दियाः पोप

राजकोट, एजेंसी



इंग्लैंड के बल्लेबाज ओली पोप ने 100वां टेस्ट खेलने की तैयारी कर रहे कप्तान बेन स्टोक्स की तारीफ में कहा कि उन्होंने कई मामलों में क्रिकेट खेलने के तरीके को बदल दिया है। अपने खेल से बल्लेबाजी और गेंदबाजी में प्रभाव छोड़ने वाले स्टोक्स ने कप्तानी मिलने के बाद 'बैजबॉल' रणनीति से टेस्ट क्रिकेट खेलने का नजरिया बदल दिया। स्टोक्स 15 फरवरी को राजकोट में तीसरे टेस्ट मैच के लिए मैदान में उतरते ही इंग्लैंड के लिए 100 टेस्ट खेलने वाले चुनिंदा खिलाड़ियों की सूची में शामिल हो जाएंगे।

पोप ने एससीए स्टेडियम में मंगलवार को इंग्लैंड के अभ्यास सत्र के इतर कहा कि उन्होंने शायद खेल को कई मायनों में बदल दिया है। उनके पास वह तरीका है, जिससे वह जरूरत पड़ने पर टीम से उसका सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करवा सकते हैं। एशेज श्रृंखला के उस लॉड्र्स टेस्ट को कौन भूल सकता है जब पूरी तरह से दबाव में होने के बाद भी उन्होंने टीम को जीत दिलाई।

पोप ने कहा कि अपने 99 टेस्ट के अब तक के कॅरियर में उन्होंने कई बार ऐसा किया है और यह अविश्वसनीय है। किसी के लिए भी 100 टेस्ट मैच खेलना शानदार है। जाहिर तौर पर उनके कॅरियर में उतार-चढ़ाव आए, लेकिन जब से वह कप्तान बने हैं तब से उनका प्रदर्शन अद्भुत रहा है। खिलाड़ियों का प्रबंध करने का स्टोक्स का तरीका उन्हें दूसरों से अलग बनाता है।




# दत्ताजीराव गायकवाड़ : हजारे को टक्कर देने वाले बल्लेबाज

नई दिल्ली, एजेंसी

### उम्रदराज भारतीय टेस्ट क्रिकेटर

- दत्ताजीराव का 95 वर्ष की आयु में गृहनगर बड़ौदा में हुआ निधन



किस्मत से भारतीय कप्तान बने दत्ताजीराव गायकवाड़ कवर ड्राइव के साथ अन्य शॉट खेलने के मामले में विजय हजारे को टक्कर देते थे लेकिन अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर वह अपनी प्रतिभा के साथ न्याय करने में विफल रहे। बड़ौदा के इस बल्लेबाज को 11 से अधिक टेस्ट खेलने चाहिए थे। दत्ताजीराव का मंगलवार को 95 वर्ष की आयु में उनके गृहनगर बड़ौदा में निधन हो गया। वह 2016 में दीपक शोधन की मृत्यु के बाद सबसे उम्रदराज जीवित भारतीय टेस्ट क्रिकेटर थे। अपने शानदार कवर ड्राइव से 1950 के दशक की बॉम्बे (अब मुंबई) की मजबूत टीम को परेशान करने वाले दत्ताजीराव का अंतर्राष्ट्रीय करियर घरेलू क्रिकेट जितना परवान नहीं चढ़ा। उन्हें 1952 से 1961 तक अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट में वैसी सफलता नहीं मिली। उनके बेटे अंशुमान ने 1970 से 80 के दशक तक 40 टेस्ट खेले।

# महिला वनडे रैंकिंग में चौथे स्थान पर पहुंचीं मंधाना

दुबई, एजेंसी



भारत की सलामी बल्लेबाज स्मृति मंधाना अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) की महिला वनडे बल्लेबाजी रैंकिंग में दो पायदान ऊपर चढ़कर चौथे स्थान पर पहुंच गई हैं। मुंबई की 27 वर्षीय खिलाड़ी ने दक्षिण अफ्रीका की लॉरा वोलवार्ट का स्थान लिया जो ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ वनडे श्रृंखला में लचर प्रदर्शन से पांचवें स्थान पर खिसक गई हैं। इंग्लैंड की नेट साइवर ब्रंट, श्रीलंका की चमारी अटापट्टू और ऑस्ट्रेलिया की बेथ मूनी बल्लेबाजी रैंकिंग में पहले तीन स्थान पर काबिज हैं। भारतीय कप्तान हरमनप्रीत कौर दसवें स्थान पर बनी हुई हैं। गेंदबाजी रैंकिंग में भारतीय स्पिनर दीप्ति शर्मा एक पायदान नीचे चौथे स्थान पर खिसक गई हैं, लेकिन ऑलराउंडर की सूची में वह एक पायदान ऊपर पांचवें स्थान पर पहुंच गई हैं। गेंदबाजी रैंकिंग में इंग्लैंड की सोफी एक्लेसटोन शीर्ष पर बनी हुई हैं।

### जोसेफ, एमी हंटर आईसीसी के महीने के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी

दुबई, एजेंसी। ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ दो मैचों की टेस्ट श्रृंखला में शानदार गेंदबाजी करने वाले वेस्टइंडीज के तेज गेंदबाज शामर जोसेफ मंगलवार को आईसीसी मासिक पुरस्कार को जीतने वाले वेस्टइंडीज के पहले पुरुष खिलाड़ी बन गए। आयरलैंड की आक्रामक युवा बल्लेबाज एमी हंटर जिम्बाब्वे के खिलाफ प्रदर्शन के बाद महिला वर्ग में यह खिताब जीतने में सफल रहीं। पिछले सप्ताह खिलाड़ियों की सूची की घोषणा के बाद आईसीसी ने जनवरी के लिए पुरस्कार विजेताओं की घोषणा की।

# बॉलीवुड हलचल

## 'सेक्शन 108' में वकील बनेंगे नवाजुद्दीन



मुंबई, एजेंसी। बॉलीवुड अभिनेता नवाजुद्दीन सिद्दीकी अपनी आने वाली फिल्म 'सेक्शन 108' में वकील की भूमिका में नजर आएंगे। 'सेक्शन 108' का निर्देशन रसिख खान ने किया है और यह फिल्म सिनेमावाला प्रोडक्शंस द्वारा निर्मित है। इस फिल्म में नवाजुद्दीन ने बीमा क्लेम करने वाले वकील ताहूर खान की भूमिका निभाई है। 'सेक्शन 108' के निर्माताओं ने बताया कि यह फिल्म एक मनोरम सिनेमाई अनुभव देने का वादा करती है, जिसमें नवाजुद्दीन एक बार फिर प्रतिभाशाली कलाकारों के साथ अपने बहुमुखी अभिनय कौशल का प्रदर्शन करेंगे। इस फिल्म में अरबाज खान, रेजिना कैसेंड्रा, आसिफ खान, रूमी खान, सानंद वर्मा, अलीशा ओहरी और सहर्ष कुमार शुक्ला भी प्रमुख भूमिकाओं में हैं।

## सोरारई पोटरु का हिंदी रीमेक 'सरफिरा' में नजर आएंगे अक्षय



मुंबई, एजेंसी। बॉलीवुड अभिनेता अक्षय कुमार फिल्म 'सरफिरा' में दिखाई देंगे। ये फिल्म दक्षिण भारतीय फिल्म सोरारई पोटरु का हिंदी रीमेक है। इस फिल्म में तमिल स्टारर सूर्या ने लीड रोल निभाया था। अक्षय कुमार ने सोशल मीडिया पर फिल्म 'सरफिरा' का अनाउंसमेंट वीडियो जारी किया है। अक्षय कुमार ने अपने आधिकारिक सोशल मीडिया अकाउंट पर 'सरफिरा' का वीडियो शेयर किया है। इसके साथ ही उन्होंने रिलीज डेट की जानकारी देते हुए कैप्शन में लिखा, इतना बड़ा सपना देखों, वो तुम्हें पागल बुलाए 'सरफिरा' सिनेमाघरों में 12 जुलाई, 2024 को रिलीज हो रही है।

## लाहौर 1947 में सनी देओल संग काम करेंगी प्रीति जिंटा



मुंबई, एजेंसी। बॉलीवुड अभिनेत्री प्रीति जिंटा फिल्म निर्देशक राजकुमार संतोषी की फिल्म लाहौर 1947 में नजर आएंगी। आमिर खान फिल्म लाहौर 1947 का निर्माण कर रहे हैं। इस फिल्म का निर्देशन राजकुमार संतोषी कर रहे है। लाहौर 1947 में सनी देओल की अहम भूमिका है। लाहौर 1947 मे अब प्रीति जिंटा का नाम भी जुड़ गया है। राजकुमार संतोषी ने बताया कि लंबे समय के बाद, प्रीति जिंटा फिर से सिल्वर स्क्रीन पर लाहौर 1947 के साथ एक बहुत ही महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं। वह वास्तव में हमारे इंडस्ट्री के एक बेहद प्रतिभाशाली बेहतरीन और सबसे स्वाभाविक अभिनेत्री हैं। प्रीति जो भी किरदार निभाती हैं, उसमें खुद को पूरी तरह से निवेश कर देती हैं और दर्शकों को यह महसूस कराती हैं कि वह उस किरदार के लिए ही बनी हैं। फिल्म 1947 की स्क्रिप्ट एक ऐसी जोड़ी की मांग करती है जो सनी और प्रीति की तरह सटीक हो।

## भूल-भुलैया 3 में हुई विद्या की एंट्री

मुंबई, एजेंसी। बॉलीवुड अभिनेत्री विद्या बालन फिल्म 'भूल-भुलैया 3' में नजर आएंगी। फिल्म भूल भुलैया में विद्या बालन ने अहम भूमिका निभाई थी।



भूल भुलैया 2 में विद्या बालन ने काम नहीं किया। 'भूल-भुलैया 3' में विद्या बालन की एंट्री हो गई है। कार्तिक आर्यन ने सोशल मीडिया पर बताया कि भूल भुलैया 3 में विद्या बालन की एंट्री हो गई है। कार्तिक आर्यन ने कैप्शन में लिखा, 'और ये हो रहा है... ऑरिजनल मंजुलिका की दोबारा भूल भुलैया की दुनिया में एंट्री हो चुकी है। विद्या बालन का स्वागत करते हुए सुपर थ्रिल महसूस कर रहा हूं।' कार्तिक आर्यन के इस पोस्ट के बाद विद्या बालन ने सोशल मीडिया पर लिखा, मेरे ढोलना... आ रही है वापस, आपकी मंजुलिका, इस बार रूह बाबा कार्तिक आर्यन के साथ।

## रश्मिका ने पुष्पा 2 के सेट से की तस्वीरें साझा



अल्लू अर्जुन और रश्मिका मंदाना अपनी आगामी फिल्म पुष्पा 2 की शूटिंग में व्यस्त हैं। फिल्म का निर्माण जोरों पर है और टीम इसकी सफलता में कोई कसर नहीं छोड़ना चाहती है। इस दौरान मंदाना ने सेट से फिल्म निर्माता सुकुमार की तस्वीर सोशल मीडिया पर साझा की है। अभिनेत्री ने अपने इंस्टाग्राम स्टोरीज पर ये तस्वीर साझा की। मेकर्स ने हाल ही में फिल्म की रिलीज से पहले ओटीटी रिलीज की घोषणा की है। यह फिल्म नेटफ्लिक्स पर रिलीज होगी। इसकी जानकारी खुद ओटीटी प्लेटफॉर्म ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर शेयर की है कि जल्द ही पुष्पा 2 नेटफ्लिक्स पर हिंदी, तमिल और तेलुगु में आएगी। हालांकि, फिल्म की ओटीटी रिलीज डेट अभी तय नहीं हुई है। ये फिल्म दुनिया भर के सिनेमाघरों में कई भाषाओं में रिलीज होगी। सुकुमार द्वारा निर्देशित और माइथरी मूवी मेकर्स द्वारा निर्मित, पुष्पा 2 में अल्लू अर्जुन, रश्मिका और फहद फासिल मुख्य भूमिका में हैं। संगीत राष्ट्रीय पुरस्कार विजेता देवी श्री प्रसाद ने दिया है।

## माही और गोल्डी का गाना मरद बनाइब रंगदरवा के रिलीज



मुंबई, एजेंसी। भोजपुरी फिल्म अभिनेत्री माही श्रीवास्तव और गायिका गोल्डी यादव का गाना मरद बनाइब रंगदरवा के रिलीज हो गया है। 'मरद बनाइब रंगदरवा के' गाना वर्ल्डवाइड रिकॉर्डस भोजपुरी के ऑफिसियल यूट्यूब चैनल पर रिलीज किया गया है। गाने में माही श्रीवास्तव कहती हैं कि 'तू ही कहा केहू से डेराई केहु के, खात बानी आपन लजाई काहे के... ढील देले बानी इयारवा के, राखेला सवख हथियरवा के, जाईब खिलाफ भले घरवा के, बाकी मरद बनाइब रंगदरवा के...' वर्ल्डवाइड रिकॉड्र्स प्रस्तुत भोजपुरी लोकगीत मरद बनाइब रंगदरवा के' के निर्माता रत्नाकर कुमार हैं। इस गाने की सिंगर गोल्डी यादव हैं। इसके वीडियो में माही श्रीवास्तव हैं। गीतकार आशुतोष तिवारी हैं और संगीतकार प्रियांशु सिंह हैं। वीडियो डायरेक्टर विझेल, कोरियोग्राफर गोल्डी जायसवाल, डीओपी राजन वर्मा हैं। इस गाने का ऑल राइट वर्ल्डवाइड रिकॉड्र्स भोजपुरी के पास है।

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक अजय कुमार सक्सेना द्वारा अमृत विचार प्रकाशन, नवादा जोगियान, चक रोड, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज के सामने, बरेली (उत्तर प्रदेश) से मुद्रित एवं मकान नं.197/1, समता आश्रम गली, रामपुर रोड, हल्द्वानी, जिला नैनीताल, उत्तराखंड-263139 से प्रकाशित। संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी, 05946292618 (कार्यालय), ईमेल-amritvicharhld@gmail.com, आर.एन.आई नं0-UTTHIN/2021/79698 (नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र नैनीताल होगा)।

# किसानों ने लोहे और कंक्रीट के लगे बैरिकेड्स तोड़े, इंटरनेट सेवाएं ठप



मंगलवार को टिकरी बॉर्डर पर लगे बैरिकेड्स और कंसर्टिना तार को हटाते किसान।



उग्र प्रदर्शन के बाद पंजाब-हरियाणा शंभू बॉर्डर पर एकत्रित किसानों में मची भगदड़।

नई दिल्ली, एजेंसी

न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) की गारंटी को लेकर कानून बनाने समेत विभिन्न मांगों के लिए पंजाब-हरियाणा और उत्तर प्रदेश के किसानों ने राष्ट्रव्यापी विरोध-प्रदर्शन किया। सड़कों पर प्रदर्शनकारियों के आंदोलन के चलते आम लोगों को भी खासी परेशानियों का सामना करना पड़ा।

पंजाब-हरियाणा और उत्तर प्रदेश के किसान संगठनों के आंदोलन की वजह से आज सीमाओं पर अच्छा-खासा विरोध प्रदर्शन देखने को मिला। प्रदर्शनकारियों को रोकने के लिए सीमाओं पर बैरिकेडिंग की गई, लेकिन किसानों ने उन्हें भी तहस-नहस कर दिया। पुलिस और किसानों के बीच हुई इस झड़प में कई घायल हुए। किसान न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) की गारंटी को लेकर कानून बनाने समेत अपनी और कई मांगों को स्वीकार कराने के लिए विरोध प्रदर्शन का आह्वान किया था।



शंभू बॉर्डर पर भीड़ को काबू करने के लिए पुलिस ने छोड़े आंसू गैस के गोले।

हरियाणा के सात जिलों में 15 फरवरी रात 12 बजे तक इंटरनेट बंद करने का फैसला लिया गया है। ये फैसला किसानों के आंदोलन की उग्रता कम करने के लिए लिया गया है। हरियाणा पुलिस ने बताया है कि, प्रदर्शनकारियों ने शंभू बॉर्डर पर बैरिकेडिंग तोड़ने का प्रयास किया है। स्थिति को काबू में करने के लिए वाटर कैनन और आंसू गैस का इस्तेमाल किया गया। उग्र प्रदर्शन के चलते 15 जिलों में धारा 144 लागू की गई है।

### किसान आंदोलन के बीच सीजेआई ने लिया ट्रैफिक जाम का संज्ञान

सुप्रीम कोर्ट बार एसोसिएशन के अध्यक्ष अदिश अग्रवाल ने चीफ जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ को किसानों के कूच को लेकर चिट्ठी लिखी है। उन्होंने इस पत्र में दिल्ली घुसने की कोशिश करने वाले किसानों पर कार्रवाई की मांग की है। इस चिट्ठी का संज्ञान लेते हुए चीफ जस्टिस ने कहा कि वह यह सुनिश्चित करेंगे कि वकीलों को कोई दिक्कत न आए। दिल्ली-एनसीआर में बड़े पैमाने पर यातायात बाधित हुआ है। संज्ञान लेते हुए सीजेआई डीवाई चंद्रचूड़ ने मंगलवार को कहा कि अगर वकील यातायात में फंस जाते हैं तो उनके साथ सहयोग किया जाएगा। शीर्ष कोर्ट दिल्ली में घुसकर समस्या खड़ी करने और लोगों के आम जनजीवन को प्रभावित करने वाले किसानों पर स्वतः संज्ञान लेकर कार्रवाई करे।



मंगलवार को किसान आंदोलन की बजह से वाहनों का चक्का जाम हो गया, दिल्ली-एनसीआर में वाहन घंटों तक कतार में खड़े रहे। वहीं गाजीपुर बॉर्डर पर फंसे वाहन।

### क्या है न्यूनतम समर्थन मूल्य दर

न्यूनतम समर्थन मूल्य यानी एमएसपी किसानों को दी जाने वाले एक गारंटी की तरह होती है, जिसमें तय किया जाता है कि बाजार में किसानों की फसल किस दाम पर बिकेगी। दरअसल, फसल की बुआई के दौरान ही फसलों की कीमत तय कर दी जाती है और यह तय कीमत से कम में बाजारों में नहीं बिकती है। एमएसपी तय होने के बाद बाजार में फसलों की कीमत गिरने के बाद भी सरकार किसानों को तय कीमत पर ही फसलें खरीदती है। सरल शब्दों में कहें, तो एमएसपी का उद्देश्य फसल की कीमत में उतार-चढ़ाव के बीच किसानों को नुकसान से बचाना है।

## एक नजर

### अमेरिका: न्यूयॉर्क में गोलीबारी एक की मौत, पांच लोग घायल

**न्यूयॉर्क सिटी।** अमेरिका के न्यूयॉर्क में सोमवार को ब्रोंक्स के एक सबवे स्टेशन पर छह लोगों को गोली मार दी गई, जिसमें एक व्यक्ति की मौत हो गई और अन्य पांच घायल हो गए। पुलिस ने कहा कि ये घटना शाम करीब 4:38 बजे हुई। सबवे स्टेशन पर गोलीबारी करने के बाद हमलावर भी फरार हो गया है। पुलिस ने कहा कि करीब 30 साल के एक व्यक्ति की फायरिंग में मौत हो गई है। स्थानीय मीडिया ने पुलिस सूत्रों का हवाला देते हुए बताया कि गोलीबारी में घायल हुए पांच लोगों को गंभीर रूप से चोटें आई हैं। न्यूयॉर्क पुलिस विभाग के एक प्रवक्ता ने बताया कि इस गोलीबारी की घटना में किसी की गिरफ्तारी नहीं हुई है। साथ ही उन्होंने यह भी स्पष्ट नहीं बताा है कि गोलीबारी में घायल हुए लोगों की हालत कैसी है।

### अमेरिका: दो भारतवंशियों पर वीजा धोखाधड़ी में लगाया अभियोग

**न्यूयॉर्क।** भारतीय मूल के दो युवकों पर फर्जी सशस्त्र डकैती करने और वीजा धोखाधड़ी की साजिश के लिए अभियोग लगाया गया है। रामभाई पटेल (36) और बलविंदर सिंह (39) पर धोखाधड़ी की साजिश रचने के आरोप है। रामभाई को पिछले साल दिसंबर में सिएटल में गिरफ्तार कर, मुकदमा लंबित रहने तक हिरासत में रखा गया था। बलविंदर सिंह को उसी समय यहां क्वींस में गिरफ्तार किया गया था और दिसंबर 2023 में प्रारंभिक उपस्थिति के बाद कुछ शर्तों पर रिहा कर दिया गया था।

### श्रीनगर: पंजाब के दो श्रमिकों की हत्या करने वाला आतंकी गिरफ्तार

**श्रीनगर।** पिछले सप्ताह पंजाब के दो मजदूरों की हत्या करने वाले आतंकवादी को गिरफ्तार कर लिया गया है। जम्मू-कश्मीर के अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक विजय कुमार ने बताया कि आतंकी के पास से एक पिस्तौल बरामद की गई है। उन्होंने कहा सात फरवरी को शहर के हब्बा कदल इलाके में पंजाब के दो मजदूरों पर गोलियां चलाने वाले आतंकवादी आदिल मंजूर लंगू को गिरफ्तार कर लिया गया है। कुमार ने कहा कि श्रीनगर में गिरफ्तार किए गए लंगू को सोशल मीडिया के जरिए पाकिस्तान के आतंकियों द्वारा आतंकवादी गतिविधियों के लिए प्रेरित किया गया था।

### ट्रंप ने चुनाव हस्तक्षेप केस स्थगित करने की कोर्ट से की मांग

**वाशिंगटन।** अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने उच्चतम न्यायालय से कहा है कि उन्हें 2020 के चुनाव में हार को पलटने की साजिश रचने संबंधी आरोप में अभियोजन से छूट प्राप्त है और इसलिए उन पर चल रहे चुनाव हस्तक्षेप मुकदमे को स्थगित किया जाना चाहिए। उनके वकीलों ने सोमवार को अदालत में एक आपातकालीन अपील दायर की। इससे चार दिन पहले न्यायाधीशों ने इस बार के राष्ट्रपति चुनाव से उन्हें बाहर करने के प्रयासों से संबंधित मुकदमे में सुनवाई की थी। ट्रंप के वकीलों को संघीय अदालतों में अपनी अपील को लेकर अभी तक कोई सफलता नहीं मिली है।

राष्ट्रपति चुनावः विपक्ष के बाद अपने ही पार्टी के निशाने पर अमेरिकी राष्ट्रपति

# बाइडन की उम्र पार्टी के लिए चिंता का मुद्दा

वाशिंगटन, एजेंसी

अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन दोबारा राष्ट्रपति पद के लिए कमर कस चुके हैं, लेकिन बढ़ती उम्र का मुद्दा उनका पीछा नहीं छोड़ रहा है। अब अमेरिका की पूर्व विदेश मंत्री और पूर्व राष्ट्रपति बिल क्लिंटन की पत्नी हिलेरी क्लिंटन ने एक साक्षात्कार में कहा है कि राष्ट्रपति बाइडन की उम्र डेमोक्रेटिक पार्टी के लिए चिंता का मुद्दा है।



हिलेरी ने कहा है कि बाइडन भी इस मामले की गंभीरता को समझते हैं। सारा विवाद गोपनीय दस्तावेज से जुड़े केस में स्पेशल काउंसिल रॉबर्ट हर की रिपोर्ट से शुरू हुआ है। इस रिपोर्ट में दावा किया गया कि बाइडन इतने बुजुर्ग हो गए हैं कि उन्हें ओबामा सरकार में 2015 में बेटे ब्यू की कैंसर से मौत की तारीख तक याद नहीं। इस रिपोर्ट पर बाइडन ने कहा कि मेरी याद्दाश्त सही है। लेकिन, कुछ मिनट बाद बाइडन ने मिस्र के राष्ट्रपति अब्देल फतह अल-सिसी को मैक्सिको का राष्ट्रपति कह दिया।

### बाइडन-ट्रंप में कौन लोकप्रिय



**42 फीसदी** बाइडन (81)
18 अगस्त को शिकागो में डेमोक्रेटिक कंवेंशन, जो बाइडन औपचारिक रूप से डेमोकेट प्रत्याशी घोषित होंगे।



**45 फीसदी** ट्रंप (77)
15 जुलाई को मिलवाकी में रिपब्लिकन कंवेंशन होगा, जिसमें औपचारिक रूप से राष्ट्रपति और उपराष्ट्रपति प्रत्याशी चुना जाएगा।

**बाइडन को दी जा सकती है चुनौती**
नए उम्मीदवार को अगस्त में होने वाले शिकागो के डेमोक्रेटिक सम्मेलन (डीएनसी) में 3936 डेलीगेट्स में से 1969 का समर्थन पाना होगा।

**बाइडन खुद हटें तो होगी बैठक**
डीएनसी को आपात बैठक बुलानी होगी, इसमें 500 डेमोक्रेटिक डेलीगेट्स राष्ट्रपति पद के नए उम्मीदवार के बारे में बहुमत से फैसला करेंगे।

**चिंताः 73% डेमोक्रेट समर्थक भी मानते हैं बाइडन की उम्र ज्यादा**
बाइडन की उम्र से डेमोक्रेटिक पार्टी के लिए चिंता का विषय है क्योंकि अमेरिकी मतदाता मानते हैं कि राष्ट्रपति पद के लिए बाइडन मानसिक रूप से फिट नहीं है। हाल ही में एबीसी/इप्सोस के एक सर्वे में सामने आया है कि 86 फीसदी अमेरिकी मतदाता मानते हैं कि राष्ट्रपति पद के दूसरे कार्यकाल के लिए बाइडन की उम्र काफी ज्यादा है। वहीं, 73 फीसदी डेमोक्रेट मतदाता भी बाइडन को बुजुर्ग मानते हैं। काउंसिल की रिपोर्ट के बाद बाइडन के डिमेंशिया टेस्ट की मांग भी जोर पकड़ रही है।

**उपलब्धिः अर्थव्यवस्था-रोजगार के मुद्दे पर बाइडन का पलड़ा भारी**
एक रिपोर्ट में कहा गया है कि बाइडन की सबसे बड़ी उपलब्धि यह है कि उन्होंने अमेरिकी अर्थव्यवस्था को तब गर्त से बाहर निकाला, जब दुनिया दो बड़े युद्धों का सामना कर रही थी। रूस-यूक्रेन और इजराइल हमास युद्ध के बावजूद बाइडन के दौर में अमेरिकी अर्थव्यवस्था में वेतन बढ़ता और बेरोजगारी कम होते देखी है। बाइडन ने पिछले महीने 3.53 लाख नई नौकरियां जोड़ीं। लाखों छात्रों को शिक्षा लोन के बोझ से मुक्त कराया है।

## नेशनल कॉन्फ्रेंस के अध्यक्ष फारूक नहीं पहुंचे ईडी कार्यालय

**श्रीनगर।** जम्मू कश्मीर के पूर्व सीएम और नेशनल कॉन्फ्रेंस प्रमुख फारूक अब्दुल्ला आज श्रीनगर में ईडी कार्यालय में पूछताछ के लिए नहीं पहुंचे। उन्होंने कहा कि श्रीनगर पहुंचने के बाद ही ईडी कार्यालय में जाऊंगा।



उन्होंने कहा मेरे पास छिपाने के लिए कुछ भी नहीं है मैंने कोई गलत कार्य नहीं किया है। फारूक अब्दुल्ला ने कहा कि इससे पहले ईडी मुझे पहले भी दो बार पूछताछ कर चुकी है। ईडी इस मामले में फारूक से पहले भी तीन बार बुला चुकी है। वह सिर्फ 11 जनवरी 2024 को ईडी के बुलाने पर नहीं गए थे। उससे पहले उन्हें जब भी बुलाया गया, वह पूछताछ के लिए पहुंचे हैं। शुरू में इस मामले की जांच जम्मू कश्मीर पुलिस की अपराध शाखा ने की, इसके बाद में जांच का जिम्मा सीबीआई को सौंपा गया। सीबीआई ने अपनी जांच में घोटाले की पुष्टी करते हुए 11 जुलाई 2018 को अदालत में आरोपपत्र दायर किया था।

# बिलावल पीएम पद की रेस से बाहर, नवाज का समर्थन करेंगे

इस्लामाबाद, एजेंसी

पाकिस्तान में चुनावी नतीजे आने के बाद सरकार बनाने के लिए बैठकों का दौर जारी है। बिलावल भुट्टो जरदारी मंगलवार को प्रधानमंत्री पद की दौड़ से हट गए और कहा कि उनकी पार्टी सरकार का हिस्सा बने बिना प्रधानमंत्री पद के लिए पाकिस्तान मुस्लिम लीग-नवाज (पीएमएल-एन) के उम्मीदवार का समर्थन करेगी।

बिलावल का फैसला पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ द्वारा मंगलवार को यह दोहराए जाने के कुछ घंटों बाद आया कि पीएमएल-एन के प्रमुख नवाज शरीफ रिकॉर्ड चौथी बार प्रधानमंत्री बनेंगे। बिलावल ने अपनी अध्यक्षता में हुई पीपीपी की उच्चाधिकार प्राप्त केंद्रीय कार्यकारी समिति की बैठक के बाद कहा कि उनकी पार्टी केंद्र में सरकार बनाने के लिए जनादेश प्राप्त करने में विफल रही। पीपीपी के नेता फैसल करीम ने धमकी दी कि अगर बिलावल को पीएम नहीं बनाया गया तो पीपीपी विपक्ष में बैठने को तैयार है।

### पीटीआई ने भी ठोकी सत्ता पर दावेदारी

इमरान की पार्टी पीटीआई ने भी सरकार बनाने की कोशिशें तेज कर दी हैं। पार्टी ने कई विशेष समीतियों का गठन किया है, जो केंद्र में, पंजाब और खैबर पख्तूनख्वा राज्य में पीटीआई की सरकार बनाने की रणनीति बनाएंगी। चुनाव नतीजों के बाद पीटीआई की कोर कमेटी की बैठक हुई, जिसमें सरकार और संसदीय पदों पर लोगों की नामांकन प्रक्रिया को जल्द पूरा करने पर सहमति बनी। पाकिस्तान आम चुनाव में पीटीआई समर्थित 101 निर्दलीय उम्मीदवार जीते हैं और पीटीआई सबसे बड़ी पार्टी बनकर उभरी है।

### पीटीआई नेता को पुलिस के सामने मारी गोली, मौत

इमरान की पार्टी के नेता की गोली मारकर हत्या कर दी गई है। मीडिया के अनुसार, पीटीआई के पूर्व संसदीय मामलों के सदस्य चौधरी मुहम्मद अदनान को अज्ञात हमलावरों ने गोली मारी है। पीटीआई नेता ने रावलपिंडी के निर्वाचन क्षेत्रों से निर्दलीय उम्मीदवार के रूप में चुनाव लड़ा था।

## चुनाव आयोग के फैसले को शरद पवार ने दी चुनौती, शीर्ष कोर्ट में दायर की याचिका

**मुंबई।** शरद पवार गुट ने चुनाव आयोग के आदेश को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी। दरअसल, शरद पवार गुट ने भारत के चुनाव आयोग के उस फैसले को चुनौती देते हुए सुप्रीम कोर्ट का रुख किया, जिसमें अजीत पवार समूह को आधिकारिक तौर पर राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (एनसीपी) के रूप में मान्यता दी गई थी।



यह याचिका शरद पवार ने वकील अभिषेक जेबराज के माध्यम से सोमवार शाम को दायर की थी। उनसे पहले, अजीत पवार गुट ने वकील अभिकल्प प्रताप सिंह के माध्यम से एक कैविएट दायर की थी, ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि अगर शरद पवार समूह शीर्ष अदालत में जाता है, तो उसके पक्ष में कोई एकतरफा आदेश पारित न किया जाए। 6 फरवरी को चुनाव आयोग ने घोषणा की कि अजित पवार गुट ही असली एनसीपी है, जिससे पार्टी संस्थापक शरद पवार को बड़ा झटका लगा।

# न्यूयॉर्क में एमटीए बोर्ड में भारतवंशी मीरा जोशी नामित

न्यूयॉर्क, एजेंसी

- **मीरा बोलीं, सार्वजनिक परिवहन प्रणाली न्यूयॉर्क की रीढ़, सभी का आभार, जल्द संभालेंगी पद**

न्यूयॉर्क के मेयर एरिक एडम्स ने भारतवंशी मीरा जोशी को मेट्रोपोलिटन ट्रांसपोर्टेशन अथॉरिटी (एमटीए) बोर्ड के लिए नामित किया है। जोशी डिप्टी मेयर (ऑपरेशन) हैं। न्यूयार्क शहर के बुनियादी ढांचे, सार्वजनिक क्षेत्र और जलवायु पोर्टफोलियो की देखरेख करने वाली डिप्टी मेयर जोशी को आठ फरवरी को एनवाइसी विभाग के सिटी प्लानिंग निदेशक और सिटी प्लानिंग कमीशन के अध्यक्ष डैन गारोडनिक के साथ नामित किया गया है।

इसकी जानकारी देते हुए एक आधिकारिक नोट जारी किया गया है। आधिकारिक नोट में कहा गया है कि एडम्स ने बोर्ड में सार्वजनिक परिवहन के लंबे समय से समर्थक रहे दोनों अधिकारियों को नामित कर न्यूयॉर्क वासियों को सुरक्षित, विश्वसनीय और सुलभ सार्वजनिक परिवहन प्रणाली प्रदान करने की प्रतिबद्धता प्रदर्शित की है। एडम्स ने कहा कि नामित दोनों शख्स एमटीए के भविष्य को सुरक्षित बनाने के लिए उचित हैं। बोर्ड के लिए नामांकन के बाद डिप्टी मेयर मीरा जोशी ने कहा कि सार्वजनिक परिवहन प्रणाली न्यूयॉर्क की रीढ़ है।

न्यूयॉर्क के कार्यों को सुगमता के साथ संचालित करने में कोई भी चीज ऐसी नहीं है जो सार्वजनिक परिवहन प्रणाली से अधिक प्रभावित कर सकती है। उन्होंने इसके लिए सभी का आभार जताते हुए धन्यवाद किया। वह न्यूयॉर्क सिटी सिविलियन कंप्लेंट रिव्यू बोर्ड की पहली उप कार्यकारी निदेशक थीं, जिन्होंने पुलिस कदाचार के नागरिक आरोपों की जांच का नेतृत्व किया।

### मूर्तियों को संवारने में मग्न मूर्तिकार ...



**गुवाहाटी :** बसंत पंचमी आज है। बुधवार को मां सरस्वती की प्रतिमा स्थापित की जाएगी। ऐसे में पूजा की तैयारी जोरों पर है। पूजा स्थल की साज-सज्जा की जा रही है। मूर्तिकार ऑर्डर के अनुरूप मूर्ति को अंतिम रूप देने में जुटे रहे। तैयार मूर्तियों को आयोजक ले जा रहे हैं। गुवाहाटी में मां सरस्वती की कई फीट ऊंची मूर्तियां बनाईं गई, अंतिम रूप देने के बाद संवारने में मग्न मूर्तिकार। ● एजेंसी

## कोर्ट ने हत्या मामले में विपक्षी विधायक को उम्रकैद की सजा सुनाई

**आरा (बिहार)।** महागठबंधन के एक विधायक को कोर्ट ने उम्रकैद की सजा सुनाई है। भोजपुर के अगिआंव विधायक से माले विधायक मनोज मंजिल को हत्या में मामले में सजा सुनाई गई है।



आरा सिविल कोर्ट इस मामले में सुनवाई कर रही थी। मंगलवार को एडीजे तीन की अदालत ने मनोज मंजिल को उम्रकैद की सजा सुनाई। साथ ही अर्थ दंड भी लगाया। दरअसल, 2015 विधानसभा चुनाव के समय जेपी सिंह नाम के व्यक्ति की हुई थी। इसका आरोप मनोज मंजिल पर लगा था। मंगलवार को तरारी से माले विधायक सुदामा प्रसाद भी आरोपी विधायक से मिलने पहुंचे।

## कनाडा में आतंकी पन्नू के करीबी के घर पर फायरिंग, जांच जारी

**टोरंटो।** कनाडा के ओंटारियो प्रांत में खालिस्तानी आतंकी गुरपतवंत सिंह पन्नू के करीबी के घर पर फायरिंग की घटना सामने आई है। द गार्जियन के अनुसार, ब्रैम्पटन में आतंकी के करीबी इंद्रजीत सिंह गोसल के घर की खिड़की पर गोली का छेद मिला है। हालांकि, किसी के घायल होने की सूचना नहीं है।

पुलिस ने इससे इनकार नहीं किया है कि घर पर और कई राउंड फायरिंग हुई हों। इंद्रजीत सिंह ने हाल ही में घोषणा की थी कि टोरंटो स्थित भारतीय वाणिज्य दूतावास के बाहर वह 17 फरवरी को खालिस्तान समर्थक रैली निकालेगा। एक रिपोर्ट के अनुसार, उसने पन्नू के साथ कार्य किया है। गौरतलब है कि यह घटना आतंकी हरदीप सिंह निज्जर के करीबी के घर पर की गई फायरिंग के कुछ दिन बाद सामने आई है।

**विज्ञान** इंग्लैंड के सेंट्रल लंकाशायर विवि के वैज्ञानिकों ने की खोज, ग्रहों के गोल आकार की अवधारणा बदली

# पहली बार हुई चपटे आकार के एक्सोप्लैनेट ग्रह की खोज

नैनीताल कार्यालय

**अमृत विचार :** माना जाता रहा है कि ब्रह्मांड में तारों की परिक्रमा करते ग्रहों का आकार गोल होता है। मगर हाल में खोजे गए एक बाहरी ग्रह (एक्सोप्लैनेट) ने इस अवधारणा पर विराम लगा दिया है। इंग्लैंड में सेंट्रल लंकाशायर विश्वविद्यालय (यूसीएलएन) के वैज्ञानिकों की एक टीम ने यह खोज की है।

उन्होंने दूर अंतरिक्ष में एक ग्रह को युवा तारे की परिक्रमा करते हुए देखा। मगर उसका आकार गोलाकार के विपरीत चपटा था। जिसे देखकर वैज्ञानिक हैरान हो गए और इसकी वास्तविकता को जानने के लिये अध्ययन क्षेत्र का विस्तार करना पड़ा। अंत में कंप्यूटर सिमुलेशन का उपयोग करना। इस अध्ययन में चपटी आकृतियाँ सामने आई।



पहली बार खोजा गया चपटा ग्रह।

वैज्ञानिकों का यह दल लंबे समय से बाहरी ग्रहों की खोज कर रहे हैं, लेकिन पहले कभी सिमुलेशन के जरिए ग्रहों के आकार की जांच करने की जरूरत नही पड़ी। मगर इस खोज में पहली बार इसका सहारा लेना पड़ा।

खोजकर्ता टीम के वैज्ञानिक दिमित्रिस स्टैमाटेलोस का कहना है कि हम बहुत आश्चर्यचकित थे कि जिसे हम गोलाकार समझ रहे थे, वह चपटा निकला। वैज्ञानिक इस ग्रह को स्मार्टीज़ चॉकलेट नाम से पुकार रहे हैं। सर्वविदित है कि नेस्ले कंपनी चौकलेट बनाती है। जिसका आकार चपटा होता है। यह खोज एस्ट्रोनॉमी एंड एस्ट्रोफिजिक्स लेटर्स जर्नल में प्रकाशित होने जा रही है।

### ग्रहों के निर्माण की जानकारी देगा ग्रह

इस बाहरी ग्रह का आकार भविष्य चपटा रहेगा या गोलाकार में परिवर्तित होगा, इस बारे में अभी निश्चित कुछ नही कहा जा सकता। बहरहाल खगोलविद इस ग्रह पर निरंतर नजर रखेंगे और इ सका अध्ययन जारी रखेंगे। इससे कई जानकारियां मिल सकती हैं। जिनमें सबसे बड़ी जानकारी ग्रहों के निर्माण व विकास से जुड़ी होगी।

## अमेरिका में उड़ान के बीच गिरा विमान का दरवाजा, आपात लैंडिंग

**चीकटोवागा।** अमेरिका में उड़ान भरने के कुछ ही समय बाद एक छोटे विमान का पिछला दरवाजा गिर गया। इस दौरान विमान एयरपोर्ट से दक्षिण में कुछ दूरी पर चीकटोवागा के ऊपर उड़ान भर रहा था, जिसके बाद इसकी आपात लैंडिंग करानी पड़ी।

मीडिया के मुताबिक, विमान में दो लोग सवार थे। विमान को बफेलो नियाग्रा अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर सुरक्षित उतारा गया। इस घटना में संपत्ति के नुकसान या किसी के घायल होने की सूचना नहीं है। विमान के दरवाजे की तलाश की गई, लेकिन उसका पता नहीं चल पाया है। इससे पहले भी इस तरह का एक मामला सामने आ चुका है। अलास्का एयरलाइंस की एक फ्लाइट की खिड़की उड़ान के दौरान 16 हजार फीट की ऊंचाई पर अचानक निकल गई थी।

# इजराइल को हथियारों की आपूर्ती रोके अमेरिका : यूरोपीय संघ

वाशिंगटन, एजेंसी

राफा शहर पर हमले के बाद इजराइल पर दुनियाभर से दबाव पड़ना शुरू हो गया है। यूरोपीय संघ की विदेश नीति के प्रमुख जोसेप बोरेल ने मांग की है कि इजराइल के सहयोगी खासकर अमेरिका, इजराइल को हथियारों की आपूर्ती करना बंद करे। बोरेल ने कहा कि गाजा में बड़ी संख्या में लोग मारे जा रहे हैं।

बीते हफ्ते ही अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन ने कहा था कि इजराइल की सैन्य कार्रवाई चरम पर पहुंच चुकी है। बोरेल ने बाइडन के उस बयान का हवाला देते हुए कहा कि अगर आपको लगता है कि लोग मारे जा रहे हैं तो आपको कम मात्रा में हथियार देने चाहिए ताकि कई लोगों को मरने से बचाया जा सके। ब्रुसेल्स में मीडिया से बात करते हुए बोरेल ने कहा कि अमेरिका का युद्ध पर चिंता जताना और इस्राइल को हथियारों की आपूर्ती जारी रखना सही नहीं है। बोरेल ने कहा कि 'कितनी बार प्रमुख देशों के नेताओं और विदेश मंत्रियों ने लोगों के मारे जाने पर चिंता जतायी है। अगर अंतर्राष्ट्रीय समुदाय को लगता है कि नरसंहार हो रहा है और लोग मारे जा रहे हैं तो हमें शायद हथियारों के बारे में सोचने की जरूरत है।

### युद्धविराम का समर्थन के लिए तैयारः क्रेमलिन

**मॉस्को।** क्रेमलिन ने मंगलवार को कहा कि वह इजराइली बंधकों की रिहाई और गाजा में युद्धविराम के लिए किसी भी कार्रवाई का समर्थन करने के लिए तैयार है। क्रेमलिन के प्रवक्ता दिमित्री पेसकोव ने कहा, हमारा मानना है कि कार्रवाई रचनात्मक होनी चाहिए, जिसका उद्देश्य अंतर्राष्ट्रीय कानून और पहले से अपनाई गई सुरक्षा के ढांचे के भीतर समस्या का व्यापक समाधान करना हो। पेसकोव इजराइल और हमास के साथ अमेरिकी वार्ता पर टिप्पणी कर रहे थे।